आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 151, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया 14
वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा 13

पढ़ते रहिए...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव प.बंगाल में मिला

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड़्याल का शव पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी के निकट एक नहर से बरामद हुआ है। वह नौ दिन से लापता थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि पौड़्याल (80) का शव मंगलवार को फुलबाड़ी में तीस्ता नहर में पाया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि शव तीस्ता नदी से बहकर आया है। शव की पहचान घड़ी और कपड़ों से की गई। पूर्व मंत्री सात जुलाई को पाकयोंग जिले के छोटा सिंगतम से लापता हो गए थे।

### रखरखाव को डेढ़ साल बंद रहेगा तेजपुर हवाई अड्डा

**तेजपुर।** असम के तेजपुर हवाई अड्डे पर रखरखाव कार्यों के लिए अक्टूबर से डेढ़ साल के लिए उड़ान सेवाएं बंद रहेंगी। तेजपुर हवाई अड्डे के निदेशक जी शिवा कुमार ने कहा कि यात्री उड़ानें एक अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2026 तक बंद रहेंगी। ऐसा टर्मिनल पर सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हवाई पट्टी के पुनर्निर्माण व अन्य परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट के वकील ने की आत्महत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की एक सोसायटी में रहने वाले सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने कथित तौर पर मानसिक तनाव की वजह से अपने घर में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित लोटस सोसायटी में हुई। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सत्येंद्र पुत्र गंगाधर राय ने मंगलवार रात अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### केजरीवाल की जमानत पर 29 को निर्णय

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उन याचिकाओं पर बुधवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिनमें आबकारी नीति मामले में सीबीआई द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है और अंतरिम जमानत का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

### गौरी लंकेश हत्या मामले में तीन को जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति एस. विश्वजीत शेट्टी ने अमित दिगवेकर, एचएल सुरेश और केटी नवीन कुमार को जमानत दे दी। मुकदमे की सुनवाई में देरी का हवाला देते हुए तीनों ने जमानत देने का अनुरोध किया था। पिछले साल दिसंबर में अदालत ने एक अन्य आरोपी एन. मोहन नायक को जमानत दे दी थी। गौरी लंकेश की सितंबर 2017 को बेंगलुरु में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

**पॉलीटेक्निक संस्थानों से चयनित 212 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने दिए नियुक्ति पत्र, औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता के हिसाब से नये कोर्स चलाए जा रहे : उनियाल**

# युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार दिलाने को सरकार प्रयासरत : मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों से चयनित 212 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पॉलीटेक्निक संस्थानों के अंतिम वर्ष के इन छात्र-छात्राओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली है। इस वर्ष अभी तक पॉलीटेक्निक संस्थानों से 65 प्रतिशत युवाओं को रोजगार मिल चुका है।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में बुधवार को चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र युवाओं के सपनों की पहली सीढ़ी है। यह परिश्रम और लगन से किए कार्य का सम्मान भी है। हर छात्र पूर्ण मनोयोग निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार के उचित अवसर मिलें। राज्य के अंदर निजी क्षेत्र भी रोजगार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। देवभूमि उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, राज्य सरकार इन प्रतिभाओं को राज्य में सही दिशा और उचित अवसर देने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में टेक्नोलॉजी, रोजगार, कौशल विकास के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देश में हर क्षेत्र में नौजवानों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 3 सालों में राज्य सरकार ने सरकारी विभागों में 15000 से भी ज्यादा युवाओं को नियुक्तियां दी हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापरक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। युवाओं को सीधे रोजगार मिले इसके लिए औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता के हिसाब से नये कोर्स चलाए जा रहे हैं। राज्य के पॉलिटेक्निक संस्थानों में फाइनल वर्ष के 3500 बच्चों में से 2303 बच्चों को रोजगार से जोड़ दिया गया है।



देहरादून में नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल

# सबका साथ, सबका विकास की अब जरूरत नहीं, बंद करो मोर्चा

## शुभेंदु बोले- हम उनके साथ जो हमारे साथ, अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने हालिया लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए अल्पसंख्यक समुदाय से कम समर्थन मिलने को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की जरूरत नहीं है। इसके बजाय उन्होंने हम उनके साथ जो हमारे साथ का प्रस्ताव दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तारित सत्र को संबोधित करते हुए अधिकारी ने यह भी कहा कि पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का पूरा समर्थन करते हैं।

अधिकारी ने कहा कि मैंने राष्ट्रवादी मुस्लिमों की भी बात की है। हम सभी 'सबका साथ, सबका विकास' की बात किया करते हैं, लेकिन आगे से अब मैं यह नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि इसके बजाय यह 'हम उनके साथ जो हमारे साथ' होना चाहिए... अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। साल 2014 में भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया था और 2019 में एक कदम आगे बढ़ते हुए इसे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं को शांत करने के बहाने तलाश रही है।



- विवाद बढ़ने पर कहा-उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया

### अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के विभाजन में यकीन नहीं

अपनी टिप्पणियों से विवाद उत्पन्न हो जाने पर अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक आधार पर लोगों के बीच विभाजन करने में यकीन नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जो लोग राष्ट्रवादी हैं, वे इस देश और पश्चिम बंगाल के लिए खड़े हैं, हमें उनके साथ होना चाहिए। जो लोग हमारे साथ नहीं खड़े हैं, जो देश और पश्चिम बंगाल के हित के खिलाफ काम करते हैं, हमें उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि उनकी टिप्पणियां किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।

### तृणमूल कांग्रेस के चलते पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं

अधिकारी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस के जिहादी गुंडों ने हिंदुओं को वोट नहीं डालने दिया। अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। तृणमूल के जिहादी गुंडे ऐसा नहीं होने देंगे। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव राज्य में अशांत क्षेत्र अधिनियम लागू कर ही संभव है। हम राष्ट्रपति शासन लागू कर पिछले दरवाजे से राज्य में सत्ता हथियाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि लोगों के जनादेश से चुनाव जीतने पर ही हम सत्ता में आएंगे। लेकिन उसके लिए, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना होगा।

# सोने की चोरी के आरोपों पर शंकराचार्य के समर्थक और मंदिर समिति आमने-सामने

रूद्रप्रयाग, एजेंसी

केदारनाथ मंदिर से सोने की कथित चोरी के आरोपों पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति प्रबंधन और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थक आमने-सामने आ गए हैं। समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने चोरी के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए आरोप लगाने वालों से मामले की जांच की मांग का अनुरोध किया।

अजय ने आरोपों को षड्यंत्र बताते हुए स्पष्ट किया कि दानदाता ने केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णजड़ित करने की इच्छा प्रकट की थी। मंदिर समिति की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव का परीक्षण कर उन्हें इसकी अनुमति दी गई। समिति अधिनियम-1939 में तय प्रावधानों के अनुरूप ही दानदाता से दान लिया गया और विधिवत प्रदेश शासन से अनुमति ली गई। समिति अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण विभाग की देखरेख में गर्भगृह को स्वर्ण मंडित कराने का कार्य दानदाता ने स्वयं किया और उन्होंने ही अपने स्तर से स्वर्णकार से तांबे की प्लेटें तैयार करवाईं और फिर उन पर सोने की परतें चढ़ाई गईं। उन्होंने कहा कि सोना खरीदने से लेकर दीवारों पर जड़ने तक का सम्पूर्ण कार्य दानी ने किया। कार्य के बाद दानदाता ने सभी बिल समिति को दिए थे, जिसके बाद नियमानुसार इसे स्टॉक बुक में दर्ज किया गया। अजय ने कहा कि उक्त दानदाता ने 2005 में श्री बदरीनाथ मंदिर के गर्भगृह को भी स्वर्ण जड़ित किया था लेकिन अब एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत विद्वेषपूर्ण आरोप लगाये जा रहे हैं।

ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के केदारनाथ मंदिर में हुई सोने की चोरी की जांच कराने की मांग के समर्थन में केदारनाथ के तीर्थ पुरोहित भी आ गए हैं। तीर्थ पुरोहितों ने वीडियो संदेश जारी कर जांच की मांग की। विरोध के बावजूद मंदिर समिति प्रशासन की ओर से पहले चांदी और उसके बाद सोने की परत लगाई गई। केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने आरोप लगाया कि गर्भगृह से सोने की 528 प्लेटों के साथ ही चांदी की 230 प्लेटें भी गायब हैं। उन्होंने मंदिर समिति से सवाल किया कि आखिर 230 किलो सोना कहां गया। उन्होंने पूर्व में लगी चांदी के बारे में भी समिति से जवाब मांगा है। बगवाड़ी ने कहा कि तीर्थ पुरोहित शुरू से उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश से इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं लेकिन राज्य सरकार उसे अनसुना करती रही है। उत्तराखंड चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी ने कहा कि गर्भगृह में लगाए गए सोने की गुणवत्ता को लेकर भी उन्हें संदेह है और उनका सवाल यह है कि मंदिर में लगा सोना तांबे में कैसे बदल गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व में गढ़वाल आयुक्त की अध्यक्षता में जांच समिति बनाने की बात कही थी लेकिन उसकी रिपोर्ट के बारे में अब तक पता नहीं चल पाया है।



- केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह से सोने की 528 प्लेटों के साथ ही चांदी की 230 प्लेटों के गायब होने का आरोप

# वन भूमि की खरीद फरोख्त की होगी एसआईटी जांच

संवाददाता, रामनगर

- रामनगर में स्टांप के जरिये खरीदी-बेची जा रही वन भूमि

**अमृत विचार:** अपर कोसी आरक्षित वन क्षेत्र में सरकारी भूमि की खरीद फरोख्त किए जाने, कब्जा किए जाने की शिकायतों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खासी गंभीरता से लिया है। सीएम ने ऐसे मामलों की एसआईटी जांच करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद से सरकारी जमीनों को स्टांप के जरिये खुर्द-बुर्द करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं इस गोरखधंधे में लापरवाही बरतने की गाज वन कर्मियों पर भी गिर सकती है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर वन प्रभाग क्षेत्रांतर्गत अपर कोसी आरक्षित वन क्षेत्र में कतिपय व्यक्तियों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है। इस कब्जे वाली जमीन को स्टांप पेपरों के जरिये खरीदा-बेचा जा रहा है। विभिन्न माध्यमों से सरकारी भूमि पर कब्जा व खरीद-फरोख्त की शिकायतों की जिलाधिकारी से जांच करने के निर्देश दिए गए थे।

जिलाधिकारी ने एसडीएम रामनगर से प्रारंभिक जांच करवाई। एसडीएम की रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी ने शासन को आख्या उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य में फेरी-ठेली वालों को जारी होंगे पहचान पत्र

**देहरादून अमृत विचार :** राज्य में फेरी-ठेली वालों को शीघ्र ही पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। शहरी विकास निदेशालय की ओर से राज्य के समस्त नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों को फेरी एवं ठेली वालों का विवरण जुटाने व पहचान पत्र जारी करने को पत्र लिखा गया है। साथ ही पहचान पत्र अनिवार्य रूप से ठेली/फड़ पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

शहरी विकास निदेशक नितिन सिंह भदौरिया की ओर से समस्त नगर निकायों के नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारियों को पत्र जारी कर अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्र में कार्यरत फेरी व्यवसायियों की फेरी/ठेली में पहचान प्रदर्शित करने हेतु विवरण जुटाएं। पहचान पत्र में फेरी व्यवसायी का कोड, नाम, पता, फोटो अंकित होना चाहिए। साथ ही परिवार के किसी भी नाम निर्देशिता का नाम, श्रेणी (स्थिर या चल) के अतिरिक्त फेरी क्षेत्र जहां परिचय पत्र स्वामी को स्थिर या चल फेरी का विवरण भी मांगा जाए। फेरी-ठेली वालों को पहचान पत्र अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना होगा।

# देहरादून की राघवी का भारतीय क्रिकेट महिला टीम में चयन

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रिकेट महिला टीम की खिलाड़ी राघवी बिष्ट का चयन भारतीय क्रिकेट महिला टीम-ए के लिए हुआ है। श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन की वजह से कई साल से राघवी चर्चाओं में हैं।



नेहरू कॉलोनी निवासी राघवी बिष्ट का चयन भारतीय क्रिकेट महिला टीम-ए के लिए हुआ है। राघवी सात अगस्त से ऑस्ट्रेलिया टीम के साथ टी-20 के साथ वनडे मुकाबले में हिस्सा लेंगी। उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ मोहित डोभाल का कहना है कि उत्तराखंड की क्रिकेट टीम में लंबे समय से खेल रही राघवी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि वह अपने अच्छे खेल प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन करेंगी। राघवी ने कई घरेलू और राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेले हैं, जिनमें उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। बेहतर प्रदर्शन के चलते उन्हें भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चुना गया है। राघवी सलामी बल्लेबाजी और ऑफ स्पिनर गेंदबाजी करती हैं।

# डोडा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के देसा वन क्षेत्र में मंगलवार की रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने कल रात सुरक्षा बलों के तलाश अभियान दल पर गोलीबारी की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) ने देसा वन क्षेत्र में चल रहे आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान कलान भाटा क्षेत्र के गांव के बाहर और पंचन भाटा के पास एक संदिग्ध गतिविधि को देखने पर गोलीबारी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना के सुयंक्त बल ने शहर के बाहरी इलाके नगरोटा इलाके में भी तलाश अभियान शुरू किया है। इससे पहले डोडा में सोमवार की रात आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे।



- तलाशी अभियान के दौरान देसा वन क्षेत्र में मुठभेड़

# कन्नड़ भाषियों को सौ प्रतिशत आरक्षण देने से पलटे सिद्धरमैया

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को निजी क्षेत्र की नौकरियों में कन्नड़ भाषियों को शत-प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपनी पोस्ट को हटा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर एक अन्य पोस्ट कर बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संस्थानों के प्रशासनिक पदों में 50 प्रतिशत और गैर प्रशासनिक पदों में 75 प्रतिशत आरक्षण कन्नड़ भाषियों को देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिद्धरमैया ने कहा कि हमारी सरकार की इच्छा है कि कन्नड भाषियों को अपनी मातृभूमि में सुगम जीवन जीने का अवसर दिया जाए। हम कन्नड हितैषी सरकार हैं। हमारी प्राथमिकता कन्नड भाषियों का कल्याण है।



- सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपनी पोस्ट हटाई
- निजी क्षेत्र में सौ प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही थी

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा था कि मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में राज्य के सभी निजी उद्योगों में 'सी' और 'डी' श्रेणी की नौकरियों को शत प्रतिशत कन्नड भाषियों के लिए आरक्षित करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। सिद्धरमैया के करीबी सूत्रों ने बताया कि संभवतः उन्होंने अपने संदेश में सुधार किया है। प्रस्तावित विधेयक में कभी शत-प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसलिए, उन्होंने पूर्व के संदेश को हटा दिया और नए संदेश में गलती सुधारी।

# महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर 12 नक्सली मार गिराए

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से सटे इलाके में पुलिस और कमांडो की नक्सलियों के साथ बुधवार को हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं।

- छह घंटे तक चली मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल

गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि दोपहर सी60 कमांडो और नक्सलियों के बीच वंडोली गांव में भारी गोलीबारी हुई और यह मुठभेड़ करीब छह घंटे तक चली। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने 12 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान 'डिवीजनल कमेटी मेंबर' (डीवीसीएम) लक्ष्मण अतराम उर्फ विशाल अतराम के तौर पर की गई है जो तिपगाड दलाम का प्रभारी था। महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस सफलता के लिए सी60 कमांडो टीम और गढ़चिरौली पुलिस को 51 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# उप्र मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में बदलाव संभव


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा व पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद की चर्चा के बीच संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश के मंत्रिमंडल व भाजपा संगठन में बदलाव हो सकता है। इस बीच, बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोबारा मुलाकात की। प्रदेश के नेताओं के पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनसे राजनीतिक रूप से राज्य में पार्टी के संगठनात्मक मामलों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस सिलसिले में चौधरी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई। मालूम हो कि प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के घटनाक्रम की चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बीते दिन जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के अगले ही दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को फिर पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की। चर्चा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश के राजनीतिक हालात व पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के बाद मौर्य ने 'संगठन सरकार से बड़ा है' वाला बयान दोहराया। मौर्य के कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, कार्यकर्ताओं का दर्द उनका दर्द है। संगठन से बड़ा कोई नहीं, कार्यकर्ता ही गौरव हैं। लेकिन, कुछ देर बाद ही इस पोस्ट को हटा लिया गया।





- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

### नेतृत्व ने दी उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन की सलाह

पार्टी सूत्रों का कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोनों नेताओं को विधान सभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करने व पार्टी में अनुशासन बनाये रखने की सलाह दी है। नेताओं से कहा गया है कि अभी पार्टी नेतृत्व की शीर्ष प्राथमिकता में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव हैं। इसमें पार्टी को अच्छा प्रदर्शन करना ही है।

## एक नजर

### एरीज बैंड के समीप पेड़ काटे, फोटो वायरल

**नैनीताल :** नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर पेड़ काटने का मामला सामने आया है। बुधवार को सोशल मीडिया में एक व्यक्ति की ओर से फोटो डालते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। वन विभाग की टीम जांच में लग गई है। इधर वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में पेड़ काटने की जानकारी मिली है। टीम को क्षेत्र में भेज दिया गया है।

### बारिश से नुकसान

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा के ग्राम सभा गौनियारो में मंगलवार की रात तेज वर्षा होने से बादल फटने के बाद की जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय निवासियों के मुताबिक क्षेत्र के कई भवनों में मलबा भर गया। कई मकानों में दरारें आ गई हैं। कई हेक्टेयर उपजाऊ भूमि बहने की सूचना है। वहीं क्षेत्र का एक पुल टूटने से आवाजाही में असर पड़ा है। एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि खेतों में मलबा आ गया है।

### दुकान से चोरी

**नैनीताल :** मल्लीताल कोतवाली से करीब 100 मीटर की दूरी पर चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर दी। पवन साह ने तहरीर देकर कहा कि गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में उनकी स्पोर्टस की दुकान है। बुधवार सुबह वह दुकान पर पहुंचे तो देखा की शटर पर लगा ताला टूटा हुआ है। शटर खोलने के बाद भीतर गल्ले में रखी 20 हजार की नगदी गायब मिली। सामान बिखरा हुआ था जिसमें से तीन क्रिकेट बैट भी गायब मिले। कोतवाल ने बताया कि मुकादमा दर्ज कर लिया गया है।

# भीमताल का हरेला मेला क्षेत्र और संस्कृति की पहचान

## नैनीताल की विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने किया मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन, भीड़ कम होने से दुकानदार दिखे निराश

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में दशकों से आयोजित हो रहे हरेला मेले में दूसरे दिन बुधवार को मुख्य आकर्षण का केंद्र सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ नैनीताल की विधायक सरिता आर्या, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट व धारी ब्लॉक प्रमुख आशा रानी ने किया। इस मौके पर भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि हरेला मेला क्षेत्र और संस्कृति की पहचान है। मेले की शुरूआत स्थानीय लोगों को सम्मिलित कर की गई थी।

वहीं उन्होंने भीमताल की जनता का मेले को अपार समर्थन देने पर आभार व्यक्त किया। कहा कि पूर्वजों की सोच पर्यावरण को बचाने की थी। इसी के तहत हजारों की संख्या में पौधों का रोपण किया गया। वहीं उन्होंने जो पेड़ लगाए गए हैं उनकी देखभाल करने व नशे से दूर रहने का आह्वान किया। मंच का संचालन संदीप पांडे ने किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों और सांस्कृतिक दलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। इस दौरान भाजपा नेता मनोज भट्ट, नितेश बिष्ट, कांग्रेस नेता गुंजन रौतेला, नीरज कुमार मोनू आदि मौजूद थे।



भीमताल में हरेला मेले के शुभारंभ पर मौजूद विधायक सरिता आर्या, भीमताल ब्लॉक प्रमुख डा .हरीश सिंह बिष्ट व अन्य।

### मेले में पुलिस की पैनी नजर

**भीमताल :** नगर में चल रहे मेले में आम जनमानस व दुकानदारों की सुरक्षा का जिम्मा भीमताल की पुलिस को है। मेला परिसर में एक स्थाई चौकी बनाई गई है। इसके अतिरिक्त मेला स्थल पर पहुंचने वाले प्रत्येक मार्ग में पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी स्वयं सुरक्षा की कमान संभाले हुए हैं। थानाध्यक्ष बताते हैं कि खुटानी निवासी 12 वर्षीय बालक जो कि हरेला मेले में खो गया था जिसे खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत कर्मचारियों ने परिजनों को खोज कर सुपुर्द किया। मेले में आयी एक महिला निवासी हैड़िया गांव भीमताल नैनीताल का पर्स खो गया था, पर्स में मिले मोबाइल नंबर से महिला को सम्पर्क कर सकुशल उसके सुपुर्द किया गया। वहीं बताते हैं कि अराजक तत्वों पर विशेष पैनी नजर रखी जा रही है। चोरी एवं झपट्टा मार की घटना एवं महिला संबंधी अपराधों एवं छेड़छाड़ की घटना को रोकने के लिए सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त सांगुड़ी तिराहा व राजगुरू तिराहे से मेले के अंदर आने वाले वाहनों को मेले में आने वाले व्यक्तियों के सुविधानुसार वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल, पीएसी व फायर बिग्रेड को नियुक्त किया गया है।

### सुंदर क्लासिकल डांस की प्रस्तुति दी

भीमेश्वर महादेव सेवा समिति ने नृत्य के प्रति प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए रुचि डांस एकेडमी को 1100 रुपये का इनाम देकर डांस एकेडमी को प्रोत्साहित किया। संस्था की सचिव सुनिता पांडे बताया कि आयोजनों में लोकल के लोगों को बढ़ावा मिले। एकेडमी द्वारा सुंदर क्लासिकल डांस की प्रस्तुति दी गई।




मेले में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### ऑनलाइन शॉपिंग ने फीकी की मेले की रौनक

हरेले मेले में आज से 10 वर्ष पूर्व खासी भीड़ रहती थी। बुजुर्ग बताते हैं कि हर वर्ष मेले में रौनक कम होते जा रही है। इतना ही नहीं दुकानों की संख्या में भी असर दिखाई दे रहा है। वहीं दुकानों का किराया महंगा होने से मेले में मिलने वाला समान भी महंगा हो गया है। वहीं धारी से पहुंचे मोहन सिंह, कमला मदन आदि ने बताया कि अब हर जगह घर बैठे बैठे ही सामान उपलब्ध हो जा रहा है, इसलिए मेले में ग्रामीणों की संख्या में भी कमी आ रही है।

### मेले के अंतिम दिनों में भीड़ बढ़ने की उम्मीद

भीमताल के हरेला मेले में दूसरे दिन भी भीड़ कम होने से दुकानदारों समेत झूलेवाले सभी निराश हैं। मालूम हो कि भीमताल ब्लॉक के अन्तर्गत भीमताल के आसपास कई ग्राम सभाएं हैं। ऐसे में भीमताल में वर्ष में एक बार लगने वाले हरेला मेले को लेकर सभी उत्साहित रहते हैं। वहीं इस बार मेले के दूसरे दिन भी भीड़ नहीं होने से दुकानदार और स्थानीय व्यापारी भी निराश रहे, हालांकि शाम के वक्त आसपास के क्षेत्रों के लोग पहुंचे और मेले का लुत्फ उठाया। कई दशकों से मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि हर वर्ष की भांति उम्मीद है कि मेले के अंतिम दिनों में खासी भीड़ होगी।



मेले में प्रति वर्ष परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मेले में महंगाई की मार देखने को मिल रही है। दुकानें भी कम हैं। पहले सारा मेला स्थल दुकानों से भरा रहता था। अब कहीं कहीं खाली स्थान भी है।
**-प्रकाश लौशाली**, स्थानीय निवासी और अधिवक्ता।

## प्रोफेसर पद पर चयन होने पर अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया

**लालकुआं :** बिंदुखत्ता क्षेत्र से इस बार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में दो लोगों का महाविद्यालय में प्रोफेसर पद हेतु चयन हुआ है, जिसमें एक अभ्यर्थी स्थानीय मजदूर का बेटा शामिल है।

इधर बिन्दुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से अजय का प्रोफेसर पद हेतु चयन होने पर अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बिंदुखत्ता विकासपुरी खैरानी खैरानी निवासी भवान राम के होनहार पुत्र अजय आर्य व इंद्रानगर निवासी प्रकाश जोशी की पुत्री मोनी जोशी का लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत प्रोफेसर पद हेतु चयन होने पर लोगों ने खुशी का इजहार किया है। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूबेदार मेजर कुंदन सिंह मेहता, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, प्रदीप बथ्याल, गिरधर सिंह बम, अर्जुन कुमार व जगदीश प्रसाद ने प्रोफेसर पद हेतु चयन चयनित अजय आर्य के घर पहुंच कर उन्हें बधाई दी और अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। अजय ने 2019 में नेट उत्तीर्ण किया। उसके बाद पीएचडी की। इस दौरान उनका पीएमटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर बीडीएस के लिए चयन हुआ था, लेकिन उन्होंने अपनी पारिवारिक स्थिति देखते हुए आगे की तैयारी करने का फैसला लिया।

## सार-संक्षेप




रामनगर में पौधे रोपित करते सदस्य। ● अमृत विचार

### पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रामनगर :** श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सामाजिक संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब की रामनगर शाखाओं ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रकार के 11 पौधे खताड़ी स्थित नगर पालिका पार्क पर रोपित किये। पौधरोपण के बाद सभी लोगों ने कुमाउनी व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। शाम को इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने पीरूमदारा स्थित एक रिजॉर्ट में हरेला महोत्सव आयोजित किया। इस दौरान श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह रावत, इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के संस्थापक संतोष मेहरोत्रा, डॉ. गिरीश चन्द्र पंत, विजय अग्रवाल, सुधा मेहरोत्रा, सुरेश कुमार, ललिता, नवीन चन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



रामनगर में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

### निखिलेश की कविताओं में समाज का दर्द है तो संघर्ष भी

**रामनगर :** कुमाउनी कविता के कवि निखिलेश उपाध्याय के कविता संग्रह बिसौण का भव्य कार्यक्रम के मध्य विमोचन हुआ। कविता संग्रह में कुमाउनी समाज के सुख-दुख के साथ-साथ प्रकृति की 57 कविताएं हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्यअतिथि वक्ता प्रो. दिवा भट्ट ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कुमाऊं का इतिहास एक प्रकार से इन लोक गीतों में छिपा है। निखिलेश उपाध्याय की कविताओं में भी कुमाऊं के समाज का दर्द है तो संघर्ष भी। कुमाउनी के वरिष्ठ कवि जगदीश जोशी ने कुमाउनी कविता के विकास पर विस्तार से बातचीत रखी। इस दौरान पत्रकार जगमोहन रौतेला, गढ़वाली साहित्यकार, शिक्षक धर्मेंद्र नेगी, शिक्षक सीपी खाती, डॉ. डीएन जोशी, भुवन पपनै, संचालन नवेंदु मठपाल ने किया। इस दौरान मदन राम आर्य, चंद्रशेखर फुलारा, नंदिनी मठपाल आदि मौजूद रहे।

### दमदार पंच की बदौलत अर्शनीत ने झटका स्वर्ण पदक

**रामनगर :** कॉर्बेट बॉक्सिंग अकादमी की प्रतिभाशाली बॉक्सर अर्शनीत कौर ने 14 से 16 जुलाई को देहरादून में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर रामनगर के लोगों का सीना चौड़ा कर दिया। गांव भवानीपुर खुलवे निवासी संभ्रांत काश्तकार हरजीत सिंह की प्रतिभाशाली बेटी अर्शनीत की इस सफलता पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, राज्य खेल संघ से जुड़े गोपाल खोलिया नवीन टम्टा, देवेंद्र सिंह भट्ट, बॉक्सिंग प्रशिक्षक गोविंद सिंह, नंदन सिंह सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े जन प्रतिनिधियों ने उनको बधाई दी है।



अर्शनीत कौर।

# भूमियाधार की माधव वाटिका को हरा-भरा करने का संकल्प

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की ओर से भूमियाधार क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने 150 से अधिक पौधे रोपे। इस दौरान विद्यालयी बच्चों व ग्रामीण महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

बुधवार को भूमियाधार स्थित शिवमंदिर से समीप आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आरएसएस के राष्ट्रीय पर्यावरण प्रमुख गोपाल व अन्य स्वयंसेवकों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस बीच स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुछ वर्ष पूर्व स्थापित की गई माधव वाटिका को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बांझ, देवदार समेत आंवला, तेजपात, घिघारु व विभिन्न प्रजातियों के 150 से अधिक पौधे रोपे। इस दौरान आरएसएस प्रांत कारवा दिनेश सेमवाल, जिला संघ चालक हेम पांडे, विधायक सरिता आर्य, जिला प्रचारक राहुल, एडीएम फिंचाराम चौहान, हरीश बिष्ट, रामेश्वर प्रसाद काला, राजेंद्र बिष्ट, तेज सिंह, कैलाश सुयाल, राहुल कंसल, आनंद बिष्ट, पंकज अद्वैति, रमेश जीना, दया किशन पोखरिया, दीपक मेलकानी, संतोष कुमार, हिमांशु ओली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल आरएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

## रेलिंग चोरी करने का वीडियो वायरल

**नैनीताल :** नैनीताल-भवाली रोड में एक पिकअप संचालक की ओर से सड़क किनारे रेलिंग चोरी करने का मामला सामने आया है। एक महिला ने चोरी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाला है जो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में पिकअप संचालक रेलिंग को अपनी गाड़ी में डालते देखा जा रहा है। इस दौरान वहां से गुजर रही एक महिला ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया। सोशल मीडिया में वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला पिकअप संचालक से सवाल करती नजर आ रही है। महिला के सवालों के बाद पिकअप चालक ने रेलिंग वाहन से नीचे निकाल दी। बताया जा रहा कि भवाली रोड में गिरी हुई रेलिंग को ऐसे ही चुराया जा रहा है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच की जा रही है।



सरोवर नगरी में छाये हल्के कोहरे के बीच नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### बारिश के बाद सरोवर नगरी में अब छाया कोहरा

**नैनीताल :** बीते एक सप्ताह से नैनीताल में तेज व लगातार बारिश पर तो विराम लग गया है लेकिन कभी कभी रिमझिम बारिश हो रही है। मानसून ने अपने पहले दौर में तबाही मचाई। बुधवार को भी सुबह से नगर में गुनगुनी धूप खिली रही और शाम पांच बजे अचनाक मौसम ने करवट बदली और रिमझिम बारिश शुरू हुई। वहीं बीते कुछ दिनों से बारिश पर लगे विराम के बाद नगर में एक बार फिर से सैलानियों की आमद बढ़ने लगी है। शनिवार को भी नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने रिमझिम बारिश में भीगते हुए नगर की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार नगर में अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि मानसून के आते ही अगस्त तक के लिए पर्यटन सीजन पर भी विराम लग जाता है। ऐसे में केवल वीकेंड पर आने वाले पर्यटकों पर स्थानीय व्यापारियों की निगाह टिकी रहती है।

## जिला स्तरीय खो खो टीम का चयन

**कालाढूंगी :** खेल विभाग हल्द्वानी एवं जिला संघ खो-खो के तत्वावधान में बुधवार को जिला खो-खो टीम का चयन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित चयन प्रतियोगिता में रामनगर, हल्द्वानी, लालकुआं, कालाढूंगी, चकलुवा क्षेत्र से महिला वर्ग में 28 एवं पुरुष वर्ग में 53 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नैनीताल टीम की महिला और पुरुष दोनों टीम का चयन किया गया।

इस अवसर पर भारतीय खो खो संघ के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार भुटयानी, उत्तराखंड खो-खो संगठन के महासचिव रजत शर्मा, खेल प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन बसेड़ा, खो खो फेडरेशन के टेक्निकल ऑफिशल कंचन रावत, निलेश कुमटिया विवेक आर्य, हरीश रावत आदि मौजूद रहे।

# देवशयनी एकादशी पर रोपे तुलसी के पौधे

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** क्षेत्र में बुधवार को घरों में देवशयनी एकादशी आस्था पूर्वक मनाई गई। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शकुनाखर गाकर तुलसी के पौधे लगाए। विभिन्न संस्थाओं व सामाजिक संगठनों ने भी विधि-विधान से विष्णु भगवान व तुलसी का पूजन किया। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी मनाई जाती है।

इसे देवशयनी एकादशी व हरिशयनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। फरसौली में महिलाओं ने उत्साह के साथ एकादशी मनाई। पहले भगवान विष्णु को गंगाजल, दही, दूध, घी आदि से स्नान कराया, फिर पूजा की गई। उसके बाद तुलसी का पौधा लगाया। कई महिलाओं ने उपवास रखकर भजन-कीर्तन भी किए। महिलाओं ने व्रत रखा व भगवान विष्णु की पूजा की। पौराणिक देवी मंदिर के पुजारी पंकज कपिल ने बताया कि इस दिन हरि विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और कुछ माह शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं।



तुलसी पूजन करतीं महिलाएं।

# भवाली में होगा मां नंदा-सुनंदा महोत्सव का भव्य आयोजन

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** पौराणिक देवी मंदिर में बुधवार को नंदा देवी महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पांच सदस्यीय कोर कमेटी में कंचन सुयाल, रोहित जोशी, लोकेश जोशी, योगेश कुमार, आयुष कुमार और संरक्षक कैलाश चन्द्र सुयाल, तरुण जोशी, नरेश पाण्डे नियुक्त किये गये।

कमेटी के सरदस्य मिलकर महोत्सव को भव्य बनाएंगे। बैठक में नंदा देवी महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन रामलीला मैदान में करने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि 8 सितंबर को कदली वृक्ष लेने के लिए दोपहर 1 बजे से डोब ल्वेशाल सुजान सिंह रजवार के आवास में जाएंगे, 9 व 10 सितंबर को मैया की मूर्ति बनाई जाएगी, 11 सितंबर को ब्रह्म मुहर्त में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, 12 को भोग प्रसाद व पंच आरती होगी, 13 सितंबर को सुबह 11 बजे कन्या पूजन के बाद दोपहर 1 बजे से नंदा-सुनंदा का डोला नगर भ्रमण के लिए निकाला जाएगा। देर शाम 6 बजे शिप्रा नदी में विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान पुजारी मोहन चन्द्र कपिल, कैलाश चन्द्र सुयाल, नरेश पाण्डे, कंचन सुयाल, भुवन लाल साह, लोकेश जोशी, दयाल आर्य, हरि शंकर कांडपाल, प्रकाश आर्या, संजय लोहनी, जगदीश नेगी, रोहित जोशी, जुगल मठपाल, आयुष कुमार, सद्दा मिया, इंद्र कपिल, आलोक, पीयूष नेगी, जगदीश नेगी, लोकेश पालीवाल, पुष्पेश पाण्डे, आयुष कुमार, कबीर साह, कुंदन बिष्ट, संतोष तिवारी, सुनीता साही आदि रहे।



भवाली में नंदा-सुनंदा महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यसमिति की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**पहल** डॉ. आशुतोष पंत इस वर्ष 30 अगस्त तक बाटेंगे 20000 और नए पौधे

# हरियाली के लिए चार लाख से अधिक पौधे भेंट किए

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी हल्द्वानी निवासी डॉ. आशुतोष पंत धरती को हरा भरा रखने की जोरदार मुहिम चला रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे कम हों, जल स्रोतों को सूखने से बचाया जा सके, भूमि का वॉटर लेबल बढ़ाया जा सके, इस भावना के साथ वे अब तक 4 लाख 10000 पौधे निशुल्क बांट चुके हैं।

इस वर्ष 15 जुलाई से 30 अगस्त तक वह 20000 पौधे और बाटेंगे। कुल मिलाकर उनके द्वारा निशुल्क बांटे गए पौधों की संख्या 4 लाख 30000 हो जाएगी जो अपने आप में बहुत ही सराहनीय प्रयास है। सबसे बड़ी बात यह है कि इतना बड़ा महा अभियान वे बिना किसी मदद के करते हैं। उन्होंने सरकारी, अर्द्ध सरकारी या अन्य किसी भी संस्था से अब तक इस महा अभियान के लिए किसी प्रकार की आर्थिक मदद नहीं ली है, बल्कि परिश्रम के साथ कमाए हुए अपने धन का एक बड़ा हिस्सा वे इस मुहिम में खर्च कर देते हैं। उनकी दिली इच्छा है की अंतिम सांस तक वे अपना अभियान चलाते रहेंगे। डॉ. आशुतोष पंत वर्ष 1988 में राजकीय सेवा में नियुक्त हुए और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सक के पद पर उन्होंने अपना सेवा कार्य शुरू किया। नौकरी के दौरान उनके मन में इच्छा जगी कि हम अपनी धरती को फिर से हरा भरा रखें संपूर्ण धरती में सर्वत्र हरियाली ही दिखाई दे। इस संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने इसकी शुरुआत खुद से की और जहां भी नौकरी में गए हर जगह उनके द्वारा पौधरोपण करवाया गया। इसके लिए उन्होंने अपनी ही पूंजी का एक बड़ा हिस्सा पौधों को खरीदने में खर्च किया और जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर वर्षा काल में उन्होंने पौधे वितरित किए। वर्ष 2023 में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ऊधम सिंह नगर से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने इस लक्ष्य को और तेज कर दिया है।



डॉ. आशुतोष पन्त।

फिलहाल अपने सेवा काल से लेकर अब तक वह चार लाख 10 हजार पौधे निशुल्क बांट चुके हैं और इस वर्ष उन्होंने 20 हजार पौधे बांटने का लक्ष्य रखा है। डॉ. आशुतोष पंत की ओर से शहरी क्षेत्र में जहां जमीन की उपलब्धता कम होती है, वहां छोटे पेड़ों के पौधे और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जमीन पर्याप्त होती है, वहां बड़े पेड़ के पौधे भेंट किए जाते हैं। उनके द्वारा विशेष कर आम, अमरूद, कटहल, लीची, तेज पत्ता, सहजन, करौंदा, शरीफा, अंगूर, अनार आदि के पौधे भेंट किए जाते हैं।

## अधिक पानी छोड़ा लोगों में भय व्याप्त

**लालकुआं :** गौला नदी में आई बाढ़ से बिन्दुखत्ता वासियों में हड़कंप मच गया। बाढ़ के कारण बिन्दुखत्ता के रावत नगर आदि क्षेत्रों में भू कटाव जारी है। जानकारी लेने पर पता चला की गौला बैराज से 20 हजार क्यूसेक से अधिक पानी नदी में छोड़ा गया था। जिस कारण गौला नदी पुनः जलमग्न हुई। बहरहाल नदी में छोड़े गए पानी से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही है लेकिन गोला नदी ने यहां रावत नगर, शीशम भुजिया, श्रीलंका टापू, खुरिया खत्ता आदि क्षेत्रों में भू कटाव पुनः शुरू हो गया। उफनाई नदी में अब तक मीना मेहता के खेत के आगे नदी में बने तटबंध सहित किसानों की कई एकड़ जमीन नदी में समा गई है। कुल मिलाकर गोला नदी में पानी छोड़े जाने की सूचना ग्रामीणों को नहीं दी गई थी जिससे स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

### एक सप्ताह बाद भी धंसी सड़क को ठीक नहीं कराया

**नैनीताल :** मानसून की पहली बारिश में ही जनपद में भारी नुकसान हो चुका है, दर्जनों सड़कें बाधित हो चुकी हैं तो वहीं कई स्थानों पर भूस्खलन व पहाड़ियों के दरकने से लोगो में डर का माहौल बना हुआ है, जबकि अभी पूरा मानसून बचा हुआ है, ऐसे में आने वाले समय में आपदा और भयंकर रूप अख्तियार कर सकती है। बता दें कि बीते शुक्रवार को मल्लीताल स्थित अंडा मार्केट में रोड के बीचों बीच सड़क धंसनी शुरू हो गई, जिससे पैदल व दोपहिया वाहनों सहित स्थानीय लोगों में डर का माहौल है, जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने इसकी मरम्मत की मांग की लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक विभाग की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। खास तौर पर रात को अंधेरे में पैदल चलने वालों के लिए काफी खतरा बना हुआ है।



अंडा मार्केट में सड़क पर बना गड्ढा।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

**आज का मौसम**

बीच-बीच में बारिश होने की संभावना

31.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 07.12

## एक नजर

### समीक्षा बैठक में जाएंगे कांग्रेस के पदाधिकारी

**हल्द्वानी :** देहरादून में कांग्रेस के राज्य समन्वयक केएल पुनिया समीक्षा बैठक करेंगे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक में भाग लेने के लिए नैनीताल जिले के सभी ब्लॉक के अध्यक्ष और पदाधिकारी पहुंचेंगे। बैठक गुरुवार को देहरादून में होगी। नैनीताल जिले की समीक्षा बैठक शाम चार बजे होगी।

### स्थानीय मुद्दों पर कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** कांग्रेस पार्टी नैनीताल जिले में विधानसभा स्तर पर स्थानीय मुद्दों को उठाते हुए प्रदर्शन कर रही है। इस क्रम में 24 जुलाई को कालाढूंगी में प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल के अनुसार नैनीताल और लालकुआं में प्रदर्शन किया जा चुका है। कालाढूंगी में एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद धारी, कोश्याकोटुली, रामगढ़ में भी प्रदर्शन किए जाएंगे।

### पीलीकोठी में बिजली पोल शिफ्ट करने का काम शुरू

**हल्द्वानी :** पीलीकोठी तिराहा के चौड़ीकरण को काम तेजी के साथ चल रहा है। बिजली के पोल को शिफ्ट किया जा रहा है। पेड़ और अवैध निर्माण प्रशासन ने हटवा दिए हैं। चौड़ीकरण में सबसे बड़ी बाधा यहां लगे बिजली के पोल हैं। अब इनको भी पीछे की तरफ शिफ्ट किया जा रहा है। लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने बताया कि चौराहे को शीघ्र की चौड़ा करने का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद यहां पर यातायात सुगम हो जाएगा।

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं आज से होंगी शुरू

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज और गौलापार में एलएसबी डिग्री कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं गुरुवार से शुरू हो जाएंगी। इसका टाइम टेबल बनाया गया है। पहले दिन छात्रों को पाठ्यक्रम के संदर्भ में अवगत कराया जाएगा। प्रवेश प्रभारी डॉ. अमित सचदेव के अनुसार एमबीपीजी कॉलेज में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं का समय होगा। महिला डिग्री कॉलेज और एलएसबी कॉलेज में भी यही समय रहेगा।

# घर से 14 किमी दूर मिला 3 दिन पूर्व गौला नदी में बहे मोहित का शव

## बीती 14 जुलाई को हैड़ाखान स्थित भोड़िया तोक में दोस्तों के साथ खेलने के दौरान गौला नदी में बह गया था मोहित, बुधवार को एसडीआरएफ की टीम ने ढूंढा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर से दोस्तों के साथ बकरी चराने निकला किशोर चार दिन पहले गौला नदी में बह गया था। तभी से रेस्क्यू टीम लगातार उसकी तलाश कर रही थीं। अंततः बुधवार को उसका शव घटना स्थल से करीब 14 किलोमीटर दूर बरामद कर लिया गया। शव की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

भीमताल ब्लॉक के भोड़िया तोक निवासी पूरन चंद का 14 वर्षीय बेटा मोहित जूनियर हाईस्कूल भोड़िया में कक्षा छह का छात्र था। वह यहां मां गीता देवी, एक बहन व भाई के साथ रहता था। बीते रविवार 14 जुलाई की दोपहर वह घर से बकरियां चराने निकला था। उसके साथ उसके कुछ दोस्त भी थे। बताया जाता है कि बकरियां चराते-चराते सभी नदी में नहाने लगे और तभी अचानक मोहित नदी के तेज बहाव में बह गया। ये घटना शाम करीब साढ़े चार बजे घटी। दोस्तों ने इसकी सूचना फौरन गांव वालों को दी। शाम साढ़े छह बजे सूचना प्रशासन तक पहुंची और चार घंटे बाद रेस्क्यू शुरू हुआ, जो अंधेरा होने की वजह से कुछ देर बाद थम गया। अगली सुबह फिर उसकी तलाश शुरू हुई, लेकिन पता नहीं लगा। इधर, गौला नदी में लगातार तलाश करता रेस्क्यू दल गौलापार स्थित गोविंद ग्राम पहुंचा। यहां सुबह उन्हें मोहित का नग्न अवस्था में शव बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना पर परिजन, ग्रामीण और ग्राम प्रधान मुन्नी देवी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मोहित के रूप में शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार दोपहर शव घरवालों को सौंप दिया गया।



गौला नदी से मोहित का शव निकालती एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

**ऑपरेशन**

- पिछले चार दिनों से लगातार तलाश रही थी रेस्क्यू टीम
- गौलापार में गोविंद ग्राम से गुजर रही नदी में मिला शव

> भीमताल ब्लॉक के गांव में बहे किशोर का शव बुधवार सुबह टीम को मिला था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।
> – विमल मिश्रा, थानाध्यक्ष काठगोदाम

### दर्जनों गांव और बैराज पार कर 14 किमी दूर गौलापार पहुंचा शव

**हल्द्वानी :** गोविंद ग्राम जहां मोहित का शव मिला, वहां से घटना स्थल (भोड़िया तोक) की सड़क मार्ग से दूरी करीब 40 किलो मीटर है, लेकिन नदी के रास्ते घटना स्थल 14 से 15 किलोमीटर दूर है। इस रास्ते में दर्जनों गांव हैं। नदी गौला बैराज पर आकर मिलती है और हल्द्वानी से होते हुए लालकुआं की ओर निकल जाती है। इतने सारे गांवों और गौला बैराज को पार कर मोहित का शव गोविंद ग्राम पहुंच गया। जिस रोज मोहित बहा, उस दिन रेस्क्यू देर से शुरू हुआ और अंधेरा होने की वजह से जल्दी खत्म हो गया। इसी वजह से मोहित को कई दिन बाद तलाशा जा सका।

# नहर कवरिंग रोड पर देवखड़ी नाले में कारें बहने से बचीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** तेज बारिश से नालों में फिर से उफान आ गया। देवखड़ी नाले में दो कारें बहने से बाल-बाल बचीं। हादसे के समय दोनों कार में लोग भी मौजूद थे। नाले के पास लगे बैरिकेडिंग में जब कारें फंस गईं तो कार से उतरकर सवारियों ने अपनी जान बचाईं।

बुधवार के तड़के अचानक मौसम बदला और कई क्षेत्रों में भारी बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से एक बार फिर से देवखड़ी नाले में भी उफान आ गया। नहर कवरिंग रोड पर हाइडिल से कॉलटैक्स की तरफ नाले का बहाव दूसरी ओर मुड़ता है। नाले के उफान के दौरान दो कारें सड़क पर उफान में फंस गईं। दोनों कार के चालक बहाव में भी कार को चलाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन बहाव इतना तेज था कि कार चालकों का कार के ऊपर कोई नियंत्रण नहीं रहा और दोनों कार पानी की तेज बहाव में बहने लगीं। गनीमत है कि नाले के पास प्रशासन ने हाल ही में बैरकेडिंग लगाई थी। दोनों ही कारें बैरेकेडिंग में फंस गई थी। एक कार में बैठे ड्राइवर ने तुरंत कार से निकलकर अपनी जान बचाई। दूसरी कार में सवारी बैठी थी वो भी तुरंत कार से उतर गईं। यदि नाले के पास बैरकेडिंग नहीं लगी होती हो दोनों कार नाले में बह जातीं।

कार में सवार लोग नाले के बहाव से इतना डर गए कि काफी देर तक बहाव में फंसी कार के अंदर ही बैठे रहे। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। उल्लेखनीय है 11 जुलाई की रात देवखड़ी नाले को पार करने की कोशिश करते हुए बाइक सवार आकाश सिंह की जान चली गई थी।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने कहा कि लोग नालों में बहाव के समय पार नहीं करें। अन्यथा जानलेवा हादसे हो सकते हैं। हालांकि इसके बावजूद लोग नालों को बहाव के पास पार करने से नहीं रुक रहे हैं और हादसे हो रहे हैं। इसके अलावा कलसिया और रकसिया नाले में भी उफान आ गया। दमुवाढूंगा में कमेटिया नाले का पानी और मलबा एक बार फिर से बिठौरिया के गैर वैशाली क्षेत्र में घुस गया।



देवखड़ी नाले के बहाव में फंसी कार। ● अमृत विचार

### बारिश के बाद नगर निगम ने हटाया मलबा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बारिश की वजह से सड़कों और गलियों में मलबा भर गया। नगर निगम के सफाई कर्मियों ने अभियान चलाकर साफ किया। नगर निगम की टीम ने बुधवार की सुबह काठगोदाम, टैगोर कॉलोनी भोटिया पड़ाव, नहर कवरिंग रोड, देवखड़ी आदि इलाकों में सफाई की। बारिश के बाद नालों में आए उफान के बाद सड़कों और गलियों में जहां-तहां मलबा भर गया। जिस वजह से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि सफाई अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### तीन घंटे में बरस गया 102 मिमी पानी

**हल्द्वानी :** काठगोदाम, रानीबाग और हल्द्वानी के एक बड़े हिस्से में बुधवार के तड़के मूसलाधार बारिश हुई। बारिश बहुत तेज थी और तीन घंटे तक लगातार होती रही। काठगोदाम, रानीबाग, दमुवाढूंगा, बमौरी, पॉलीशीट, कठघरिया, कमलुवागांजा आदि इलाकों में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश सुबह करीब 5:30 बजे तक चली। बारिश की बौछारें इतनी तेज थीं कि सुबह के समय राहगीरों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया था। महज तीन घंटे के अंदर ही 102 मिमी बारिश हो गई। हल्द्वानी के शेष हिस्सों जैसे देवलचौड़, मानपुर पश्चिम, रामपुर रोड, टीपीनगर आदि क्षेत्रों में बारिश नहीं हुई। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने गुरुवार को भी बारिश होने का अनुमान जताया है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों ही सामान्य से ज्यादा है।

# जलभराव से निजात के लिए विधायक को घेरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बरसाती नालों के पानी से फसल, घरेलू सामान नष्ट होने से नाराज गैरवैशाली क्षेत्र के बाशिंदों ने विधायक बंशीधर भगत का घेराव किया। उन्होंने विधायक को ज्ञापन सौंपकर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

बुधवार को गैर वैशाली क्षेत्र के जीवंती विहार, तिवारी कॉलोनी, देवकी विहार, कुशल कॉलोनी, रूप वैशाली, महाकाली मंदिर क्षेत्र के दर्जनों लोग विधायक भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने विधायक का घेराव करते हुए बताया कि दमुवाढूंगा वन चौकी के समीप कमेटिया बरसाती नाला बहता है। बारिश में नाले उफान पर आने से घरों, खेतों में पानी घुसता है। खेतों में पानी घुसने से फसल चौपट हो रही है। उनका कहना था कि पूर्व में दमुवाढूंगा क्षेत्र में नहर कवरिंग नहीं होने से बरसाती नाले का पानी नहर में चला जाता था। अब नहर कवरिंग होने के बाद बरसाती नाले का पानी काश्तकारों के खेतों से होकर भारी मात्रा में आबादी क्षेत्र में पहुंच रहा है इससे गैर वैशाली क्षेत्र के सभी मोहल्लों में जल भराव हो रहा है। पिछले एक वर्ष से क्षेत्रीय जनता इससे त्रस्त है। उन्होंने समस्या का समाधान नहीं होने पर 18 जुलाई से क्रमिक अनशन की चेतावनी दी। इस पर विधायक भगत ने गुरुवार को सुबह 10:30 बजे प्रशासन, सिंचाई, वन अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण करने और समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इसको लेकर उन्होंने नैनीताल डीएम से भी फोन पर पर वार्ता की। ज्ञापन सौंपने वालों में रमेश चंद पांडे, राजेंद्र रौतेला, राजेंद्र बिष्ट, केएन तिवारी, विजय बोरा, नरेंद्र कुमार, नंदकिशोर बहुगुणा, विजय कुमार, भोला दत्त तिवारी, किशोरी लाल, रघुवीर सिंह, अनीता जीना, गीता शाह, रूद्र सिंह मौजूद रहे।



विधायक भगत को ज्ञापन सौंपते गैर वैशाली क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

### पेड़ों की लॉपिंग से पांच घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** नैनीताल रोड के चौड़ीकरण के चलते पेड़ों की कटाई-छंटाई की गई, जिसके चलते नैनीताल रोड से सटे क्षेत्रों में पांच घंटे तक बिजली काटी गई।

नैनीताल रोड पर सड़क चौड़ीकरण हो रहा है। बुधवार को रोड किनारे लगे पेड़ों की कटाई-छंटाई की जा रही है। इस वजह से सुबह नौ बजे से दिन में दो बजे तक के लिए पेड़ों की कटाई-छंटाई की गई। इस वजह से कालाढूंगी चौराहा बिजली उपकेंद्र से बद्रीपुरा, आनंदबाग, कोतवाली और तहसील परिसर, रामलीला मोहल्ला, बनभूलपुरा, पटेल चौक, किदवई नगर, खान चंद मार्केट, वर्कशॉप लाइन, रेलवे बाजार आदि क्षेत्रों में बिजली कटी रही। पेड़ों की कटाई-छंटाई हो जाने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई। ऊर्जा निगम हल्द्वानी के शहरी खंड के ईई प्रदीप कुमार के अनुसार 19 जुलाई का फिर से बिजली कटौती की जाएगी।

# फिल्टर प्लांट को नहीं मिला पानी, कई क्षेत्रों में आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मूसलाधार बारिश की वजह से गौला नदी का जलस्तर बढ़ गया। सुबह के समय गौला बैराज में जलस्तर 12 हजार क्यूसेक को पार कर गया। जिस वजह से बैराज के फाटक खोलने पड़े और शीशमहल फिल्टर प्लांट को पानी की आपूर्ति बंद करनी पड़ी। नतीजन हजारों की आबादी तक पेयजल की आपूर्ति बाधित रही।

काठगोदाम क्षेत्र में बुधवार की तड़के मूसलाधार बारिश हुई। गौला नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। देखते ही देखते में बैराज में जलस्तर 10 हजार क्यूसेक को पार कर गया। सिंचाई विभाग ने बैराज के सभी गेटों को सुबह चार बजे खोल दिया। बाद में जलस्तर 12 हजार क्यूसेक को भी पार कर गया। सुबह बैराज का जलस्तर 8619 क्यूसेक तक पहुंचा। बाद में जलस्तर और भी कम होने पर सिंचाई विभाग ने शीशमहल फिल्टर प्लांट को पानी की आपूर्ति की। बुधवार को एक लाख से ज्यादा आबादी को पेयजल की आपूर्ति ठप रही। जलसंस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि प्लांट को सुबह 10:30 बजे से पानी मिलना शुरू हुआ। करीब साढ़े छह घंटे तक फिल्टर प्लांट को पानी नहीं मिलने से पेयजल की आपूर्ति करने में दिक्कत आई। बताया कि पानी में सिल्ट भी ज्यादा मात्रा में आ रहा है। इस वजह से क्षमता से कम पानी फिल्टर हो पा रहा है। राहत की बात रही कि सभी नलकूप सही तरह से काम कर रहे थे। जलसंस्थान का कहना है कि गुरुवार को फिल्टर प्लांट से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बहाल कर दी जाएगी।

# तीन जगह मलबा आने से हैड़ाखान मार्ग बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भूस्खलन की वजह से जिले में कई मार्ग बंद हो गए। हैड़ाखान, काठगोदाम से सिमलिया बैंड सहित कई मार्ग बंद हैं।

बुधवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश की वजह से मलबा आने से कई मार्ग बंद हो गए। काठगोदाम से सिमलिया बैंड राज्य मार्ग भी बंद हो गया। इसे जेसीबी की मदद से खोला जा रहा था। साथ ही ढोलीगांव से धैना, फतेहपुर पीपल से अणिया, लमजाला मोटर मार्ग भी बंद रहे। बाद में इनमें से कुछ मार्गों को खोल दिया गया। सबसे ज्यादा हल्द्वानी से हैड़ाखान मार्ग पर हुई। यह मार्ग पहले ही किमी तीन पर क्षतिग्रस्त है। इसके अलावा किमी 30 में मुरकुड़िया में भारी मलबा आ गया। इसके अलावा किमी आठ पर भी मलबा आ गया। सुबह के समय मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया। लोनिवि भीमताल खंड के ईई मनोज पांडे ने बताया कि मार्ग को खोलने के लिए जेसीबी से मलबा हटाया गया। दो घंटे बाद मार्ग को खोला गया। हालांकि अभी भी इस मार्ग आवाजाही में दिक्कत हो रही है। प्रशासन के दो बंद मार्ग खोलने में पसीने छूट रहे हैं। हरीशताल मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना काठगोदाम और देवीपुरा से सौड़ मार्ग भी इसी योजना के हल्द्वानी खंड में आता है। दोनों ही ग्रामीण मार्ग हैं और बारिश और भूस्खलन की वजह से छह जुलाई को बंद हो गए थे। पहले दावा किया था कि 10 जुलाई तक दोनों मार्गों को खोल दिया जाएगा लेकिन मार्ग बंद ही रहे। बाद में तिथि को बढ़ाकर 15 और अब 16 जुलाई कर दिया है बुधवार शाम तक भी आपदा प्रबंधनके मुताबिक दोनों ही मार्गों को खोला नहीं गया है। हरीशताल मार्ग से जुड़े ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विभाग मार्ग को खोलने में संसाधनों का इस्तेमाल बहुत ही ढिलाई के साथ कर रहा है। पीएमजीएसवाई काठगोदाम की ईई मीना भट्ट ने बताया कि यह मार्ग दो जगह बारिश की वजह से पूरी तरह से उखड़ गया है। दो अन्य वैकल्पिक मार्गों को खोला गया है। जिससे ग्रामीणों की आवाजाही हो रही है। साथ ही इस मार्ग को भी शीघ्र ठीक कर दिया जाएगा।

**आपदा**

- मुरकुड़िया समेत तीन जगह आया मलबा
- हरीशताल समेत कई मार्ग जिले में अब भी बाधित

### टिकट बुकिंग सुबह 8 से रात 8 बजे तक हो

**हल्द्वानी:** देवभूमि व्यापार मंडल ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन अधीक्षक चयन रॉय को ज्ञापन सौंपकर कहा कि टिकट बुकिंग का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक है। पूर्व में रात 8 बजे तक बुकिंग होती थी। उन्होंने कहा कि समय कम होने यात्रियों को दिक्कत हो रही है। शाम की ट्रेनें छूटने पर वे टिकट कैंसिल नहीं करा पा रहे हैं जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। पूर्व की भांति सुबह 8 से रात 8 बजे तक किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्ढा, महानगर अध्यक्ष गोविंद बगड़वाल शामिल थे।

# मंडलायुक्त ने दिलवाए 34 लाख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने सरकारी जमीन का सौदा करने वालों से पीड़ित को 34 लाख रुपये वापस दिलवाए।

मंडलायुक्त दीपक रावत ने बताया कि अब्दुल मुस्तफा निवासी रामनगर को अरुण मासीवाल, जगदीश मासीवाल, योगेश मासीवाल, नरेन्द्र मासीवाल निवासीगण उदयपुरी चोपड़ा ने 34 लाख रुपये में जमीन बेची। सभी ने साजिशन अब्दुल को निजी भूमि के साथ ही सरकारी भूमि का भी सौदा कर दिया। इसका लिखित अनुबंध किया। जब सरकारी भूमि का सौदा होने का पता चला तो अब्दुल ने शिकायत की। इसपर मंडलायुक्त ने सभी पक्षकारों को बुलवाया और पीड़ित के खाते में 34 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर कराए। समस्या का समाधान होने पर शिकायतकर्ता व अन्य सभी पक्ष संतुष्ट हैं।



कैंप कार्यालय में दोनों पक्षों को सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी से टनकपुर जा रही बस में लगी आग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बस अड्डे से टनकपुर के लिए निकली बस में चोरगलिया पहुंचते ही आग लग गई। धुआं उठता देख चालक ने पूरी बस को खाली कराया।

बस अड्डे से रोजाना दोपहर 1:30 बजे टनकपुर डिपो की बस टनकपुर जाती है। बुधवार को भी बस तय समय पर 30 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। बस जैसे ही चोरगलिया में रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंची तो बस में से धुआं निकलने लगा। यात्रियों को कुछ समझ में नहीं आया। धीरे-धीरे धुआं पूरी बस के अंदर भरने लगा। बस में महिलाएं और बच्चे भी सवार थे। लोगों का कहना है कि लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत होने लगी थी। बस चालक ने तुरंत ही बस को रोक दिया और पूरी बस खाली करवा दी। बस से निकलने वाला धुआं पूरी बस में भर गया। इसकी सूचना जैसे ही हल्द्वानी बस डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट को मिली उन्होंने तुरंत ही दूसरी बस का इंतजाम करके घटनास्थल पर भेजा। दूसरी बस से सभी यात्रियों को रवाना किया गया। एआरएम बिष्ट ने बताया कि बस को रोडवेज की कार्यशाला में भेजा जाएगा। उसके बाद सही तरह से पता चलेगा कि बस में आग क्यों लगी थी। फिलहाल यह माना जा रहा है कि बस में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से धुआं उठा।

**समस्या** — चालान की धनराशि ऑनलाइन जमा न हो पाने से लोगों को लेना पड़ रहा दलालों का सहारा

# आफत बने ऑनलाइन चालान, भरने में हो रही मुश्किल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग, पुलिस और सीपीयू अब ऑनलाइन चालान काटने लगी हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कब व्यक्ति का चालान कट जाता है उसे पता ही नहीं चलता। देखा जाए तो नियमों का पालन करवाने के लिए यह व्यवस्था अच्छी है, लेकिन जब चालान भरने के लिए लोग ऑनलाइन प्रयास करते हैं तो उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। थक हारकर उन्हें दलालों से संपर्क कर चालान भरना पड़ता है।

ऑनलाइन चालान कटने के बाद व्यक्ति के वाहन रजिस्ट्रेशन में दिए गए मोबाइल नंबर पर सूचना भेजी जाती है। जिससे उसे पता चलता है कि उसका चालान कट गया है। इस चालान को ऑनलाइन ही भरा जा सकता है। चालान भरने के लिए परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाना पड़ता है। साथ ही चालान को भरने के लिए परिवहन विभाग का एक एप भी है, लेकिन दिक्कत यह है कि वेबसाइट और एप के माध्यम से आम व्यक्ति को चालान भरने में दिक्कत होती है। काफी कोशिशों के बाद भी न तो वेबसाइट सही तरह से काम करती है और न ही एप। बाद में मजबूरी में लोगों को दलालों से संपर्क करना पड़ता है, जो 100 से 200 रुपये अतिरिक्त लेने के बाद चालान शुल्क भरते हैं।

**केस 1:** गौलापार खेड़ा निवासी डिंपी ने बताया कि उसकी स्कूटी का चालान कट गया था। चालान की जानकारी मोबाइल पर आई। चालान को परिवहन विभाग की वेबसाइट और एप से भरने की कोशिश की, लेकिन चालान नहीं भरा। बाद में एक एजेंट से संपर्क किया और अतिरिक्त धनराशि देने के बाद ही चालान भर पाया।

**केस 2:** गोरापड़ाव निवासी मुकेश ने बताया कि जब उसे पता चला कि उसका चालान कट गया है तब उसने चालान ऑनलाइन भरने की कोशिश की, लेकिन चालान जमा नहीं हुआ। आरटीओ कार्यालय जाकर संपर्क किया तो पता चला कि चालान को ऑनलाइन ही भरना होगा। बाद में चालान को एजेंट के माध्यम से जमा करवाया।

> ऑनलाइन चालान भरने में दिक्कत की सूचना है। हालांकि सभी मामलों में ऐसा नहीं होता है। फिर भी इसको दिखवाया जाएगा।
> – संदीप सैनी, आरटीओ हल्द्वानी

### सीएससी वाले वसूल रहे 100 से 200 रुपये अतिरिक्त

परिवहन विभाग की वेबसाइट https://echallan.parivahan.gov.in पर अगर आप खुद से अपने मोबाइल या सिस्टम से चालान की राशि अदा करने की सोचेंगे तो वह प्रोसेस ही नहीं होगा। कुछ तकनीकि खामी ऐसी हैं कि ओटीपी आने के बाद यदि बिल प्रोसेस के माध्यम से भुगतान पेज में जाएगा तो सारी जानकारी अपलोड करने के बाद आपका निवदेन रद हो जाएगा। फिर पेमेंट होल्ड में दिखाता है। जबकि वही पेमेंट अगर सीएससी सेंटर से करवाएंगे तो यहां ग्राहक से 100 से 200 रुपये तक अतिरिक्त वसूल लिए जाते हैं।

### प्राइवेट एप देती हैं पूरी डिटेल पर पेमेंट नहीं होता सफल

परिवहन विभाग की साइट पर न जाकर आप यदि प्राइवेट एप के माध्यम से चालान जमा कराते हैं तो इनमें पार्क प्लस, कार इंफो जैसी कुछ एप हैं जो अतिरिक्त शुल्क लेते हैं और उसे अपने पेज पर दिखाते भी हैं। मगर जैसे ही चालान की डिटेल आपको नजर आएगी और पेमेंट के लिए क्लिक करेंगे तो यहां भी पेमेंट गेटवे डिक्लाइन हो जाता है।

### टनकपुर-चम्पावत एनएच 12 घंटे बंद रहा

**टनकपुर/हल्द्वानी:** टनकपुर चम्पावत एनएच बुधवार को सुबह 5 से शाम 5 तक पूरी तरह बंद रहा। इससे पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र को आने-जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतें हुईं। जिला आपदा प्रबंधन के मुताबिक बुधवार सुबह 5 बजे हाईवे के कई जगह में मलबा और बोल्डर आने से मार्ग बंद हो गया था। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और बड़ी संख्या में यात्री भी फंसे रहे। जिला प्रशासन ने मार्ग में फंसे यात्रियों को पानी व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। शाम 5 बजे मार्ग खुल सका। एसपी अजय गणपति ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए शाम 6 बजे के बाद टनकपुर के ककरालीगेट और चम्पावत से वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।



हल्द्वानी में मोहर्रम के अवसर पर जुलूस निकालकर अखाड़ा खेलते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार



हल्द्वानी में मोहर्रम के अवसर पर जुलूस को देखने उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

# आशूरा पर गम में डूबे अकीदतमंद, मातम कर याद किए हुसैन

## निकाले ताजिये, अखाड़ों और सवारियों की धूम, इमामबाड़े, मस्जिदों और घरों में किया गया शहादत का जिक्र, अखाड़ा टीम ने हैरतअंगेज करतब दिखाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यौम-ए-आशूरा (मुहर्रम की 10 तारीख) पर शहर में ताजिया, अखाड़ों, सवारी की धूम नजर आई। हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए अकीदतमंदों रोजा रखा, लंगर बांटा, घरों और मस्जिदों में खास इबादत की। त्याग और बलिदान का प्रतीक मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया। इस दौरान कुल 55 ताजिये मोहर्रम पर बनाए गए थे। रात करबला में ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।



मोहर्रम पर बुधवार को इमामबाड़े व मस्जिदों में जिक्रे शहादत हुई। मोहर्रम पर ताजियेदारी की समृद्ध परंपरा रही है। इस मौके पर आजादनगर, इंदिरानगर, नई बस्ती सहित विभिन्न स्थानों पर ताजिये बनाए गए। सभी ताजिये लाइन नंबर 17 स्थित मस्जिद कस्साबान के पास स्थित मैदान पर एकत्र हुए। मोहर्रम कमेटी की ओर से जुलूस ढोल-तासों के साथ निकला। जुलूस के मार्ग में लोगों की ओर से जगह-जगह लंगर लगाए गए थे, जहां जुलूस में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। ताजियों के जुलूस के साथ अखाड़ा टीम ने हैरतअंगेज करतबों से सबका ध्यान खींचा। अखाड़ा शमशीरे हैदरी के सदर आफताब आलम व अखाड़ा पंजतनी के खलीफा नजीर अहमद ने अखाड़े के हैरतअंगेज करतब दिखाए। लाइन नंबर 12, 16 और चोरगलिया रोड होते हुए जुलूस लाइन नंबर 8 स्थित ताज चौराहा पहुंचा। यहां बड़ी तादात में अकीदतमंदों ने ताजियों का दीदार किया। एक हूर घोड़े का जोड़ा और मोहम्मद दानिस अजमत अली का ताजिया आकर्षण का केंद्र रहा। जुलूस में ढोल ख्वाजा चौक व गफरारी ढोल शामिल हुए। इस देर शाम तक दौरान ढोल-तासों की मातमी धुनें गूंजती रहीं। लोगों ने इमाम हसन हुसैन की शहादत को याद किया। सिटी मजिस्ट्रेट एबी बाजपेई भी टीम के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे। रात ताजियों को विधिवत कर्बला में दफनाया गया। कार्यक्रम में मोहर्रम कमेटी के वसीम मलिक सहित कमेटी के जमीर अहमद, शाहनवाज मलिक आदि मौजूद रहे।



नैनीताल में मोहर्रम पर जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार



मोहर्रम के अवसर पर जुलूस में ताजिये के साथ शामिल युवा। ● अमृत विचार

### मोहर्रम पर नैनीताल में भी निकाला जुलूस

**नैनीताल :** मोहर्रम पर बुधवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने तल्लीताल व मल्लीताल में जुलूस निकाला। सिरसी से आए मौलाना मैजर जैदी ने बताया के आज ही के दिन मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन तीन दिन के भूखे प्यासे शहीद कर दिए गए, जिसमें उनके छह माह का बेटा अली असगर, 18 माह का बेटा अली अकबर और इमाम के भतीजे जनाबे कासिम भाई अब्बास सहित 72 साथियों के साथ कर्बला में कुर्बानी दी थी। मोहर्रम का चांद दिखने के बाद मजलिसों का दौर शुरू हो गया। बुधवार को 10 मोहर्रम को माध्यमिक जुलूस मोटा पानी इमामबाड़ा में निकाला गया, जिसमें फरमान अली खान, मुस्ताक अली खान, सरवर खान, गुलाम अली खान, सलीम खान, रमजानी खान आदि मौजूद रहे। बता दें कि आशूर के दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। उनकी याद में मोहर्रम के 10वें दिन को लोग मातम के रूप में मनाते हैं, जिसे आशूरा कहते हैं।



मोहर्रम पर जुलूस में ताजिये निकालते मुस्लिम युवा। ● अमृत विचार

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी की रही निगहबानी

हल्द्वानी : मोहर्रम पर बनभूलपुरा में चप्पे–चप्पे पर पुलिस और पीएसी की कड़ी निगहबानी रही। बनभूलपुरा, कोतवाली, मुखानी, काठगोदाम, चोरगलिया और कालाढूंगी थाने की फोर्स गली–गली तैनात की गई। पीएसी जवानों गलियों व घरों की छतों पर तैनात रहे। ताजिए उठने के साथ ही मार्गों को ताजिया रूट के आधार पर उसी समय डायवर्ट किया गया। खासकर चोरगलिया मार्ग पर राहगीरों को थोड़ी दिक्कतों का सामनाभीकरनापड़ा।

# रामनगर में ताजियों के साथ निकाला मोहर्रम का जुलूस, कड़ी रही सुरक्षा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बुधवार को शान-ओ-शौकत के साथ मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। ताजियों के साथ निकले जुलूस को देखने के लिए खताड़ी, गुलरघट्टी, बम्बाघेर के अलावा ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ निकले जुलूस में शामिल युवा पारंपरिक शस्त्रों के साथ शौर्य प्रदर्शन करते दिखाई दिए। मोहर्रम के जुलूस को लेकर शहर में सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था रही।

खताड़ी, गुलरघट्टी, विभिन्न मोहल्लों तथा आसपास से गांवों ताजिया के साथ निकला जुलूस नगर के विभिन्न मोहल्लों से गुजर कर जामा मास्जिद के पास पहुंचकर कर छोटे से मेले में तब्दील हो गया। शिवलालपुर चुंगी से एमपी इंटर कॉलेज के खेल मैदान तक रूट डायवर्ट रहा तथा नगर पालिका प्रशासन के द्वारा सफाई की विशेष व्यवस्था की गयी। इस दौरान कोतवाल अरुण कुमार सैनी, एसएसआई फर्स्ट मो.यूनुस, एसएसआई सेकेंड मनोज नयाल, अखाड़े के सदर मो.शमी उर्फ छम्मो, सेकेट्री इरफान सैफी, जुनैद उस्ताद, फजले आलम आदि लोग मौजूद रहे।



रामनगर में निकलते एक ताजिया।

### मोहर्रम कमेटी की नई कार्यकारिणी का गठन

**रामनगर :** मोहर्रम कमेटी की नयी कार्यकारिणी के लिए मो. शमी उर्फ छम्मो पुन: अध्यक्ष चुने गए है। मो. चांद की सरपरस्ती में इरफान सैफी सचिव, मोहल्ला खताड़ी के नसीमुद्दीन अंसारी नायब सदर, भवानी गंज के अनीश अहमद सैफी को कोषाध्यक्ष, नासिर अहमद को नायब सेकेट्री बनाया गया। इसके अलावा मो. उस्मान ब्लाक रोड, चांद मोहम्मद गुलरघट्टी, मो.हसन चिलकिया को मोहर्रमदार, खाताड़ी अखाड़े के उस्ताद फकरे आलम, अखाड़ा सब्जीमंडी, भवानी गंज मो. जुनैद,अखाड़ा सब्जीमंडी खलीफा मो.सलमान उर्फ मोना, मो. राशिद सिद्दकी गुलरघट्टी खलीफा, मो. गुलजार बम्बाघेर खलीफा, चीनी खलीफा खताड़ी, मो. आसिफ सैफी भवानी गंज, मो. अनवर गुलरघट्टी, मो.फरमान तेलीपुरा कार्यकारिणी में चुने गए।

# नारेबाजी के साथ जुलूस निकालकर कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** केदारनाथ धाम से कथित रूप से सोना चोरी होने व दिल्ली में बन रहे केदारनाथ धाम को आस्था के साथ खिलवाड़ बताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर लगातार हिंदुओं की आस्थाओं पर कुठाराघात करने का आरोप लगाते हुए रानीखेत रोड पर नारेबाजी के साथ आर्य समाज भवन तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। रावत ने कहा कि पूर्व में केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब हो गया है। शंकराचार्य तक इससे चिंतित हैं। अब भाजपा सरकार द्वारा सनातन धर्म की आस्था के केन्द्र श्री केदारनाथ ज्योर्तिलिंग के साथ छेड़छाड़ कर केदार धाम से शिला दिल्ली ले जाकर सदियों पुरानी वैदिक सनातनी परम्पराओं को तोड़ते हुए मंदिर के नाम पर ज्योर्तिलिंग की स्थापना कर समस्त हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया गया है।



रामनगर में सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

खुद मुख्यमंत्री धामी भूमि पूजन में कह रहे थे जो श्रद्धालु उत्तराखंड नहीं आ सकते वह यहां आकर केदारनाथ का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं, जबकि पौराणिक तथा स्वयं प्रकट हुए ज्योर्तिलिंग का निर्माण कहीं नहीं किया जा सकता है, लेकिन भाजपा हमारी आस्थाओं के साथ लगातार खिलवाड़ करते हुए जगह जगह उनका निर्माण कर केदारनाथ धाम का महत्व कम करना चाहती है। भाजपा की मंशा प्रधानमंत्री मोदी को धर्म व इष्ट देवों से ऊपर स्थापित करने की है। इस दौरान भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, मो. अकरम, ललिता उपाध्याय, सतेस्वरी रावत, बीना रावत, अजय छिमवाल, जावेद खान, नवीन सुनेजा, ओमप्रकाश पलड़िया, मो. अजमल, प्रेम जैन, राजेंद्र बिष्ट, कमल नेगी, राजेश नेगी, कैलाश त्रिपाठी, धीरज उपाध्याय, नजाकत अली, चांद खान, अनुभव बिष्ट, बाली राम, धीरज मोलिखी, ओम प्रकाश आर्यवंशी, नवीन सनवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामनगर में बाइक सवार पर झपटा बाघ, घायल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे 309 पर गर्जिया पुलिस चौकी से पहले बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति पर बाघ ने झपट्टा मार दिया, जिसमें वह घायल हो गया। बाघ ने उस पर दोबारा हमला करने का प्रयास किया मगर बाइक चला रहे व्यक्ति तेजी से बाइक बढ़ा दी। वरना वह बाघ के हमले का शिकार हो जाता। घायल को रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी।

बता दें कि 53 वर्षीय हरीश राम पुत्र बालीराम सुंदरखाल के रहने वाले हैं। मंगलवार की रात 8:30 बजे के आसपास वह बाइक से ढिकुली से सुंदरखाल जा रहे थे। गर्जिया पुलिस चौकी से 500 मीटर पहले जंगल से कोसी नदी की ओर जा रहे बाघ ने बीच सड़क पर बाइक के पीछे बैठे पर हरीश राम पर झपट्टा मार दिया। घायल हरीश ने बताया कि बाघ ने उन पर दोबारा हमला करना चाहा मगर बाइक चला रहे व्यक्ति ने तेजी से बाइक आगे बढ़ा दी। तब कहीं जाकर बाघ वापस लौट गया।



अस्पताल में भर्ती बाघ के हमले में घायल।


बाद में घायल व बाइक सवार ने इसकी सूचना पास ही पुलिस कर्मियों को दी। पुलिस कर्मियों ने वन कर्मियों को घटना की जानकारी देते हुए घायल को रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की कमर पर बाघ के नाखून के निशान हैं। अस्पताल के डॉक्टरों ने उपचार करने के बाद घायल को उसके घर भेज दिया। उधर रामनगर वन प्रभाग के कोसी रेंज कार्यालय प्रभारी वीरेंद्र पांडे ने बताया कि सड़क पार करते हुए बाघ ने बाइक सवार पर झपट्टा मारा है। उस क्षेत्र में बाघ की गतिविधियां हैं, ऐसे में उस क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहेब्लिटेशन सेंटर



डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली,
एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ
वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर
उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY



पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या
पेशाब होने का अनुभव न होना
प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन सम्बन्धित समस्याएं
पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म
लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रैक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाऐं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहैब • सीपी एण्ड ऑटिज्म रिहैब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • सॉकवेव थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलैक्ट्रो कॉम्बिनेशन थैरेपी • ड्राई निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आईस, फायर, हीजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एस.टी.एम. • रोबोटिक हार्नेस सिस्टम • ११ एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याऐं :
पैरालाइसिस
चेहरे का लकवा
कमर में दर्द
स्लिप डिस्क
शरीर में घाव, बैड सोर
सर दर्द, माइग्रेन
जोड़ों का दर्द (गठिया)
कोहनी में दर्द
कंधों का जाम या दर्द
गर्दन में दर्द/जकड़न/चक्कर आना
साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द)
घुटनों का दर्द (ऑर्थराइटिस)
बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी)
फ्रैक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न
मांसपेशियों में खिंचाव
ऐड़ी में दर्द
हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन
डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याऐं (मांसपेशियों का ढ़ीला होना, आदि)
FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873

### पोखर को अतिक्रमण से बचाने के लिए न अधिकारियों ने कोई जहमत उठाई और न तत्कालीन मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौलेता ने पार्षदों की सुनी

# नलकूप बना न पार्क, छुटभैये नेता ने पोखर पर बना डाली दुकानें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भूगर्भीय जलस्तर को बढ़ाने के लिए सरकार और उच्च न्यायालय गंभीर है, लेकिन जिसे इस काम को अंजाम तक पहुंचाना है वो मौन हैं। दमुवाढूंगा में खाली पड़े पोखरों को पुनर्जीवित करना तो दूर प्रशासन इन्हें कब्जा होने से भी बचा भी नहीं पाया। इन अधिकारियों ने न तो जनप्रतिनिधियों की सुनी और न ही तत्कालीन मेयर ने अपने पार्षदों की। खाली पड़े पोखर पर न नलकूप बन सका और ना ही पार्क। उल्टा एक स्थानीय छुटभैये नेता ने बाजार बना लिया और अब वो हजारों रुपये घर बैठे कमा रहा है।

दमुवाढूंगा इलाके के जवाहर ज्योति वार्ड 36 में शर्मा आटा चक्की के सामने सरकारी पोखर को कब्जे का खेल चल रहा है। इस पोखर को केंद्र सरकार की योजना के तहत इसे पक्का किया गया था। वर्ष 2021 में मनोनीत पार्षद रहे देवी दयाल उपाध्याय ने तब मेयर रहे डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला को एक पत्र लिखकर उक्त भूमि को कब्जाने की आशंका जाहिर की थी। उन्होंने तब लिखा था, नगर कवरिंग का काम तेजी से चल रहा है और जनहित में निवेदन किया गया कि नगर के किनारे कई स्थानों पर जनता की सुविधा के लिए कपड़े धोने, पानी भरने और जानवरों को पानी पिलाने के लिए स्थान बनाए गए थे। ऐसे स्थानों पर नहर चौड़ी हो गई है। वर्तमान में ऐसे स्थान खाली छूट जाएंगे, जिसे लोग कब्जा सकते हैं। अतः ऐसे स्थानों का चिह्निकरण करके उसका सौंदर्यीकरण किया जा सकता है। जिसमें छोटे पार्क बनाए जा सकते हैं। इससे पहले वर्ष 2017 में वार्ड 36 की पार्षद रहीं चम्पा देवी ने पेयजल निगम को खाली पड़े स्थान पर नलकूप लगाने का प्रस्ताव भेजा था। कहा था कि जवाहर ज्योति और शिवपुरी कालोनी में लगभग 500 परिवार पेयजल न होने के कारण अत्यधिक प्रभावित हैं। मित्रपुरम में पूर्व के गऊघाट, जो तब खाली जगह थी, उसे जनहित में प्रयोग कर नलकूप खुदवाने का अनुरोध किया था, लेकिन न पेयजल निगम ने ध्यान दिया और न ही नलकूप बन पाया। अब इस सरकारी भूमि पर निजी इमारत खड़ी है।

#### हरियाली प्रोजेक्ट के तहत पक्का हुआ था पोखर

**हल्द्वानी :** वर्ष 2005 में भारत सरकार का हरियाली प्रोजेक्ट आया और कच्चे पोखरों को पक्का करने का काम शुरू हुआ। योजना से 50 हजार रुपये केंद्र सरकार ने दिए और इस पोखर के चारों की ओर दीवार खड़ी गई। तब जलागम के अधिशासी अभियंता रहे उपाध्याय को ब्लॉक क्षेत्र के तमाम पोखरों की मॉनिटरिंग के लिए रखा गया। भूमि संरक्षण विभाग भी इस कार्य में शामिल था। हालांकि अब तथाकथित नेता इस पोखर को खुर्द-बुर्द कर रहा है।

#### पुलिस चौकी बनाने की योजना का विरोध कर दिया

**हल्द्वानी :** वर्ष 2005 में ग्राम प्रधान रहे विजय कुमार पप्पू का कहना है कि पोखर को कब्जा लिया गया है, लेकिन जब लोग इसे कब्जाने की कोशिश कर रहे थे तब कई लोगों ने इसे बचाने की कोशिश भी की थी। मांग की थी कि पोखर पर कोई कब्जा करे इससे अच्छा यहां पुलिस चौकी बना दी जाए, लेकिन जिन लोगों को लाभ लेना था, उन्होंने विरोध कर दिया। विजय का कहना है कि मौजूदा वक्त में पोखर की सवा बीघा से अधिक जमीन को कब्जा लिया गया है।

# कुकिंग व अन्य प्रशिक्षण लेकर अपराध की दुनिया छोड़ें और आत्मनिर्भर बनें : तिवारी

### हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने उपकारागार में बेकरी का उद्घाटन कर बंदियों को दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


हल्द्वानी उपकारागार में बेकरी का उद्घाटन करते न्याय मूर्ति मनोज कुमार तिवारी।

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश/कार्यपालक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी ने हल्द्वानी उप कारागार का निरीक्षण किया। सुशीला तिवारी अस्पताल में लीगल ऐड क्लीनिक का उद्घाटन और एफटीआई में पौधरोपण किया और बहुद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में प्रतिभाग किया।

वरिष्ठ न्यायाधीश तिवारी बुधवार को सर्वप्रथम उप कारागार पहुंचे। उन्होंने जेल में कैदियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए बेकरी का शुभारंभ किया। उन्होंने बेकरी में काम कर रहे कैदियों से बातचीत की और बेकरी में बन रहे उत्पादों केक, बिस्कुट, पेटीज आदि खाद्यों की जानकारी ली। कैदियों से बेकरी का प्रशिक्षण लेने के बाद अपराध की दुनिया छोड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने जेल में बंद पुरुष और महिला बंदियों से मुलाकात की और जेल में मिलने वाली सुविधाओं का हालचाल जाना। बंदियों को जानकारी दी कि एक वर्ष में 266 मामलों में बंदियों की पैरवी के लिए निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए गए और 1,450 बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई। इस अवसर पर वरिष्ठ न्यायाधीश ने जेल में बंदियों द्वारा बनाए गए फर्नीचर, लोहे की वस्तुएं, पेटिंग्स, गमले आदि भी देखे।

यहां से वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल पहुंचें और विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र का उद्घाटन किया। अस्पताल के डॉक्टर्स से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

अंत में वह रामपुर रोड स्थित वानिकी प्रशिक्षण अकादमी पहुंचें। लोकपर्व हरेला के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कर किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटकों से प्रकृति से प्रेम, पर्यावरण का संरक्षण और संवर्द्धन के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की ओर से भी हरेला के उपलक्ष्य में 16 से 31जुलाई तक पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधे रोपना ही नहीं बल्कि उनका संरक्षण जरूरी है, यही हमारा संकल्प होना चाहिए। वर्तमान में वैश्विक ताप से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, इसके लिए पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। कोविड-19 महामारी के दौरान ऑक्सीजन का महत्व समझ में आया। ऑक्सीजन निर्माण के लिए अधिकाधिक संख्या में पौधरोपण करना होगा।

इस अवसर पर उन्होंने समाज कल्याण विभाग की ओर से 6 दिव्यांगों को व्हील चेयर और एक दिव्यांग को बैसाखी दी। पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रही गो ग्रीन गो क्लीन संस्था के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पिछले माह बाल श्रम, बाल अधिकार, महिला सशक्तिकरण, आजादी का अमृत महोत्सव, पौधरोपण आदि पर विभिन्न स्कूलों में पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता कराई थीं, इन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

इस दौरान जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी, अपर जिला जज प्रथम हल्द्वानी कुंवर अमनिंदर सिंह, सीजेएम नैनीताल रवि प्रकाश, एसीजेएम हल्द्वानी अखिलेश पांडे, विशेष कार्यकारी अधिकारी अरुण बोहरा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव बीनू गुल्यानी, सिविल जज सीनियर डिवीजन हल्द्वानी ज्योति बाला, निदेशक डॉ. तेजस्विनी पाटिल, एडीएम शिवचरण द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, तहसीलदार सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## इकरा का फुटबॉल हॉस्टल के लिए चयन



**हल्द्वानी :** काठगोदाम निवासी इकरा अंसारी पुत्री राशिद अंसारी का चयन उत्तरकाशी फुटबॉल हॉस्टल के लिए हुआ है। इकरा काठगोदाम में साईं फुटबॉल क्लब की ओर से खेलती हैं। नगर निगम इंटर कॉलेज में जुबैर मोहम्मद से खेल की बारीकियां सीखती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पंकज जायसवाल, पंकज खत्री, सुरेश डासीला, कुंदन बिष्ट, मयंक सांगुड़ी ने बधाई दी।

## राजेश बने जिलाध्यक्ष प्रज्ञान जिला महामंत्री




**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा और प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण ने राजेश पुरी को नैनीताल जिला अध्यक्ष और प्रज्ञान भारद्वाज को जिला महामंत्री नियुक्त किया है। दोनों पदाधिकारियों से व्यापारी हितों के लिए संघर्ष की उम्मीद की गई है। उनकी नियुक्ति पर डॉ. धर्म यादव, प्रकाश हर्बोला, भगवान सहाय, राजीव अग्रवाल, विरेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, शकील अहमद, देवेश अग्रवाल, ऋषभ पाठक, विनोद आनंद, राजीव वर्मा, गौरव अग्रवाल, शंकर भुटियानी ने बधाई दी है।

## सार-संक्षेप


विधायक भगत और अरविंद पांडे ने लामाचौड़ में पौधे रोपे। ● अमृत विचार

### विधायक भगत और विधायक पांडे ने फलदार पौधे रोपे

**हल्द्वानी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत व गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने बुधवार को लामाचौड़ मंडल में आम, अमरूद, नींबू, जामुन, तेजपत्ता, के पौधे रोपे। दोनों ने संयुक्त रूप से पौधरोपण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरज पांडे, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, लाखन निगलटिया, कमलनयन जोशी, चंदन किरौला, गणेश शाह, प्रकाश पटवाल, गणेश जोशी, रवि कुरिया, कमल पलड़िया, सुरेश तिवारी, सुरेंद्र निगलटिया, संदीप सनवाल, सोबन सिंह भड़, सोबन सिंह भोजक, जसविंदर सिंह जस्सा, भवान सिंह आदि मौजूद रहे।



गायत्री फाउंडेशन में बच्चों के साथ इनरव्हील क्लब से जुड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

### निर्धन बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**हल्द्वानी :** इनरव्हील क्लब ने सदस्या रीता गुप्ता ने अपना जन्मदिन पर मां गायत्री फाउंडेशन में पढ़ने वाले निर्धन बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने बच्चों के साथ केक काटा और मिठाई-चॉकलेट बांटीं। फाउंडेशन की शशि द्विवेदी ने क्लब की सदस्याओं को शील्ड और रिबन भेंट किया। इस दौरान लिली सिंह, इंदु पांडे, नीरजा बोरा, सुशीला भाकुनी, रश्मि सिंह, शोभा जयसवाल, शशि खंडेवाल, रीता गुप्ता, अमिता पांडे और निवेदिता पांडे मौजूद थीं।


पौधरोपण करते अपनी धरोहर संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

### हरेला पर्व पर राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस घोषित करने की मांग

**हल्द्वानी :** अपनी धरोहर संस्था की ओर से हरेला महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कुसुमखेड़ा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुए महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, संस्था अध्यक्ष विजय भट्ट, जिला संयोजक योगेश जोशी, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजिका सुनीता जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा कि हरेला पर्यावरण, प्रकृति और जल संरक्षण को समर्पित पर्व है। भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार से हरेला पर्व को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस घोषित करने कि मांग की। इस मौके पर फलदार, छायादार पौधे रोपे गए। विभिन्न सामाजिक संस्थाओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान जोहार शोका समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पांगती, जोहार शोका महिला समिति अध्यक्ष बसंती टोलिया, पुनर्नवा समिति अध्यक्ष लता बोरा, शांति जीना, साथी संगठन के अध्यक्ष लीलाधर पांडेय, प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, गौरा माहेश्वरी समिति, पर्यावरणविद मदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत विद्यालय में तुलसी एकादशी पर मौजूद बच्चे।

### दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत विद्यालय में तुलसी पूजन

**हल्द्वानी :** दुर्गादत्त कपिलाश्रमी संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय में देवशयनी एकादशी/तुलसी एकादशी के अवसर पर विद्यालय में तुलसी पौधरोपण एवं तुलसी पूजन हुआ। इसमें तुलसी के कई पौधों को विद्यालय के प्रांगण में रोपा गया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्रों ने विधि विधान एवं वेद मन्त्रों के उच्चारण के साथ तुलसी पूजन किया। इस दौरान प्रबंधक आनंद प्रकाश हर्बोला, उप प्रबंधक गिरीश चन्द्र कांडपाल, प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र भट्ट मौजूद रहे।


ग्रामीणों को पौध वितरण करते अंबेडकर एकता फाउंडेशन के सदस्य।

### बच्चों की तरह पौधों की देखभाल करने की अपील

**कालाढूंगी :** हरेला पर्व पर अंबेडकर एकता फाउंडेशन की ओर से ग्रामीणों को पौध वितरण व क्षेत्र में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। सदस्यों ने गुलजारपुर, धापला गांव में अमरूद, अशोक, आंवला, नीम, बरगद के दर्जनों पौधे बांटकर पौधरोपण किया। फाउंडेशन के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द कुमार ने कहा कि हमें पौधों की बच्चों की तरह परवरिश कर देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान जोगेन्द्र प्रसाद, मनोज कुमार, जगदीश चंद्रा, महेन्द्र सिंह सलाल, ग्राम प्रधान पूजा, शशि कुमार, सुखवंत सिंह, चन्द्रशेखर पांडे, आनंद राम, दयानंद आर्या, दीपक गोस्वामी, आनंद राम, अनिल च्याल, विक्की आर्या मौजूद रहे।

### वन निगम डिपो में मनाया गया हरेला महोत्सव

**रामनगर :** हरेला महोत्सव के अवसर पर उत्तराखंड वन विकास निगम आम डंडा डिपो प्रथम द्वितीय तृतीय व विक्रय प्रभाग रामनगर कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्य किया गया, जिसमें पीपल, नीम, आंवला, शमी, आम, अमरूद, हरड़, जामुन व बकैन के 100 औषधि पौधे व पुष्प प्रजाति के 50 पौधे रोपे गए। पौधरोपण के उपरांत आयोजित सभा में प्रभावी विक्रय प्रबंधक जेआर आर्य प्रभागीय लॉगिंग प्रबंधक पश्चिमी हल्द्वानी पंकज कुमार शर्मा प्रभागीय लॉगिंग प्रबंधक कालाढूंगी पश्चिमी रोहित श्रीवास्तव के द्वारा हरेला के अवसर पर पौधों की उपयोगिता बताते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में आमडंडा डिपो अधिकारी ललित मोहन तिवारी, डिपो अधिकारी मदन सिंह बिष्ट, विद्यासागर, गिरीश पडलिया, महेश तिवारी, कमल किशोर ने सहभागिता की।

# पुलिस ने 6 माह बाद दर्ज किया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं को दर्ज करने में कोताही बरतने वाली पुलिस ने एक बार फिर वैसा ही किया। पीड़ित पुलिस के चक्कर लगाता रहा और कई महीने गुजर गए। अंत में छह माह बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चोर और मोटर साइकिल की तलाश शुरू की।

प्रेमपुर लोश्ज्ञानी निवासी हिमांशु बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 दिसंबर 2023 की सुबह करीब पौने 7 बजे उनकी मोटर साइकिल देवलचौड़ स्थित कंप्यूटर सेंटर के बाहर से चोरी हो गयी थी। उन्होंने अगले ही दिन 17 दिसंबर 2023 को टीपीनगर चौकी में तहरीर दी। पुलिस ने उन्हें मोटर साइकिल बरामद करने और चोर को पकड़ने का आश्वासन देकर चलता कर दिया।

इसके बाद वह माह दर माह टीपीनगर पुलिस चौकी के चक्कर काटते रहे और पुलिस आश्वासन देकर उन्हें टरकाती रही। हालांकि न तो मुकदमा दर्ज हुआ, न मोटर साइकिल मिली और न मोटर साइकिल चोरी करने वाला चोर। हार कर पीड़ित बीते मंगलवार 16 जुलाई को एक बार फिर तहरीर लेकर पुलिस के पास पहुंचा। हार कर पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले से जुड़े कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिसके आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

#### 26 दिन से लापता प्रॉपर्टी डीलर, तलाश में जुटी पुलिस

मंडी चौकी क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी प्रॉपर्टी डीलर 40 वर्षीय अखिलेश चंद्र बीते 26 दिन से लापता हैं। प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी लता भारद्वाज ने बताया कि बीती 21 जून को पति अखिलेश शहर में आयोजित एक धार्मिक आयोजन में जाने की बात कहकर घर से निकले थे और फिर लौट कर घर नहीं आए। इतने दिनों तक परिजनों ने भी पुलिस को सूचना नहीं दी। मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस ने लता की तहरीर पर प्रॉपर्टी डीलर की गुमशुदगी दर्ज कर तलाशशुरू कीहै।

## शहीद सैनिकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लालकुआं :** भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने डोडा में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने लगातार सैनिकों की शहीदत के लिए केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया।

भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक वनाग्नि व बारिश के कारण पैदा हुए हालातों पर धामी सरकार का रवैया निराशाजनक है। शुरुआती बारिश में ही बाढ़ जैसे हालात पैदा हो रहे हैं लेकिन सरकार आपदा से निपटने का इंतजाम नहीं कर सकी है। बिन्दुखत्ता में स्थाई तटबंध, रेलवे लाइन, लोगों के घर-खेत से लेकर स्टेडियम तक सब खतरे की जद में हैं लेकिन मुख्यमंत्री कुछ करने को तैयार नहीं हैं। बैठक में जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय, वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी, पुष्कर दुबडिया, विमला रौथाण, किशन बघरी आदि रहे।

# सतत विकास का लक्ष्य पाने में नैनीताल पहले स्थान पर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सतत विकास लक्ष्य के मामले में राज्य में पूणतः मैदानी जिले हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर अंतिम पायदानों पर हैं तो वहीं पहले और दूसरे नंबर नैनीताल और देहरादून जिले हैं, जिनमें एक बड़ा हिस्सा पर्वतीय क्षेत्रों का है। इसके बाद तीसरे से लेकर पांचवें नंबर तक पर पर्वतीय जिले हैं।

सतत विकास लक्ष्य का उद्देश्य एक ऐसा समाज तैयार करना है जो गरीबी, भुखमरी, बीमारियों आदि से मुक्त हो। हर साल राज्य के सभी जिलों के लिए सतत विकास का लक्ष्य तय किया जाता है। जिसमें साक्षरता, पोषण, स्वास्थ्य आदि प्रमुख बिंदु होते हैं। सेंटर फॉर पब्लिक पोलिसी एंड गुड गवेंस (सीपीपीजीजी) ने बीते वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। जिसके अनुसार राज्य में सतत विकास लक्ष्य हासिल करने में नैनीताल जिला पहले, देहरादून दूसरे नंबर पर है। बागेश्वर तीसरे, उत्तरकाशी चौथे और चमोली पांचवें नंबर पर है। छठे नंबर पर पौड़ी, सातवें पर चंपावत, आठवें पर रुद्रप्रयाग, नवें पर टिहरी, दसवें पर अल्मोड़ा और 11वें नंबर पर पिथौरागढ़ है। राज्य के 13 जिलों में अंतिम पायदान पर ऊधमसिंह नगर रहा है।

#### देहरादून दूसरे पर खिसका

सीपीपीजीजी ने उत्तराखंड के जिलों के संदर्भ में साल 2019-20 में सतत विकास लक्ष्य की पहली रिपोर्ट जारी की थी। तब देहरादून जिला पहले नबंर था और नैनीताल जिला दूसरे नंबर पर था। उस रिपोर्ट में पिथौरागढ़ और टिहरी दोनों ही जिले नवें नंबर पर थे। अंतिम पायदान पर तब भी ऊधमसिंह नगर जिला ही था।





वरूण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

# काशीपुर और सितारगंज में पांच स्थानों पर मिला लार्वा

## केमिकल का छिड़काव कर लार्वा किया नष्ट, जिले में डेंगू के लार्वा मिलने के 47 हॉट स्पॉट हैं चिह्नित, आशाओं को सौंपी गई है जिम्मेदारी

डेंगू का डंक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में बारिश के बाद अब डेंगू का खतरा भी बढ़ सकता है। विभाग ने डेंगू के सोर्स का पता लगाने के लिए आशाओं को जिम्मेदारी सौंपी हुई है। आशाएं घर-घर जाकर डेंगू के सोर्स का पता लगा रही हैं और एंटी लार्वा केमिकल का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं अब तक काशीपुर और सितारगंज के पांच स्थानों पर डेंगू का लार्वा मिला है। जिसे आशाओं ने एंटी लार्वा केमिकल छिड़कर नष्ट कर दिया है। वहीं जिले में डेंगू के लार्वा मिलने के 47 हॉट स्पॉट चिह्नित किये गये हैं।

जिले में पिछले दिनों भारी बारिश के चलते कई स्थानों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई थी। इसमें रुद्रपुर, खटीमा, सितारगंज, काशीपुर, बाजपुर, नानकमत्ता समेत कई स्थानों में जलभराव हो गया था। इस जलभराव के चलते अब डेंगू का खतरा भी मंडराने लगा है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी ब्लॉकों में करीब 1346 आशाओं की ड्यूटी लगायी गयी है। सभी आशाएं घर-घर जाकर डेंगू के सोर्स की जानकारी जुटा रही हैं। जहां घरों में गमले, टायर, कूलरों और अन्य स्थानों में पानी जमा हुआ है उसे साफ किया जा रहा है। ताकि डेंगू का लार्वा पनपने न पाएं।

वहीं विगत दिनों स्वास्थ्य विभाग की टीम को काशीपुर और सितारगंज के पांच स्थानों में डेंगू का लार्वा मिला था। जिसे आशाओं ने एंटी लार्वा केमिकल का छिड़काव कर नष्ट कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार बारिश के बाद कई स्थानों में जलभराव हो गया था। इससे डेंगू का खतरा बढ़ा हुआ है। इस खतरे को देखते हुए विभाग ने 47 स्थानों को हॉट स्पॉट चिह्नित किया है। यहां डेंगू की संभावना अधिक हो सकती है। यहां आशाओं को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गये हैं। इसके अलावा लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक किया जा रहा है।


काशीपुर के सरकारी अस्पताल में बना डेंगू वार्ड। ● अमृत विचार

### काशीपुर में 12 बेडों का डेंगू वार्ड बनकर तैयार

**काशीपुर :** स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू से निपटने की तैयारी कर ली है। काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में भी डेंगू वार्ड बनकर तैयार हो चुका है। हालांकि अभी तक एक भी डेंगू की मरीज की पुष्टि नहीं हुई है। काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में 12 बेडों का डेंगू वार्ड बनकर तैयार हो चुका है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. खेमपाल ने बताया कि अस्पताल में डेंगू वार्ड बनकर तैयार है। फिलहाल डेंगू के एक भी मरीज की पुष्टि नहीं हुई है।

> विगत दिनों काशीपुर और सितारगंज में पांच स्थानों पर डेंगू का लार्वा मिला था। इसे आशाओं ने एंटी लार्वा केमिकल का छिड़काव कर नष्ट कर दिया है। हालांकि अभी तक जनपद में डेंगू का कोई भी मरीज नहीं मिला है। वहीं डेंगू के लार्वा मिलने के चिह्नित 47 स्थानों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यहां आशाएं डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है और सोर्स मिलने पर उसे एंटी लार्वा केमिकल से नष्ट किया जा रहा है। **-डॉ. राजेश आर्या**, एसीएमओ, ऊधमसिंह नगर

# जिले में डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिले में बारिश के साथ ही स्वास्थ्य विभाग डेंगू को लेकर अलर्ट मोड पर आ गया है। हालांकि अभी जिले में डेंगू का एक भी मरीज नहीं मिला है। बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने ऊधमसिंह नगर के अस्पतालों में करीब 76 आइसोलेशन बेड लगाये हैं। ताकि डेंगू मरीजों को अन्य मरीजों से अलग रखा जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में डेंगू से मरीजों की सुरक्षा को लेकर 78 आइसोलेशन बेड लगाये गये हैं। इसमें जिला अस्पताल रुद्रपुर में 20 आइसोलेशन बेड लगाये गये हैं। इसके अलावा उप जिला चिकित्सालय काशीपुर में 12, नागरिक चिकित्सालय खटीमा में 12 और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 6-6 आइसोलेशन बेड लगाये गये हैं। ताकि डेंगू के मरीजों को सामान्य मरीजों से अलग रखा जा सके और उनका बेहतर तरीके से उपचार हो सके।

स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ डॉ. राजेश आर्या ने बताया कि डेंगू के मरीजों को बेहतर उपचार देने के लिए जिले के अस्पतालों में 76 आइसोलेशन बेड लगाए गये हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों को भी डेंगू के मरीज मिलने पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों को डेंगू के मरीज से जांच का तय रेट लेने के भी निर्देश दिये हैं। साथ ही जांच के रेटों को लैब के बाहर चस्पा करने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि जो भी निजी अस्पताल मरीजों से तय रेट से अधिक पैसा लेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सतर्कता**

- **जिले के अस्पतालों में बनाए गये हैं 76 आइसोलेशन बेड**
- **रुद्रपुर में 20, खटीमा-काशीपुर में 12-12, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 6-6 बेड**




काशीपुर की पशुपति विहार कॉलोनी में खाली पड़े एक भूखंड में जमा पानी। ● अमृत विचार

# खाली भूखंडों में जमा पानी से परेशानी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में कई इलाकों में खाली पड़े भूखंडों में हाल में हुई बारिश से जलभराव हो गया है। हालत यह है कि कहीं-कहीं दो फीट तक पानी भरा हुआ है। ऐसे में लोग जलभराव से खासे परेशान हैं। पानी की निकासी नहीं होने से लोग नगर निगम को कोस रहे हैं।

कई इलाकों में लोगों ने सस्ते में भूखंड खरीद कर खाली ही छोड़ दिए हैं। ऐसे में बारिश में इन भूखंडों में पानी भर जाता है। नालियों की निकासी नहीं होने से यह पानी निकल नहीं पाता है और महीनों तक जलभराव की स्थिति बनी रहती है। पशुपति विहार, नीझड़ा, सैनिक कॉलोनी, आनंद विहार, गौरी विहार ओम विहार, श्यामपुरम, जसपुर खुर्द, कुमाऊं कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, केशवपुरम, विशाल नगर, साईं धाम कॉलोनी आदि कई इलाकों में खाली पड़े भूखंडों में पानी भरा हुआ है। इन इलाकों में भूखंडों में कई फीट तक पानी जमा होने से लोगों के घरों में सीलन आ रही है। इतना ही नहीं कई इलाकों में घरों में जहरीले सांप और कीड़े आने की शिकायत भी लोग कर रहे हैं। हालात ये हैं कि इन इलाकों में एक से दो फीट तक भूखंडों में पानी जमा है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारी का भी डर बना हुआ है।

> खाली पड़े भूखंडों के स्वामियों पर कार्रवाई करने का निगम के पास अधिकार नहीं है। यदि कोई भूखंड स्वामी के खिलाफ शिकायत निगम को देता है तो उसके खिलाफ नोटिस निगम नोटिस जारी करेगा। **-विवेक राय**, नगर आयुक्त, नगर निगम, काशीपुर

# अपने गुरुओं का करें सदैव सम्मान

- **महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने भक्तों को दिया आशीर्वाद**
- **श्री हिमगिरी महादेव मंदिर में धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री हिमगिरी महादेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने मंदिर में पहुंचे भक्तों को आशीर्वाद दिया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति अपने जिस भी गुरु को मानता है वह अपने गुरुओं का सदैव सम्मान करें तभी एक स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है। शास्त्रों में लिखा है कि गुरु के बिना गति नहीं होती ऐसे में गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर चलें और उनके पदचिन्हों को आत्मसात करें। इससे पूर्व श्री हिमगिरी महादेव मंदिर में पहुंचने पर समाजसेवी भारत भूषण चुघ व समाजसेवी अमर कुमार ने स्वामी धर्मदेव जी महाराज को पगड़ी पहनाकर उनसे आशीर्वाद लिया और समाज की सुख समृद्धि की कामना की।

इस दौरान रासबिहारी म्यूजिकल ग्रुप के भजन गायक विनायक ने अपनी मधुर वाणी से गुरु की महिमा का बखान किया। उन्होंने गुरु सिमरन में जो पल डूबा उसका क्या कहना, चारों धाम से बढ़कर है गुरु का धाम, गुरु की रहमत का कोई ठिकाना नहीं जैसे भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर अमर कुमार, विक्की डूडेजा, पंकज कुमार, विजय शास्त्री, राममिलन, मोहन कुमार, जगदीश लाल पाहवा, मुकेश गावड़ी, निधि कुमार, मनमोहन चोपड़ा, हेमंत कुमार, श्यामलाल ग्रोवर मौजूद रहे।


गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु का आशीर्वाद लेते समाजसेवी चुघ व अन्य।

## अगले तीन दिन और सताएगी गर्मी व उमस

**काशीपुर:** विगत सप्ताह हुई बारिश से तराई के लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली थी। लेकिन बीते दो दिनों से बारिश रुकने के बाद गर्मी व उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने अगले तीन दिन तराई में गर्मी व उमस बढ़ने का पूर्वानुमान लगाया है। जबकि तराई के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बुधवार को तराई का अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि बुधवार को हवा में 66 फीसदी नमी दर्ज की गई। हवा में नमी बढ़ने से लोगों को अधिक गर्मी व उमस का सामना करना पड़ा। बताया कि तराई में अगले तीन दिन कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है।


सितारगंज में भागवत कथा सुनाते पंडित रामजी। ● अमृत विचार

### सृष्टि का सार तत्व है परमात्मा

**सितारगंज :** श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बडे.हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हें बालक ने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए वृंदावन से आये पंडित राम जी ने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। भागवत कथा में अध्यक्ष रोशन लाल अग्रवाल, महामंत्री सुरेश जैन, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, उपाध्यक्ष भीमसेन गर्ग, जितेन्द्र गोयल, भगवान सिंह भंडारी, विन्देश जायसवाल, मथुरा प्रसाद तिवारी, राजेंद्र बंसल, सुशीला गोयल, धर्मा देवी, कृष्णा गोयल, राजरानी गर्ग, लक्ष्मी सिंघल आदि मौजूद रहे।

**विवाद** कुछ व्यापारी लगातार कर रहे चुनाव का विरोध, अधिकांश व्यापारी चुनाव कराने के समर्थन में आए सामने

# किच्छा में व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर गरमाई राजनीति

राजेंद्र सहगल "राजू", किच्छा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की घोषणा के साथ ही व्यापारियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। घोषणा के बाद चुनाव मैदान में उतरने वाले संभावित प्रत्याशियों द्वारा लगातार व्यापारियों से संपर्क कर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया गया है। लगभग एक महीने पूर्व प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इस बीच सदस्यता अभियान शुरू होने के साथ ही कुछ व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। फिलहाल जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने आगामी 25 जुलाई को व्यापार मंडल के मतदान की तिथि घोषित कर दी है। साथ ही चुनाव की पूरी तैयारी करने का दावा करते हुए पहली सूची जारी कर मतदाता के नाम पर आपत्ति, आपत्तियों का निस्तारण, नामांकन एवं नाम वापसी की तारीख तय करते हुए 25 जुलाई को चुनाव कराने का ऐलान कर दिया है। घोषणा के बाद से चुनाव में दावेदारी कर रहे संभावित प्रत्याशियों में खुशी की लहर साफ देखी जा सकती है। व्यापार मंडल चुनाव की तिथि घोषणा के बाद व्यापारियों में भी खासा उत्साह भी देखा जा रहा है। अधिकांश व्यापारियों ने संगठन के जिलाध्यक्ष एवं चुनाव संचालन समिति का आभार व्यक्त करते हुए निर्णय का स्वागत किया है।


अक्षय बावा।


राजीव अग्रवाल।


रिजवान निक्की।

युवा नेता एवं व्यापारी अक्षय बावा ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं चुनाव संचालन समिति के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि नगर के अधिकांश व्यापारी चुनाव कराने के पक्ष में हैं जबकि कुछ व्यापारियों द्वारा निजी स्वार्थ के चलते चुनाव का बहिष्कार करते हुए विरोध किया जा रहा है, जो किसी दृष्टि से संगठन के हित में नहीं है।

मोबाइल व्यवसायी राजीव अग्रवाल ने कहा कि संगठन का कार्यकाल पूरा होने के बाद समय पर चुनाव होने चाहिए, जिससे संगठन की गरिमा बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में हुए व्यापार मंडल के चुनाव के बाद तीनों निर्वाचित पदाधिकारी आपस में खींचतान करते रहे और उनके आपसी विवाद के चलते 3 वर्ष तक व्यापार मंडल एवं युवा इकाई की कार्यकारिणी घोषित नहीं हो पाई, जिस कारण संगठन लगातार कमजोर साबित हुआ।

व्यापारी रिजवान निक्की ने कहा कि चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्य एवं जिला इकाई पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ नगर इकाई का चुनाव कराने के लिए जुटी हुई है तथा चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। उन्होंने व्यापार मंडल चुनाव का विरोध करने वाले कुछ व्यापारियों को नसीहत देते हुए कहा कि चुनाव का विरोध संगठन हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर विरोध करने वाले व्यापारियों को भ्रम है कि नगर के व्यापारियों का समर्थन उन्हें प्राप्त है, तो ऐसी स्थिति में उन्हें चुनाव मैदान में उतरना चाहिए, जिससे विरोध करने वाले व्यापारियों को अपनी अहमियत चुनाव के बाद साफ नजर आ जाएगी। फिलहाल चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही प्रत्याशियों एवं व्यापारियों की दिल की धड़कनें भी तेज होने लगी हैं। लगातार हो रही चर्चाओं के बीच कुछ व्यापारी असमंजस की स्थिति में नजर आ रहे हैं। एक तरफ अधिकांश व्यापारी चुनाव के समर्थन में हैं और उनका मानना है कि व्यापार मंडल के चुनाव जल्द ही संपन्न होने चाहिए और निर्वाचित कमेटी एकजुट होकर व्यापारी तथा संगठन हित में काम करे। फिलहाल चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज होने लगी है।

## विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी आज रुद्रपुर में

**रुद्रपुर :** विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी गुरुवार को रुद्रपुर पहुंचेंगी। यहां वे हरेला सप्ताह के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण करेंगी। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के तत्वावधान में यह कार्यक्रम रुद्रपुर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक उत्तरांचल पंजाबी युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने दी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से दोपहर 2 बजे कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0137075 की अंकतालिका व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गए हैं। - **किशोरी लाल पुत्र दीवानी राम, ग्राम कुनखेत, पो. मोहान, तहसील व जिला नैनीताल।**



## एक नजर

### अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने जहर खाया

**काशीपुर** :मिस्सरवाला निवासी 24 वर्षीय एक महिला ने बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसको गंभीर हालत में रामनगर रोड स्थित एलडी भट्ट चिकित्सालय लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद उसके परिजन इलाज कराने के लिए उसको हायर सेंटर के लिए ले गये।

### अवैध बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर** :पुलिस ने 12 बोर अवैध बंदूक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम केलाबंदवारी निवासी भजन सिंह को अपने बिस्तर के नीचे रखी 12 बोर की बंदूक के साथ पकड़ा है। आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

### हापुड़ से वारंटी दबोचा

**बाजपुर** : पिछले लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी मोहल्ला मीरपुर जानसठ जिला मुजफ्फरनगर उत्तर-प्रदेश निवासी तुषार शर्मा उर्फ मन्नू शर्मा हाल निवासी आवास विकास मेरठ रोड जिला हापुड़ उत्तर-प्रदेश को दबिश देकर हापुड़ से गिरफ्तार किया गया। उसे बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया है। आरोपित वर्ष 2021 के धारा 411 आईपीसी में वांछित था और फरार चल रहा था।

### पत्नी का हत्यारोपी गिरफ्तार किया

**नानकमत्ता** : पत्नी की हत्या के आरोपी सर्वजीत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गत 11 जुलाई को मृतका मंजीत कौर के पिता स्वर्ण सिंह निवासी विचुवा ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोप लगाया था कि दहेज के खातिर उसकी पुत्री को दामाद सर्वजीत सिंह उर्फ सोनू निवासी टुकड़ी ने जहर देकर मार दिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आज उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# फंदे पर लटका मिला टुकटुक चालक का शव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में टुकटुक चालक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



संजय राठौर।

ग्राम जगन्नाथपुर मिलक रामपुर यूपी व हाल निवासी थाना ट्रांजिट कैंप आजाद नगर का रहने वाला 20 वर्षीय संजय राठौर अपने मौसेरे भाई के यहां ट्रांजिट कैंप में किराए के मकान में रहता था और सिडकुल की एक फैक्ट्री में टुकटुक चलाता था। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह सात बजे जब मौसेरा भाई ड्यूटी से लौटा तो संजय का कमरा बंद था। जब उसने आवाज दी तो कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इस पर युवक ने खिड़की से देखा तो युवक फंदे पर लटका हुआ था।

सूचना मिलते ही थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक की मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। जहां रो-रोकर उनका बुरा हाल है। थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## तीरंदाजी में पदक हासिल कर चुके आर्मी रिटायर्ड कोच द्रोणासागर में खिलाड़ियों को दे रहे प्रशिक्षण

# द्रोणाचार्य की मदद से अर्जुन साध रहे निशाना

**पहल**

- अब तक 12 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल के लिए कर चुके हैं तैयार

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**अमृत विचार :** कभी द्वापर युग में अर्जुन ने काशीपुर के द्रोणा सागर में द्रोणाचार्य से धर्नुविद्या का ज्ञान लिया था तो वहीं अब फिर से द्रोणा सागर में तीरंदाजी का प्रशिक्षण देने की पहल केडीएफ ने शुरू की है। इसके तहत 12 खिलाड़ियों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि कई खिलाड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हो चुके हैं।



तीरंदाजी का प्रशिक्षण देते कोच हेम चंद्र हर्बोला। ● अमृत विचार

द्रोणा सागर में स्थित केडीएफ गार्डन में खिलाड़ियों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण देने की शुरुआत की है। इसमें खिलाड़ियों को इंडियन राउंड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए अब तक 12 खिलाड़ी अपना पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें जूनियर वर्ग में दो, सब जूनियर वर्ग में चार, जबकि छह खिलाड़ी सीनियर वर्ग के शामिल हैं। वहीं तीरंदाजी के कोच हेम चंद्र हर्बोला ने बताया कि जल्द ही तीरंदाजी की होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए 50 मीटर राउंड के दो खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है।

### पहला कांस्य पदक उत्तराखंड को दिला चुके हैं हेम

**काशीपुर :** कुमाऊं रेजिमेंट से रिटायर्ड कोच हेम चंद्र हर्बोला तीरंदाजी के खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2001 में नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रदेश को उनके द्वारा कांस्य पदक मिला था। इसके बाद उन्होंने काशीपुर के खिलाड़ियों को भी तीरंदाजी में पदक दिलाने का संकल्प लिया है।

### अगस्त में होगी स्टेट प्रतियोगिता

**काशीपुर :** तीरंदाजी के कोच हेम चंद्र हर्बोला ने बताया कि द्रोणा सागर में बीते डेढ़ माह से खिलाड़ियों को 30 व 50 मीटर राउंड की तैयारी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अगस्त में तीरंदाजी की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता होने जा रही है। इसके लिए उन्होंने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# आधी रात गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा भूरारानी, दहशत में लोग

## पहले युवक को घेरकर किया हमला, रातभर फायरिंग करते रहे युवक, सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के गांव भूरारानी में मध्यरात्रि उस वक्त दहशत का माहौल पैदा हो गया, जब एक युवक से हुए विवाद के बाद बाइक सवार हथियारबंद युवकों ने तमंचे से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी है। हमलावरों ने पहले युवक को घेरकर हमला किया, जब वह बच कर निकल गया तो घर के आगे व इलाके में फायरिंग करते रहे। सुबह होने पर पीड़ित परिवार ने पार्षद मोहन खेड़ा के साथ आकर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

बुधवार को तहरीर सौंपते हुए वार्ड-32 भूरारानी निवासी सीता देवी ने बताया कि 16 जुलाई की रात्रि दस बजे उसका बेटा शिव कुमार अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था। जब वह फ्लाईओवर के समीप पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे सात-आठ युवकों ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जान बचाकर भाग रहे बेटे पर हमलावरों ने तमंचे से दो राउंड फायर किए। बताया कि बेटे ने नजदीक ही एक मॉल की बिल्डिंग में छिपकर जान बचाई और घर आकर घटना की जानकारी दी।

**16** जुलाई की रात्रि दस बजे शिव कुमार अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था, हुई मारपीट



निवर्तमान पार्षद के साथ पुलिस को तहरीर देता पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

बताया कि बाइक सवार सभी हमलावर एक फिर बेटे को ढूंढते हुए गांव भूरारानी पहुंचे और साढ़े 11 बजे से इलाके में रूक-रूककर फायरिंग करते रहे।

आरोप था कि सबसे पहले हमलावरों ने घर के आगे एक फायर किया और बेटे को जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता का आरोप था कि धमकी देने के बाद सभी हमलावर युवक रात्रि साढ़े 12 बजे तक घर के मुख्य मार्ग पर धारदार हथियार व तमंचे लेकर घूमते रहे और रूक-रूक कर गोलियां चलाते रहे। इससे गांव में दहशत का माहौल है। पीड़िता ने तहरीर और वायरल वीडियो पुलिस को मुहैया कराते हुए कार्रवाई की मांग की। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार हमलावरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पार्किंग से चोरी कर ले गए चार युवक

**बाजपुर:** बाइक पर सवार होकर आए चार युवक पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी करके ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पार्किंग संचालक ने कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चकरपुर रोड निवासी गिंदा सोही डॉ. हरिओम पांडेय हॉस्पिटल के सामने वाहन पार्किंग चलाता है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम एक बाइक पर सवार होकर आए चार युवकों ने पार्किंग के अंदर खड़ी बाइक चोरी कर ली और फरार हो गए। वाहन स्वामी बाइक लेने पहुंचा तो घटना का पता चला। इससे संचालक व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो बाइक पर सवार होकर आए चार युवकों में से एक ने बाइक चोरी कर ली और तीन युवक दूसरी बाइक पर उसके पीछे-पीछे चले गए। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने के साथ ही शक के आधार पर दो युवकों को कोतवाली में बैठा लिया है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

# 25.64 लाख का सोना लेकर फरार मैनूर की तलाश शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**जांच**

- देहरादून में परिजनों से पूछताछ करेगी पुलिस
- सीओ ने दिए आदेश, एक टीम करेगी तफ्तीश

**अमृत विचार:** शहर के नामी ज्वैलरी कारोबारी का लाखों का सोना लेकर फरार हुए आभूषण कारीगर मैनूर की तलाश में पुलिस ने अपनी तफ्तीश को शुरू कर दिया है और उसकी तलाश तेज कर दी है। प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस की टीम सबसे पहले फरार आरोपी के परिवार से पूछताछ कर सकती है। इसके लिए पुलिस की फिलहाल एक टीम ने जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन स्थित बंसल ज्वैलर्स शोरूम के मैनेजर अमरजीत ने मुकदमा दर्ज कराया था कि फरवरी 2023 से देहरादून निवासी शेख मैनूर इस्लाम नाम का आभूषण कारीगर सोने-हीरे के आभूषण बनाता था। पुराने सोने की रिपेयरिंग भी करता था। एक अप्रैल 2024 से 12 जून तक कारीगर मैनूर को 415 ग्राम 200 मिली सोना दिया गया। जिस की कीमत 25.64 लाख रुपये है। जब आभूषण निर्मित होकर वापस नहीं आए तो पता चला कि आरोपी रुद्रपुर स्थित दुकान बंद कर फरार हो चुका है। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

उधर सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि उपनिरीक्षक अशोक फत्र्याल को अमानत में खयानत प्रकरण की तफ्तीश सौंप दी गई है। पुलिस की एक टीम जल्द देहरादून स्थित आरोपी के घर जाकर उसके परिवार व रिश्तेदारों से पूछताछ करेगी और जानने का प्रयास करेगी कि मैनूर का स्थायी तौर पर घर देहरादून में है या फिर कहीं और। साथ ही उसके छिपे होने के संभावित ठिकानों का भी पता पुलिस लगाएगी। इसके अलावा कोई और भी पीड़ित निकलकर सामने आता है तो पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करेगी। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

# मनोहर बने रुद्रपुर के कोतवाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**फेरबदल**

- मनोज को बनाया पंतनगर थाना प्रभारी, धीरेंद्र बने पीआरओ
- पांच इंस्पेक्टर, 25 सब इंस्पेक्टर के हुए तबादले

**अमृत विचार :** एसएसपी ने जहां रुद्रपुर कोतवाल धीरेंद्र कुमार को हटाकर पीआरओ बनाया। वहीं खटीमा के प्रभारी मनोहर दशौनी को रुद्रपुर का कोतवाल बनाया है। इसके अलावा पंतनगर का थाना प्रभारी की जिम्मेदारी मनोज रतूड़ी को दी है। एसएसपी ने जिले के पांच इंस्पेक्टर और 25 सब इंस्पेक्टर के तबादले कर दिए हैं।

बुधवार को जारी सूची में एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पुलिस लाइन से निरीक्षक नरेश चौहान को खटीमा कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। खटीमा के प्रभारी निरीक्षक मनोहर दशौनी को रुद्रपुर कोतवाली का जिम्मा दिया गया है। रुद्रपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार को पीआरओ एसएसपी और होमोसाइड सेल का प्रभारी बनाया गया है। एसआई मोहन चन्द्र भट्ट को प्रभारी आरटीआई सेल, सुभाष जोशी को प्रभारी सीएम हेल्पलाइन, राकेश राय को चुनाव सेल पुलिस कार्यालय का जिम्मा दिया गया है। खटीमा के एसएसआई अशोक कुमार को रुद्रपुर कोतवाली का एसएसआई प्रथम, एसएसआई किच्छा विनोद जोशी को एसएसआई खटीमा, उमेश कुमार को एसएसआई किच्छा, रुद्रपुर बाजार चौकी प्रभारी पंकज महर को खटीमा के चौकी बाजार प्रभारी, रुद्रपुर के आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी विजय सिंह को रुद्रपुर बाजार चौकी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात संदीप पिलखवाल को आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी रुद्रपुर, बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद मेहता को पतरामपुर चौकी प्रभारी, चुनाव सेल में तैनात महेश कांडपाल को प्रभारी चौकी बरहैनी और दीपक कोशिक को एसएसआई द्वितीय रुद्रपुर बनाया गया है।

पुलिस लाइन से एसआई केसी आर्य को पंतनगर, हेम चंद्र को तिवारी को पुलभट्टा, संदीप शर्मा को कुंडा, सौरभ कुमार को जसपुर, कैलाश चंद्र को पंतनगर, राजेंद्र सिंह को सितारगंज, चंदन सिंह को रुद्रपुर, मनोज जलाल को ट्रांजिट कैंप भेजा गया है। किच्छा से एसआई रिनी चौहान को पुलभट्टा, पुलभट्टा से राखी धौनी को किच्छा कोतवाली भेजा गया है।

# दिल्ली में केदार धाम के निर्माण से कांग्रेसियों में आक्रोश

**लामबंद**

- कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में केदार धाम के नाम से मंदिर निर्माण का विरोध किया। उन्होंने केदार धाम से 230 किलो सोना पीतल गायब होने पर इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उत्तराखंड से पलायन हो रहे शिक्षित यवाओं को रोजगार देने की मांग रखी।

बुधवार शाम कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार व पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए। यहां से केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ममता हालदार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देव भूमि उत्तराखंड की संस्कृति को आगे बढ़ाने के बजाय नकलकर केदार धाम के नाम से दिल्ली में मंदिर निर्माण करवा रहे हैं। इसका सभी साधु संतों ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की केदार धाम आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों से मिलने वाली आय भी अब समाप्त हो जाएगी। देवभूमि से पलायन बढ़ जाएगा। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि केदारनाथ धाम से 230 किलो सोना पीतल निकलने पर उसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्रदेश के बेरोजगार शिक्षित युवक दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार जन विरोधी कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला आग के हवाले किया। इस मौके पर जिपं पूर्व जिला उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, नगरध्यक्ष नारायण हालदार, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित चौहान उर्फ कमांडो, नित्यानंद मंडल, केके गावा, संतोष राय, कृष्णापद विश्वास, किशोर हालदार, ललित खोलिया, चंचल सिंह देऊपा, चंद्रमणि देवराडी, मनोज आर्या, अमर मंडल, काशीनाथ गुप्ता, ललन तिवारी, राकेश बाठला, सुरंजन मंडल आदि मौजूद थे।





दिनेशपुर में केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**मांग उठाई** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात

# सामान्य बजट के पदों पर समायोजित हों शिक्षक

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सीएम आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उनके तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई दी। साथ ही पंतनगर विवि के शिक्षकों सहित कैंपस स्कूल के शिक्षकों व कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपकर समाधान करने का अनुरोध किया।

पूर्व विधायक के अनुसार उन्होंने सीएम धामी को बताया कि पंतनगर विवि के नियंत्रक की ओर से मुख्य सचिव को भेजे पत्र के अनुसार विवि में सामान्य बजट में 390 पद रिक्त हैं। एक्रिप और केवीके के शिक्षकों के सापेक्ष 140 पदों पर इन शिक्षकों को समायोजित किया जा सकता है। परंतु शासन से इस पत्र पर अभी तक अनुमति नहीं मिली, जबकि इस दौरान विवि ने उक्त पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया को विज्ञापित किया है। ऐसा करने से यह 140 शिक्षक अधर में रह जाएंगे। आपके निर्देश पर गठित कमेटी ने इन शिक्षकों की समस्या हल करने के लिए बुलाई बैठक में यह सैद्धांतिक सहमति बनी थी कि इन्हें समायोजित किया जाए। इसी दौरान जिन शिक्षकों को विवि प्रशासन ने 60 वर्ष पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति कर दिया। जिनके हक में हाईकोर्ट का निर्णय भी आ गया कि यह विवि के कर्मचारी हैं, अतः इन्हें 65 वर्ष तक कार्य करने का हक है। अतः हाईकोर्ट के निर्णय के बाद इस तरह के 140 शिक्षकों को विवि का कर्मचारी माना जाए और विवि के सामान्य बजट के रिक्त 390 पदों में से 140 पदों पर इनका समायोजन किया जाए। तब तक विवि को इन पदों पर सीधी भर्ती न करने का निर्देश दिया जाए। सीएम धामी ने तत्काल मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि इस संबंध हाइकोर्ट के निर्णय को लागू करें। साथ ही हाइकोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की जरूरत नहीं है। ऐसे सभी 140 शिक्षको को पंतनगर विवि का शिक्षक माना जाए अथवा विवि के समान्य बजट में समायोजन किया जाए। साथ ही पंतनगर विवि के कैंपस स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों को कई माह से वेतन नहीं मिला है। इस विद्यालय के संरक्षक कुलपति पंतनगर विवि हैं और उनकी ओर से गठित कमेटी से इसका प्रबंधन होता है। परंतु इन्हें विवि का कर्मचारी नहीं माना जाता है और न ही इन्हें मान्यता प्राप्त विद्यालय का और ना ही प्राइवेट स्कूल का दर्जा है। अतः कैंपस स्कूल को या तो पंतनगर विवि में समाहित किया जाए अथवा इसे पूर्ण रूप से सरकारी स्कूल (राज्य सरकार) में निहित किया जाए।



दून में सीएम धामी को मांग पत्र सौंपते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला। ● अमृत विचार

# 16 दिन बाद भी हमजा का नहीं मिला सुराग

संवाददाता, रुद्रपुर

- रामपुर, मुरादाबाद, नैनीताल में खोजबीन जारी
- आखिरकार कहां गया किशोर, पुलिस भी परेशान

**अमृत विचार:** दो जुलाई की शाम से लापता 13 वर्षीय हमजा बेग का आखिरकार पुलिस की चार टीमें भी कोई सुराग नहीं लगा पाई हैं। यूपी-नैनीताल की खाक छानने के बाद 16वें दिन भी पुलिस हमजा के गायब होने का राज नहीं जान पाई है।

दो जुलाई को आदर्श कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय हमजा बेग घर से नाराज होकर शाम साढ़े छह बजे चला गया था और अपना मोबाइल भी बंद कर दिया। तीन जुलाई को तहरीर सौंपने के बाद प्रारंभिक जांच में पता चला कि साढ़े सात बजे के करीब हमजा रेलवे स्टेशन पर देखा गया है। उसके बाद से ही हमजा का 16वें दिन भी कोई सुराग नहीं लगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ सदर निहारिका तोमर के आदेश पर पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया। लापता होने के नौवें दिन ही पुलिस की टीम रामपुर, मुरादाबाद और नैनीताल के लिए रवाना हो गई।

पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डे के अलावा हर उस संभावित स्थानों के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जहां किशोर हमजा जा सकता है। बावजूद पुलिस को अभी तक हमजा का कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा है। सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि हमजा की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। इसके अलावा भूरारानी गांव से गायब एक किशोरी व किशोर को पुलिस ने दो दिन बाद ही बरामद कर लिया था, लेकिन हमजा का कोई सुराग नहीं लगा। बावजूद पुलिस किशोर को जल्द बरामद करेगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आकृश्यमानो नाक्रोशेन्मन्युरेव तितिक्षतः।
आक्रोष्टारं निर्दहति सुकृतं चास्य विन्दति॥

अपनी बुराई सुनकर भी जो स्वयं बुराई न करे, उसे क्षमा कर दें। इस प्रकार उसे उसका पुण्य प्राप्त होता है और बुराई करने वाला अपने कर्मों से स्वयं ही नष्ट हो जाता है।


## संपादकीय

# मंडराते संकट

पृथ्वी पर मंडराते संकटों जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व कचरा के गहराने की गति तेज हो रही है। प्राकृतिक जगत का मानव गतिविधियों के कारण क्षरण हो रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी टेक्नोलॉजी को त्वरित ढंग से इस्तेमाल में लाया जा रहा है, प्राकृतिक संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ रही है, विषमताएं चौड़ी होती जा रही हैं और संस्थाओं से भरोसा कम हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) की ओर से जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ये चुनौतियां, एक ऐसे बहुसंकट का निर्माण कर रही हैं जो वैश्विक संकटों को और गहन बना रहा है, जिसके मानवता और पृथ्वी के लिए विशाल दुष्परिणाम हो सकते हैं। भारत उन नौ देशों में से एक है जहां पिछले दो वर्षों में अत्यधिक तापमान और जलवायु संबंधी आपदाओं की प्रवृत्ति ने बड़े पैमाने पर, लंबे समय तक और बार-बार होने वाले विस्थापन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अन्य देशों में पाकिस्तान, फिलीपींस, सोमालिया, चीन, बांग्लादेश, ब्राजील, कोलंबिया और केन्या शामिल हैं। संघर्षों और हिंसा के अलावा, जलवायु परिवर्तन लोगों के जबरन विस्थापन का सबसे प्रमुख कारण रहा है, जिनके पर जलवायु-जनित चरम स्थितियों जैसे कि जंगल की आग, बाढ़, खराब वायु गुणवत्ता, असहनीय गर्मी और/या लंबे समय तक संघर्ष के परिणामस्वरूप मानव निवास के लिए अनुपयुक्त हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर 69 लोगों में से एक या दुनिया की 1.5 प्रतिशत आबादी अब जबरन विस्थापित है, जो एक दशक पहले विस्थापित हुए लोगों की संख्या से लगभग दोगुनी है।

यूएनईपी एक अग्रणी वैश्विक पर्यावरण प्राधिकरण है, जो वैश्विक पर्यावरण एजेंडा निर्धारित करता है, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सतत विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है तथा वैश्विक पर्यावरण के लिए एक आधिकारिक अधिवक्ता के रूप में कार्य करता है। इसका मिशन, भविष्य की पीढ़ियों के जीवन स्तर से समझौता किए बिना, राष्ट्रों और लोगों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित, सूचित और सक्षम बनाकर पर्यावरण की देखभाल में नेतृत्व प्रदान करना और साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। बदलाव के संकेतकों की निगरानी और अग्रदृष्टि तौर-तरीकों के इस्तेमाल के जरिये, दुनिया अतीत की गलतियों को दोहराने से बच सकती है। साथ ही, ऐसे समाधानों पर ध्यान केन्द्रित किया जा सकता है, जिनसे भावी व्यवधानों का पुख्ता ढंग से सामना किया जा सके। बेहतर समाधानों व उपकरणों को साथ लेकर चलना, भावी व्यवधानों का समझने और उनसे निपटने की तैयारी करने का सर्वोत्तम तरीक़ा है। ऐसे में एक रणनीतिक दूरदर्शी ढांचा स्थापित करने और भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए प्रतिक्रियात्मक दृष्टिकोण से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# तब शाहबानो अब समद


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है।

बेशक मुद्दा वही है, लेकिन हालात बदले हुए हैं। 1985 में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत गुजारा भत्ते का हकदार मानने जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ सड़कों से सदन तक जबरदस्त लड़ाई लड़ी थी। तब बोर्ड सरकार को झुकाने में कामयाब हो गया था।

इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट के अब्दुल समद मामले के हाल के फैसले ने बोर्ड और मुस्लिम संगठनों को फिर उत्तेजित कर दिया है, लेकिन फैसले से असंतुष्ट होने के बाद भी बोर्ड सधे कदमों के साथ आगे बढ़ रहा है और कानूनी रास्तों पर जोर दे रहा है। बोर्ड ने इसे शरिया कानून से टकराव बताए जाने के साथ ही संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का विरोधी बताया, लेकिन मसले को अपने संगठन की कानूनी समिति को सौंपने का फैसला किया। समिति कानूनी, संवैधानिक और लोकतांत्रिक विकल्प सुझाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा लाई जा रही समान नागरिक संहिता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला हुआ। असलियत में मुस्लिम लॉ पर्सनल बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ते के सवाल पर लगभग चार दशक पुराने शाहबानो मामले में लिए स्टैंड पर कायम है, लेकिन फिलहाल उस और इस बार की लड़ाई की तैयारी में बड़ा फर्क नजर आ रहा है। क्यों? तब कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार थी। अब नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए की सरकार का सामना है।

23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था। इस लड़ाई में राजीव सरकार बैकफुट पर आ गई थी। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। 1986 में मुस्लिम महिलाओं के लिए विशेष कानून बनाया था। लगभग चार दशक के अंतराल पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर ऐसे ही एक मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का

> 23 अप्रैल 1985 को एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता की हकदार बताए जाने के फैसले ने पूरे देश का माहौल सरगर्म कर दिया था। मुस्लिम संगठनों ने इसे पर्सनल लॉ में दखल माना था।

हकदार माना है। इस अदालती फैसले पर मुस्लिम संगठनों की खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। तय है कि उनकी गूंज अदालतों के बाहर भी सुनाई देगी। संसद में उनके हक में कौन से दल खड़े होंगे? जल्दी ही बजट सत्र में इसकी झलक दिख सकती है। मुद्दा भले एक हो, लेकिन शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारे भत्ते का हकदार माना था तो उनके लिए कोई पृथक कानून वजूद में नहीं था। राजीव सरकार ने इस फैसले को मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों के संरक्षण) अधिनियम 1986 के जरिए निष्प्रभावी कर दिया था। अब्दुल समद (तेलांगना) के ताजा मामले में धारा 125 के तहत मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाए जाने का हकदार मानते समय सुप्रीम कोर्ट के सामने 1986 का वह भी कानून था, जिसे शाहबानो मामले को पलटने के लिए तत्कालीन सरकार ने बनाया था। बावजूद इसके कोर्ट ने इस कानून के कारण समद मामले को धारा 125 के दायरे से बाहर होने की दलील खारिज कर दी। कोर्ट ने फैसला दिया है कि अन्य कानून दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत किसी भी धर्म की तलाकशुदा महिला के अधिकारों को प्रभावित नहीं कर सकते।

पहली नजर में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला एक तलाकशुदा जोड़े अब्दुल समद और उसकी पत्नी के बीच की कानूनी लड़ाई के निपटारे तक सीमित है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड या अन्य मुस्लिम संगठनों का नजरिया इसे लेकर जुदा है। वे इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ में सीधा हस्तक्षेप मानते हैं। वे इसके दूरगामी प्रभावों को लेकर फिक्रमंद हैं। स्वाभाविक है कि वे चाहेंगे कि यह पलटा जाए। ऐसे ही हालात शाहबानो मामले में पैदा हुए थे। तब मुस्लिम संगठनों ने इसकी लड़ाई अदालत की जगह सड़कों और सदन में लड़ी थी। राजीव गांधी सरकार को झुकाकर कामयाबी भी हासिल की थी। हालांकि इस लड़ाई में उनकी जीत ने देश के माहौल पर बुरा असर डाला था। बहुसंख्यकों के बीच विपरीत प्रतिक्रिया के डर से डैमेज कंट्रोल में राजीव सरकार ने अयोध्या में मंदिर का ताला खोला था। ये कोशिश भी कांग्रेस के काम नहीं आई थी। आने वाले दिनों में कांग्रेस ने इसकी भारी राजनीतिक कीमत चुकाई।

तब क्या हुआ था? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तीन महीने बाद मुस्लिम लीग के सदस्य जी.एम.बनातवाला ने लोकसभा में एक निजी बिल पेश कर मुस्लिमों को धारा 125 के दायरे से बाहर रखने की मांग की। राजीव गांधी की पहल पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इसका जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस्लामिक मामलों के अधिकारी विद्वान और आजादी की लड़ाई की अगली कतार के नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद के औरतों से जुड़े अधिकारों से जुड़े विचारों के हवाले से बिल का कड़ा विरोध किया था। संसद में यह बिल गिर गया, लेकिन अदालती फैसले के खिलाफ मुस्लिम संगठनों सड़कों पर विरोध तीव्र होता गया। 1984 में राजीव गांधी ने लोकसभा की 403 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की थी, लेकिन 1985 के अंत तक उत्तर भारत में उपचुनावों में पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा था। इसे शाहबानो मामले का इफेक्ट माना गया। दबाव बढ़ने पर राजीव गांधी का रुख बदला और मुस्लिमों से जुड़े मामलों में उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को दरकिनार कर जेड.ए.अंसारी को तरजीह देनी शुरू कर दी।

आरिफ खान और अंसारी की पार्टी भले एक रही हो, लेकिन शाहबानो मामले में दोनों का स्टैंड दो किनारों पर था। अंसारी ने लोकसभा में अपने तीन घंटे के भाषण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सिर्फ पूर्वाग्रह ग्रस्त, भेदभावपूर्ण और विरोधाभासी ही नहीं बताया था, बल्कि न्यायधीशों को इस्लामी कानूनों की व्याख्या के नजरिए से "बहुत छोटा इंसान" कहते हुए खारिज किया था। फरवरी 1986 में सरकार ने संसद में मुस्लिम महिला बिल पेश किया, जिसके द्वारा पूर्व पति को सिर्फ इद्दत अवधि (तीन महीने) के लिए गुजारा भत्ता देने का जिम्मेदार माना गया। इस बिल को पारित कराने के लिए कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया था। खिन्न आरिफ मोहम्मद खान ने कांग्रेस छोड़ दी थी।

मुस्लिम पर्सनल बोर्ड एक बार फिर शाहबानो मामले जैसी चुनौती से रूबरू है। हालांकि अब्दुल समद मामले में भी उसका स्टैंड पुराना है अर्थात् सुप्रीम अदालत के इस फैसले को भी वह मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल मानता है, लेकिन 1985 और 2024 के राजनीतिक हालात में बुनियादी फर्क है। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसे मुस्लिम वोटरों के समर्थन की हमेशा फिक्र थी। 2024 में नरेंद्र मोदी मुस्लिम वोटरों के प्रायः एक मुश्त विरोध के बीच तीसरी बार सत्ता में हैं। उनकी सरकार तीन तलाक को रद्द कर चुकी है। पिछले कार्यकाल में वे तेजी से समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे थे। यद्यपि इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने और सहयोगियों के सहारे होने के कारण मुमकिन है कि ऐसे सवालों पर वे उतनी तेजी न दिखाएं, लेकिन अपनी विचारधारा के अनुकूल किसी अदालती फैसले के खिलाफ उनके जाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी पर्सनल बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन चाहेंगे कि संसद में यह मुद्दा जोरशोर से उठे।

मोदी सरकार का रुख उन्हें पता है। जाहिर है कि उनकी उम्मीदें मुस्लिम हकों की हिमायती मानी जाने वाली सेक्युलर पार्टियों के रुख पर टिकी हैं। माना जाता है कि हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटों की बढ़ोतरी में मुस्लिम समर्थन का योगदान रहा है। क्या पार्टी इस मसले पर सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ राजीव गांधी के दौर के रुख की जुगलबंदी करना चाहेगी? उत्तर प्रदेश में सपा, बिहार में राजद तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त समर्थन मिलता रहा है। दिलचस्प है कि ये दल अब अपने प्रभाव क्षेत्र में मुस्लिम मतों के साथ ही हिंदू मतों को लेकर भी सजग और संवेदनशील हो चुके हैं। आगे वे क्या स्टैंड लेते हैं, इस पर सबकी नजर रहेगी। बेशक फैसला अदालत का है, लेकिन उसका असर देश की राजनीति पर दिखना तय है।

## प्रसंगवश

# सच्चा रास्ता मत छोड़ना


हफीज किदवई
लेखक

वह दिन, जब सुनसान रेगिस्तान में, तपती रेत में, दुनिया के बहुत बड़े लावलश्कर के जुल्मी ने सोचा था। एक शख्स और उनके अपनों का खून को यहां बहाकर किस्सा खत्म कर देंगे। वह लहू, आम लहू नहीं था, जुल्म के खिलाफ एक दास्तान था। यह सच है कि उस रोज वह खून बह गया। तपती रेत ने उसे अपनी नसों में पैबस्त कर लिया और फिर रेत तो रेत थी। जहां-जहां पहुंच सकती थी, उस मैदान की दास्तान की वह जुल्म भरी दास्तान खोलती चली गई और सारे आलम ने जान लिया कि एक थी 'कर्बला'।

कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे, मौला हजरत अली की औलाद और हर जमाने की ईमाम हजरत हुसैन का लहू मुबारक उस कर्बला की रेत में जज्ब हो गया। धीरे-धीरे वह हर उस दिल में अपनी दस्तक देने लगा, जो जुल्म के खिलाफ था। यह वह लहू था, जिसने कर्बला की जमीन को चूमा और हर उस तरफ बिखर गया, जिधर-जिधर हजरत हुसैन का रास्ता था। यह लहू जमाने की ऐसी तारीख बनकर जिंदा हुआ कि हर दौर उससे रोशनी पाने लगा। कर्बला ने जो अपनी आंखों से देखा, वह इस माटी के बर हिस्से में वैसे ही दर्ज हो गया। जैसे वह उसके सामने हुआ हो। कर्बला ने वह राज जमाने को दे दिया। शहादत के मर्तबे को बुलंद कर दिया और जमाने को बता दिया, जुल्म के खिलाफ जो मौत मिलती है, वह किसी भी जिंदगी से बहुत बेहतर है। दसवीं मोहर्रम है। गम है। तकलीफ है। दर्द है। तड़प है मगर मायूसी नहीं है।

कर्बला ने हमें बताया कि झुकना नहीं और उसकी जात से मायूस मत होना। सर भले तन से उतर जाए, सही और सच्चा रास्ता मत छोड़ना। जुल्मी कितना ही ताकतवर, सितमगर हो, झुकना नहीं। कर्बला के किस्से आज भी जिंदा हैं। कर्बला हमारा सबक है। हमारा रास्ता है। हमारा इम्तेहान है। हमारा गुरूर है, क्योंकि इसमें हमारी तारीख की सबसे जानदार नजीर दर्ज है। मोहर्रम और कर्बला हमारे दिलों को जुल्म के खिलाफ मजबूत करे और कमजोर के साथ खड़े होने की ताकत, हिम्मत दे...

# जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए।

स्वतंत्रता से पूर्व कराची में कांग्रेस के अधिवेशन में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत में कार्यरत निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना पहली प्राथमिकता होगी, जिसके पीछे भारतीय राजनीतिज्ञों की सोच थी कि भारत की जनता जो थोड़ी बहुत पूंजी धीरे-धीरे जोड़ती है उसका उपयोग देश के विकास में हो सके और गरीब जनता को प्राइवेट बैंकों/साहूकारों के चंगुल से बचाया जा सके।

बैंकों की सुविधा दूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच सके और यह कार्य केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ही संभव था। स्वतंत्रता के बाद नेहरू जी ने सामाजिक विकास का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें राष्ट्रीय बैंकों की परिकल्पना की गई, किंतु बैंकों को राष्ट्रीयकृत करने की औपचारिक घोषणा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की। राष्ट्रीयकरण घोषित होते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में दो फाड़ हो गए। राष्ट्रपति के अध्यादेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। तत्कालीन भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक सहित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स और अन्य राजनीतिज्ञों ने सर्वोच्च न्यायालय में रिट पिटीशन दिया कि इस अध्यादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इसके विपरीत ए.के. गोपालन (सांसद) और सुशीला गोपालन बुंबई ट्रेड यूनियन लीडर ने 22 जुलाई 69 को अध्यादेश के समर्थन में पिटीशन दायर की। अध्यादेश के विरोध में रिट पिटीशन आने से संपूर्ण देश के कर्मचारी उद्वेलित और आंदोलित हो गए।

इन 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पूर्व इनके संचालन निजी पूंजीपतियों के घरानों के हाथ में था। यहां सेंट्रल बैंक-टाटा घराने, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक-बिड़ला घराने, पंजाब नेशनल बैंक-डालमिया एवं जैन घराने एवं कुछ गुजराती बड़े घराने देना बैंक का संचालन कर रहे थे। इस अवसर पर मतभेद होते हुए भी तमाम वर्किंग क्लास ने कांग्रेस के इस कदम को विशेषकर इंदिरा जी के इस कदम को सराहा। यही नहीं इसके फलस्वरूप अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी सफलता भी हासिल हुई और श्रीमती इंदिरा गांधी पूर्ण बहुमत हासिल कर पुनः सत्तासीन हुई। तत्पश्चात 15 अप्रैल 1980 को 6 और बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।

1969 से 1985 का दौर सामाजिक बैंकिंग का स्वर्ण युग रहा। इस काल में हर वर्ग के छोटे से छोटे तबके तक बैंकिंग पहुंची। इस दौर में कृषि, ग्रामीण उद्योग, बेरोजगारी दूर करने के लिए महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सुविधाएं प्रदान करने को बैंक आगे आए, यही वह दौर था जब देश में जीडीपी वास्तव में 8 प्रतिशत के समीप रही और हरित क्रांति, दुग्ध क्रांति संभव हो सकी। इसके बाद राजनीतिक उथल-पुथल का दौर रहा। 1988 की बाढ़ में देश की अर्थव्यवस्था चौपट रही। 1991 की कांग्रेस सरकार की मनमोहनी नई आर्थिक नीतियों ने इसे काफी चोट पहुंचाई और अब यह सरकार पूरी तरह देशी और विदेशी पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है। विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंकों ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। अगर वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंको को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है। विगत वर्षों में कुछ बैंकों के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं, जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने अच्छा लाभ कमाकर दिया है तो इस बार 55 वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों की मांग है कि जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज, को समाप्त करने, जमा राशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋणों में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को और मजबूत किया जाना ध्येय होना चाहिए, अन्य निजी बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। ये देश के हित में आवश्यक है, लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती हैं और हो सकता है इस संबंध में बजट सत्र में कोई प्रयास सरकार की तरफ से हो, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंको में सरकार की अंश धारिता को 51 प्रतिशत से कम किए जाने का प्रयास किया जाए। बैंकों के निजीकरण को विफल करने के लिए एकजुटता अभियान को तीव्र करना होगा।

## सोशल फोरम

# धर्म और ईश्वर


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

आज से करीब दस बारह हजार साल पहले घुमंतु मानव समाज पालतू होने लगा। गेहूं संग्रह ने उसे विशेष रूप से पालतू बनाया। वह एक जगह रहने लगा, उसने समाजोपयोगी नियम, मर्यादाएं, पाबंदियां विकसित की और उपयोगिता के आधार पर उनकी स्वीकृतियां ही तो तो सनातन है।

वस्तुतः एक जीवनशैली विकसित हुई, जो समाज द्वारा स्वतः चुना गया अनुशासन था। यही उनका धर्म था। धर्म क्या है? धर्म का शाब्दिक अर्थ होता है, 'धारण करने योग्य', अर्थात् जिसे सबको धारण करना चाहिए। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि नैतिक मूल्यों का आचरण ही धर्म है। धर्म से हमारी चेतना का शुद्धिकरण होता है। अपने-अपने कर्तव्य का निःस्वार्थ भाव से पालन करना 'स्वधर्म' और साथ ही मानवता को मनुष्य का सच्चा धर्म कहा जा सकता है। ईसा ने जैसे ईसाइयत को और हजरत मुहम्मद ने जैसे इस्लाम को जन्म दिया, हिंदू धर्म की रचना उस तरह किसी पुरुष द्वारा नहीं की गई। हिंदू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय है। जिस प्रकार भारतीय समाज की रचना उन अनेक जातियों से हुई, जो समय-समय पर इस देश में आती रहीं, उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से आगे बढ़ता रहा। जब 1800 ईपू. के आसपास आर्य यहां आए, उसके पहले ही सिंधु घाटी जैसी विकसित सभ्यता यहां हो चुकी थी। आर्यों और द्रविड़ों की सभ्यताओं का संघर्ष और बाद में समन्वय एक ऐतिहासिक सत्य है। महाभारत और पुराणों के अध्ययन से आर्यों और नागों के क्रांतिकर संघर्ष का पता चलता है। आगे चलकर इन नागों की अनेक रीति-नीतियां आर्य-विश्वास का अंग बन गईं। सिंदूर नाग-चूर्ण है। आर्य स्त्रियों ने इसे नागजाति की आचार पद्धति से ग्रहण किया था, परंतु आज वह हिंदू-विवाह का अविच्छेद्य अंग हो गया है। भारत की अन्य जातियों ने आर्यों की जाति प्रथा को स्वीकार कर लिया, यह हमारे देश में संस्कृति-समन्वय की ओर पहला कदम था। इससे इतना हुआ कि आर्य, द्रविड़, औष्ट्रिक और नीग्रो तथा सभी मंगोल खानदानों के लोग एक समाज के सदस्य हो गए, जिसका नाम आगे चलकर हिंदू समाज पड़ा। **-फेसबुक वॉल से**

# डिजिटल अरेस्ट


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

डिजिटल अरेस्ट न तो कोई लीगल टर्म है और न ही कोई प्रशासनिक व्यवस्था। दरअसल यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला वह तरीका है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को फोन काल पर डरा धमकाकर उसे उसके घर-परिवार के लोगों से अलग कर एक बंद कमरे में रहने को विवश किया जाता है और किसी भी व्यक्ति से संपर्क न करने को कहा जाता है। इसके द्वारा पीड़ित व्यक्ति को किसी जांच अथवा किसी बड़े मामले में फंसा दिखा करके उससे लगातार वार्ता की जाती है और क्रमशः उसके बैंक अकाउंट, बचत आदि के डिटेल्स पूछकर उसका पैसा अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया जाता है।

यह एक प्रकार से ठगी व ब्लैकमेलिंग का घातक मिश्रण है। इस प्रकार की साइबर ठगी की अनेक विधाएं हैं, लेकिन पिछले दिनों जो प्रकाश में आया है, उनमें सबसे उल्लेखनीय विधा यह है कि ईडी/ सीबीआई ऑफिसर बनकर फोन पर कॉल करके यह कहा जाता है कि संबंधित व्यक्ति का नाम किसी मनी लांड्रिंग केस में आ गया है और सही जांच के लिए तथा पीड़ित व्यक्ति को मुसीबत से बचाने के लिए कुछ तथ्यों का सत्यापन करना आवश्यक है। ईडी, सीबीआई और मनीलांड्रिंग का नाम सुनते ही माहौल के अनुसार संबंधित व्यक्ति को ऐसा लगता है, मानो उसे कोरोना डायग्नोज हो गया है। वह घबराहट में अपने बचने के लिए इन साइबर ठगों को अपना हितैषी समझकर उनके निर्देशों का पालन करता जाता है और उनके मायाजाल में फंसकर बैंक डिटेल्स आदि दे देता है और साइबर ठग संबंधित धनराशि को अपने सुविधाजनक खातों मे ट्रांसफर करते जाते हैं। पीड़ित व्यक्ति को किसी एकांत कमरे में पहुंचकर, कमरा बंदकर बात करने को कहा जाता है और यह भी कहा जाता है कि इस अवधि में वह किसी से संपर्क न करें, क्योंकि वह जिससे भी संपर्क करेगा उसका नाम भी मनी लॉन्ड्रिंग अथवा सीबीआई जांच में जुड़ जाएगा। लगभग 15 दिनों पूर्व चितरंजन पार्क, नई दिल्ली में रहने वाली एक संभ्रांत महिला इन साइबर ठगों के कुचक्र का शिकार हुई और लगभग चौबीस घंटे तक डिजिटल अरेस्ट में रही। इस अवधि में ठगों ने उससे पूछताछ करके उसके विभिन्न खातों में मौजूद लगभग चौरासी लाख रुपए हड़प लिए। उस महिला ने बाद में न्यूज चैनल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि वह एक प्रकार से सम्मोहन का शिकार हो गई थी और उनके कहे के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करती रही। विगत दिनों लखनऊ के सुविख्यात कवि नरेश सक्सेना को भी ठगों ने सीबीआई जांच का बहाना बनाकर अपने जाल मे फंसा लिया था। वे लगभग डेढ़-दो घंटे से बंद कमरे में किसी से फोन पर बात कर रहे थे। उनकी पुत्रवधू को संदेह हुआ और उन्होंने फ्राड काल लिखकर सक्सेना साहब को दिखाया और कमरा खुलवाकर फोन काल को डिस्कनेक्ट किया। यहां भी ठगों ने मनी लांड्रिग की जांच के ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया था। ठगों ने उनसे भी बैंक खाते का विवरण मांगा था। बातचीत में यह पता चलने पर कि सक्सेना जी कवि हैं, ठगों ने उन्हें मीर और फैज की गजल सुनाने को भी कहा था। अपनी पुत्रवधू के सामयिक हस्तक्षेप से वे सुरक्षित बच निकले।

सीबीआई व ईडी आदि एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी न होने के कारण लोग घबराहट में ऐसे शातिर ठगों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रुप से कोई भी जांच एजेंसी इस प्रकार अचानक फोन काल करके न तो विवेचना करती है और न ही कोई जानकारी मांगती है। इस प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कोई कानूनी बाध्यता भी नहीं है। मुझे यह निश्चित जानकारी नहीं है कि इन एजेंसियों ने पब्लिक के संपर्क हेतु कोई टोल फ्री नंबर जारी कर रखा है। अगर ऐसा नहीं है तो इस समस्या को देखते हुए इन एजेंसियों द्वारा टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराना व उसका व्यापक प्रचार-प्रसार जनहित में होगा। आवश्यकता पड़ने पर लोग उनसे जरूरी सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

# अर्जुन की ससुराल उपेक्षित क्यों


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में धर्म-कर्म वालों की सरकार है। भगवानों और प्राचीन धर्म ग्रंथों को खूब मानते हैं और उनके सहारे वोट लेते हैं। ऐसा होते हुए भी महाभारत के नायक और श्रीकृष्ण के सखा अर्जुन की ससुराल मणिपुर की बड़ी अनदेखी हो रही है। उनकी पत्नी चित्रांगदा यहीं की थीं। तब इसको नागलोक कहते थे।

तैंतीस लाख आबादी वाला पूर्वोत्तर का यह राज्य अरसे से उबल रहा है। यहां वर्ग संघर्ष जारी है। हत्याएं हो रही हैं और अल्पसंख्यक जनजातीय कुकी समुदाय की नारियां सड़कों पर नग्न करके घुमाई जा रही हैं। वहां भाजपा का शासन है और मुख्यमंत्री बहुसंख्यक मैतेयी समुदाय के हैं। मैतेयी ही ज्यादतियां कर रहे हैं। हालांकि अब कुकीज भी सिर उठाने लगे हैं। केंद्र में तो भाजपा की सरकार लंबे है ही। राज्य सीमावर्ती है और इसकी सीमा म्यांमार से मिली है, जहां निर्वाचित सरकार की मुखिया सू ची सैनिक शासक द्वारा जेल में डाल दी गई हैं। सैन्य सत्ता चीन के प्रभाव में है। ऐसे में मणिपुर की समस्याओं की अनदेखी और वहां हिंसा और अभद्रता का तांडव सत्ता द्वारा तटस्थ भाव से देखते रहना घातक सिद्ध हो सकता है। कहीं ऐसा न हो कि देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ जाए।

यह समझ से परे है कि इतनी लंबी अवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए ही नहीं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी अभी कुछ दिन पहले मोदी को सलाह दी है कि वे मणिपुर जाएं और वहां की समस्याओं का समाधान निकालें। हालांकि भागवत जी ने ऐसा कहने में काफी देर लगाई, फिर भी अब तो पीएम को इस बिंदु पर सचेष्ट हो ही जाना चाहिए। "का बरषा जब कृषी सुखाने। समय चूक पुनि का पछिताने"। मनोरम प्राकृतिक छटा वाले, संसाधनों से भरपूर इस राज्य की उपेक्षा कब तक होगी?

# दिल्ली के केदार


राजीव नयन बहुगुणा
पत्रकार

चल सयाणी, काफल दाणी ऐंसु केदारनाथ/बड़ा-बड़ा ढंगार तखी, अर मल्यों की डार तखी / चल कल्याणी, रतनु की खाणी ऐंसु केदारनाथ। दिल्ली में श्री केदारनाथ के मंदिर और विग्रह की स्थापना को मैं देव पलायन के रूप में देखता हूं।

दिल्ली सत्ता, शोषण, संपत्ति और शक्ति संचय का एक केंद्र है। जिस तरह टिहरी में लाखों लोगों को डूबाकर वहां से गंगा का पानी अपने लॉन सींचने, कार धोने और टॉयलेट में बहाने के लिए दिल्ली ले गए, उसी तरह श्री केदार को भी दिल्ली ले जाया जा रहा है। ब्रिटिश काल में सभी राजाओं का एक ठिकाना दिल्ली में बनाया जाता था। वह किसी दूतावास की तरह था। उसी तरह दिल्ली दरबार में केदार बाबा की हाज़िरी क्यों न हो। जिस तरह देवदार, बांज, सेब और अखरोट के वृक्ष वास्ते सिर्फ भूमि नहीं, जलवायु भी चाहिए, उसी तरह देव विग्रहों को भी एक निश्चित वातावरण की दरकार होती है। अंग्रेजों ने जबरन दिल्ली में चीड़ के पौधे रोप दिए, जो संसद और नार्थ साउथ ब्लॉक की बगल में आज भी खड़े हैं, लेकिन वे बंध्या पेड़ हैं। उन पर न कभी फल आते हैं और न परागण होता है। दिल्ली के केदार भी ऐसे ही निस्तेज होंगे।

आखिर श्रीमद आद्य शंकराचार्य भी दुर्गम जगह की बजाय किसी सुविधाजनक स्थल पर केदारनाथ धाम क्यों नहीं बसाए होंगे? क्योंकि वह दिल्ली में केदार बसाने वाले वर्तमान धर्म ध्वजियों की भांति अमर्यादित और दंभी नहीं थे। दिल्ली की गर्मी, उमस, धूल, धुआं, शोर और आपधापी में श्री केदारनाथ जी कैसे रहेंगे? क्या वह वहां आरओ का छना मृत पानी पिएंगे? जाहिर है कि वह वहां नहीं जाएंगे। सिर्फ एक पाषाण विग्रह और सीमेंट कंक्रीट का भद्दा ढांचा होगा।

# गमगीन माहौल के बीच मनाया गया मोहर्रम

## रुद्रपुर शहर में जुलूस के साथ निकले ताजिया, सीरगोटिया में किए गए सुपुर्दे खाक, सुरक्षा व्यवस्था रही चौक चौबंद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर में गमगीन माहौल के बीच मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुहर्रम-उल-हराम यानि मोहर्रम पर ताजिया निकाल कर अपने पैगम्बर की शहादत को याद किया और ताजिया को सीरगोटिया स्थित कर्बला में दफन किया। मोहर्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चॉक चौबंद थी।

बुधवार को मुस्लिम समुदाय के लोग सुबह से गमजदा थे और शहादत की याद में ताजिया निकालकर श्रद्धांजलि दी। शाम चार बजे से सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर की खेड़ा बस्ती, जगतपुरा, भदईपुरा, गांधी कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों से समाज के लोग टोली बनाकर शहादत को याद करते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए सीरगोटिया स्थित कर्बला कब्रिस्तान पहुंचे और ताजिये को दफन किया।



मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार



बाजपुर स्थित करबला के मैदान में रखे ताजिये व मेले में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

# करबला के मैदान में लगा मेला

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शांति पूर्ण माहौल में मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा इमाम साहब की याद में ताजियों का जुलूस निकाल कर गांव बाजपुर स्थित करबला के मैदान में लगे मेले में ले जाया गया। इस दौरान या हुसैन की सदाओं से वातावरण गूंज उठा।

बुधवार को मोहर्रम पर्व पर मुड़िया पिस्तौर, मुड़िया कलां, मझरा बक्श, गांव बाजपुर, कनौरी, कनौरा, महेशपुरा, हरलालपुर, जगन्नाथपुर, सरकड़ा, रम्पुरा शाकर, गुमसानी, धनसारा, केशोवाला आदि गांवों से अलग-अलग जुलूस की शक्ल में करीब 40 छोटे-बड़े ताजिए गांव बाजपुर स्थित करबला के मैदान में ले जाए गए, जहां धर्म की परंपराओं के अनुरूप ताजियों को दफन किया गया। इस दौरान या हुसैन की सदाओं से वातावरण गूंज उठा। करबला मैदान में लगे मेले में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में खेल-खिलौनों व खाने-पीने की दुकानों पर महिला-पुरुष व बच्चों की खासी भीड़ रही।

बच्चों ने मेले में लगे झूलों का लुत्फ उठाया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। सुरक्षा-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मेला क्षेत्र व ताजियों के आने के लिए निर्धारित रूट पर जगह-जगह पुलिस के साथ ही पीएससी के जवान तैनात किए गए। वहीं समाज के लोगों ने भी व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग किया।



गदरपुर में मोहर्रम के अवसर पर ताजिये निकालते मुस्लिम लोग। ● अमृत विचार

## मोहर्रम पर गदरपुर में भी निकाले गये ताजिये

**गदरपुर।** नगर क्षेत्र में सिनेमा रोड, बस अड्डा कॉलोनी एवं करतारपुर रोड के अलावा ग्राम सुखशांति नगर झगड़पुरी, बलखेड़ा से मुस्लिम समाज के लोगों ने ताजिए निकाले। ताजियों को ग्राम मसीत के पास बौर नदी के किनारे कर्बला में दफन किया गया। इधर, ग्राम महतोष एवं मुकुंदपुर से भी मुस्लिम समाज के लोगों ने ताजिए निकाले, जिन्हें भाखड़ा नदी के किनारे कर्बला में दफन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी जसवीर चौहान के नेतृत्व में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये थे। मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक जसवीर चौहान के नेतृत्व में पुलिस ताजियों के साथ-साथ चल रही थी। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस, कांग्रेस नेता मोहम्मद आलम, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जुल्फिकार अली, मोहम्मद आरिफ, नफीस अहमद आदि शामिल थे।



काशीपुर के करबला मैदान में पहुंचे ताजिये। ● अमृत विचार

## 35 फीट ऊंचे ताजिये बने आकर्षण का केंद्र

**काशीपुर।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। करबला मैदान में पहुंचा ग्राम सरवरखेड़ा और ग्राम बैलजुड़ी के 35-35 फीट ऊंचे ताजिये लोगों में आकर्षण का केंद्र बने रहे। करबला में मोहल्ला बांसफोड़ान, खालसा, अल्ली खां, नईबस्ती, कटोराताल समेत तमाम जगह से पहुंचे ताजिये को करबला में सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान करबला मैदान परिसर में मेले का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी की। इस मौके पर करबला कमेटी के अध्यक्ष रफी खान, सचिव पप्पू मंसूरी, उपाध्यक्ष अलीजान माहिगीर, शादाब खान, अनवर, आरिश, परवेश मंसूरी, डॉ. एमए राहुल आदि मौजूद रहे।

## जसपुर में निकाला विशाल ताजिया जुलूस

**जसपुर।** मोहर्रम पर विशाल ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में छोटे-बड़े कई ताजिये शामिल थे। जुलूस के साथ अखाड़े बाज अपने करतब दिखाते चल रहे थे। जुलूस के दौरान या हुसैन का नारा गूंजता रहा। सुरक्षा की कमान कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने स्वयं संभाल रखी थी। नायब तहसीलदार भुवन चंद आर्य ने भी राजस्व विभाग की टीम के साथ दौरा किया। नगर मोहल्ला भूप सिंह स्थित सक्कों वाली मस्जिद के सामने सजाये गये कर्बला मैदान के मनमोहक नक्शे (झांकी) को देखने वालों की काफी भीड़ लगी रही।



जसपुर में ताजिया जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### विधायक कापड़ी ने प्रियम को किया सम्मानित

**खटीमा।** नगरपालिका परिषद के वार्ड संख्या 18 के टीचर्स कालोनी निवासी प्रियम गंगवार ने ऑल इंडिया रैंक 74 हासिल कर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की असिस्टेंट कमांडेंट क्लास ए की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस पर उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक भुवन कापड़ी ने उनके आवास पर पहुंच कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रमेश रौतेला, पंकज टम्टा आदि मौजूद थे।



प्रियम गंगवार को सम्मानित करते विधायक कापड़ी।

### डॉ. प्रतीक्षा नंदी को मिली अव्वल विशेषज्ञ उपाधि

**शक्तिफार्म।** गुरुग्राम निवासी डॉ. प्रतीक्षा नंदी को होम्योपैथी में अव्वल विशेषज्ञ उपाधि से सम्मानित किया गया। दुबई के सात सितारा होटल में हुए कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता अनुपम खेर ने प्रतीक्षा नंदी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। दुबई के सात सितारा होटल बुर्ज खलीफा में आयोजित विश्व होम्योपैथिक समारोह में 24 देशों के अव्वल डॉक्टरों को विशेषज्ञ की उपाधि से सम्मानित किया गया। शक्तिफार्म के गुरुग्राम निवासी डॉ. प्रतीक्षा नंदी को त्वचा एवं बालों के अव्वल विशेषज्ञ की उपाधि से सम्मानित किया गया।




प्रतीक्षा नंदी को सम्मानित करते अनुपम खेर।

### ताइक्वांडो में तजेंदर एवं मानसी ने जीता सिल्वर मेडल

**गदरपुर।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम ने साउथ कोरिया में आयोजित डेगू 2024 विश्व ताइक्वांडो महोत्सव प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। 5 से 9 जुलाई को साउथ कोरिया में आयोजित डेंगू 2024 विश्व ताइक्वांडो महोत्सव में कुमाऊं विश्वविद्यालय की दो सदस्यीय टीम ने प्रतिभाग किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय की तरफ से गदरपुर के तजेंदर शर्मा एवं मानसी शर्मा निवासी रुद्रपुर ने प्रतिभाग किया। गदरपुर के तजेंदर शर्मा एवं मानसी शर्मा ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपना तमखम दिखाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उनकी जीत पर ताइक्वांडो एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने उन्हें बधाई दी। उनके पिता धर्मेंद्र शर्मा अधिवक्ता हैं ।



सिल्वर मेडल प्राप्त करने के बाद तजेंदर एवं मानसी।


### सावन माह में डाक कांवड़ को लेकर की गई चर्चा

**बाजपुर।** नगरपालिका शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बराबर में स्थित ब्रह्मदेव-शनिदेव मंदिर परिसर में बुधवार को ऊँ शिव कांवड़ दल की बैठक दल के महंत राजेंद्र कुमार उर्फ बंटी ठक्कर की अगुवाई में संपन्न हुई। इसमें आगामी सावन माह में आने वाली डाक कांवड़ पर चर्चा की गई। बैठक में काफी देर तक विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि कांवड़ दल के सदस्य आगामी 31 जुलाई की शाम करीब 4 बजे बाजपुर से डाक कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार के लिए रवाना होंगे और अगले दिन एक अगस्त को गंगाजल लेकर पवित्र धार्मिक यात्रा शुरू की जाएगी तथा दो अगस्त की सुबह हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान महंत बंटी ठक्कर, महंत राजेंद्र कुमार, अजय गर्ग मौजूद रहे।



बैठक में डाक कांवड़ यात्रा पर चर्चा करते शिवभक्त।

# गर्मी में टेंट लगाकर लेंटर डालने को मजबूर श्रमिक



काशीपुर में टेंट लगाकर लेंटर डालते मजदूर। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**काशीपुर में दो दिनों से पड़ रही गर्मी से लोगों का हाल बेहाल**

**अमृत विचार :** बीते दो दिनों से काशीपुर में बारिश के रुकने के बाद लोगों का गर्मी व उमस से हाल बेहाल हो गया है। गर्मी व उमस ने धूप में काम करने वाले मजदूरों का पसीना छुड़ा दिया है। वहीं काशीपुर के कई स्थानों पर मजदूर गर्मी के चलते टेंट लगाकर घर का लेंटर डालने को मजबूर हैं।

काशीपुर में मानसून शुरू होने के बाद भी लोगों गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। बुधवार को काशीपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि हवा में नमी 66 फीसदी रही। इसके चलते लोगों को गर्मी के साथ-साथ उमस का भी सामना करना पड़ा। वहीं काशीपुर के चीमा चौराहे स्थित एक निर्माणाधीन भवन का निर्माण करने दौरान मजदूरों ने टेंट लगाकर काम किया।

# आरएसएस की संवाद गोष्ठी में नये कानूनों को लेकर चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क विभाग की ओर से सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर समाज को जागरूक करने के लिए एक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इन कानूनों को राष्ट्रहित के लिए लाभकारी बताया।

बुधवार को रुद्रपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद के लिए मुख्य वक्ता व शासकीय अधिवक्ता हरिद्वार नीरज गुप्ता और अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय सरदार गजेंद्र सिंह संधू को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान अतिथियों ने तीनों कानूनों को लेकर लोगों से संवाद भी किया और नये कानूनों के बारे में जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे विशाल खेड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा ही राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है। समय-समय पर समाज को जागरूक करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इस अवसर पर तेज सिंह, लक्ष्मी नारायण, बरीत सिंह, समरपाल सिंह, मनीष अग्रवाल, विधायक शिव अरोरा, अशोक सिंघल, विष्णु सक्सेना, धीरेंद्र भट्ट, यशपाल, जुगल गोस्वामी, राजेश सक्सेना, विकास गुप्ता, अनुज चौधरी, आरती सिंह, बिट्टू शर्मा, राजेंद्र भट्ट, विनय चंदोला, प्रकाश चंदोला, विवेक बिसेन, प्रेमलता सिंह, सुभाष छाबड़ा मौजूद रहे।




रुद्रपुर में संवाद गोष्ठी को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई

**बाजपुर:** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें कार क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया है। वार्ड नंबर-एक डाकबंगला कालाढूंगी निवासी सूरज अधिकारी व सूरज आर्य बुधवार की सायं करीब चार बजे बाजपुर से कालाढूंगी की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम बरहैनी के नजदीक अचानक सामने कोई वाहन आ गया, जिसके चलते चालक ने उससे बचने का प्रयास किया तो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त होने के साथ ही उसमें सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आसपास के लोगों व राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस में सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# ब्रेव हार्ट यात्रा से लौटे कर्नल धनराज चीमा का स्वागत



हार्ट टू ब्रेव हार्ट यात्रा से लौटे केलाखेड़ा के कर्नल धनराज चीमा का स्वागत करते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** केलाखेड़ा चीमा फार्म निवासी कर्नल धनराज सिंह चीमा भारतीय सेना में कर्नल के पद पर तैनात रहकर देश सेवा में लगे रहे। दो वर्ष पूर्व ऐच्छिक सेवानिवृत्त होने के बाद कर्नल धनराज सिंह चीमा अपने घर आ गए।

इसके बाद भी देशसेवा व भारतीय सेना के प्रति उनका सेवा भाव लगातार बना रहा है। हाल ही में महेंद्रा एंड महेंद्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे हार्ट टू ब्रेव हार्ट यात्रा के अंतर्गत देश की तीन सीमाओं से तीन टीमें रवाना हुईं जिसमें एक टीम अरुणाचल प्रदेश के किबिटू, दूसरी टीम केरला के कोच्चि व तीसरी टीम तनोट बार्डर पोस्ट राजस्थान से गठित कर रवाना हुई। टीम संपूर्ण देश का भ्रमण करने के बाद दिल्ली में एकत्र होकर एक साथ कारगिल मैदान की ओर बढ़ी। कर्नल धनराज सिंह चीमा की टीम ने किबिटू से यात्रा शुरू की थी। कर्नल धनराज सिंह चीमा ने वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भाग लिया था और अपनी बहादुरी का लोहा मनवाया। वहीं घर लौटने पर परिवारजनों व संबंधियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कर्नल धनराज के पिता फतेह सिंह चीमा, माता कुलवंत कौर चीमा, पत्नि प्रदीप कौर, तविंदर सिंह चीमा, मान सिंह चीमा, भूपेंदर सिंह चौहान, संजीव शर्मा मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में बाइक सवार दो लोग घायल

**बाजपुर।** अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

बुधवार को गूलरभोज निवासी रंजीत सिंह बाइक पर दोराहा की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच सुबह करीब 11 बजे दोराहा के नजदीक बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक बाइक सवार सड़क पर गिर गया। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रंजीत की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। वहीं दूसरा हादसा थाना केलाखेड़ा क्षेत्र में मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे हुआ है। ग्राम सकैनिया निवासी जसवंत सिंह की बाइक भी अगला पहिया गड्ढे में आने से अनियंत्रित होकर एक आवास के कोने से टकरा गई जिससे जसवंत घायल हो गया। सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने इसे भी हायर सेंटर रेफर कर दिया है।



निंदा प्रस्ताव पारित करते गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा।

## गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप की बेअदबी से रोष

**बाजपुर।** सितारगंज के गोठा स्थित गुरुद्वारा साहिब में पिछले दिनों हुई श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरूप की बेअदबी की घटना से सिख समाज में रोष है। गुरुद्वारा साहिब में हुई बैठक में घटना के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही शासन-प्रशासन ने घटना के दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा देने की मांग की गई। बुधवार को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें कहा गया कि सितारगंज की ग्रामसभा गोठा के गुरुद्वारा साहिब श्री गुरुनानक नगरी में पिछले दिनों श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप की बेअदबी की घटना हुई है जिसको लेकर समाज में गहरा रोष व्याप्त है तथा इस घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। बैठक में घटना पर कड़ा विरोध दर्ज करवाते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही शासन-प्रशासन से मांग की गई कि पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच की जाए, क्योंकि प्रथम दृष्टया यह मामला एक युवक तक सीमित नजर नहीं आ रहा है। घटना के वास्तविक दोषियों के विरुद्ध जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की हो। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, सचिव अवतार सिंह सैनी, कुलदीप सिंह बाजवा, जगजीत सिंह बाजवा, बाज सिंह, रघुवीर सिंह सहोता, मंगा सिंह, मैनेजर बलविंदर सिंह, दर्शन सिंह, सुरजन सिंह, डा. रतन सिंह, प्रगट सिंह, हरदयाल सिंह, महेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हरेला पर सुभाष चौक पर किया पौधरोपण

**जसपुर :** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रख्यात खिलाड़ी केवल सिंह संधू ने हरेला पर्व के उपलक्ष्य में जसपुर के सुभाष चौक व क्षेत्र के अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधे की देखरेख करना बहुत जरूरी है। इस मौके पर मास्टर भीष्म सिंह, प्रभजोत संधू, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



जसपुर के सुभाष चौक पर पौधरोपण करते केवल सिंह संधू।



विद्यालय में पौधरोपण करते सीईओ केएस रावत व अन्य। ● अमृत विचार

### शांतिपुरी में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने किया पौधरोपण

**शांतिपुरी :** राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिपुरी में बुधवार को जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा व संरक्षक पूर्व दर्जामंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने पौधरोपण किया। इसके बाद स्कूल का निरीक्षण करके शिक्षकों व कर्मचारियों की परेशानी को सुना। उन्होंने यकीन दिलाया कि यथाशीघ्र वह अपने स्तर की समस्याओं को तुरंत हल करेंगे। इस दौरान अभिभावक संघ के अध्यक्ष केदार जोशी, खीमानंद जोशी, बिशन सिंह कोरंगा, बीरेन्द्र कोरंगा, बृजेश गुप्ता, लीला देउपा, प्रेमा बोहर, हेमा भंडारी, सुनीता सिंह, पूजा भाटिया, रवीना जोशी, भगत सिंह मेहता व माधवानंद बहुगुणा मौजूद थे।

### काशीपुर रोडवेज डिपो के 29 कर्मी हुए स्थायी

**काशीपुर :** सालों से काशीपुर डिपो में अपनी सेवाएं दे रहे कुछ संविदा रोडवेज कर्मियों को विभाग ने स्थायी कर दिया है। इसमें 15 चालक और 14 परिचालक शामिल हैं। यह कर्मचारी वर्षों से डिपो में अपनी सेवाएं दे रहे थे और संविदा पर भर्ती किए गए थे। मुख्यालय से आदेश के बाद एआरएम अनिल सैनी ने चालक बिट्टू सिंह, रामकिशोर, दलजीत सिंह, लाल सिंह, सरजीत सिंह, कैलाश चंद्र पांडे, अवतार सिंह, मंजीत सिंह, सुरजीत सिंह, जाहिद, सुरेश चंद्र शर्मा, राकेश कुमार, देशराज सिंह, रमेश कुमार, बलवीर सिंह और परिचालक छत्रपाल सिंह, शैलेंद्र पवार, प्रिया, दिलशाद, दीपक कुमार जोशी, दीपीका दूबे, गुरजंट सिंह, संदीप कुमार, पंकज कुमार भटनागर, मनोज कुमार, सुनील कुमार, मुवीन अजय कुमार, जितेंद्र सिंह के स्थायीकरण के निर्देश दिए हैं।




खटीमा में पौधारोपण करते एसएसबी जवान और बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



दिनेशपुर सार्वजनिक स्थान पर पौधारोपण करते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

# लोक पर्व हरेला पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

## एसएसबी और बजरंग दल ने किया पौधरोपण, एक वृक्ष अपनी मां के नाम पर लगाने के लिए सभी ग्रामीणों को प्रेरित किया गया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** 57वीं बटालियन शस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में एसएसबी चौकी नारायण नगर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर लोकपर्व हरेला पर पौधरोपण किया। प्रभारी निरीक्षक अमरेश कुमार ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं एक वृक्ष अपनी मां के नाम पर लगाने हेतु सभी ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर एसएसबी से मदन सिंह रौतेला, कन्हैयालाल सुमित कुमार, ग्राम प्रधान रीति कोहली आदि रहे।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल एवं सीमा सुरक्षा बल द्वारा संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सावित्री चंद, कमांडेंट आर एन विश्वास, बजरंग दल प्रदेश महामंत्री रोशन रावत, निर्मल थ्वाल, जिलाध्यक्ष संजू सक्सेना, महामंत्री चंपावत नरेश विश्वकर्मा, नरेश मुरारी, बबलू, अनिल शर्मा, रामचंद्र आदि थे। ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ने ब्लाक परिसर में फलदार पौधे लगाए। ब्लॉक सभागार में उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. संजय दिवाकर के संरक्षण एवं उपाध्यक्ष डॉ. उत्तम कुमार के सफल नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विमल कुमार, खंड विकास अधिकारी नवीन उपाध्याय, ईश्वर सिंह अध्यक्ष पर्यावरण, सोनी, अमित ुमार, सपन विश्वास, निशा, अनीता, साधना आदि थे।




खटीमा में हरेला पर्व पर लोगों से पौधों के संरक्षण का आह्वान करते ब्लॉक प्रमुख नामधारी। ● अमृत विचार



काशीपुर के अपना घर सोसायटी में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में पूर्व सैनिकों ने किया पौधरोपण

**दिनेशपुर :** गौरव सैनानी वीरनारी उत्थान समिति के तत्वावधान में मंदिरों, विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर पूर्व सैनिकों ने पौधरोपण कार्यक्रम किया। गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष कै. धन सिंह कोरंगा ने बताया कि लोक पर्व हरेला पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से हरियाली दिवस के रूप में मनाते हुए पूर्व सैनिकों ने श्रीबालाजी मंदिर चक्कीमोड़, मलयनाथ मंदिर लालपुरी, मिनी स्टेडियम कूल्हा, विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया। इस मौके पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व दुर्गा सिंह राणा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, सूबेदार भगवत सिंह पांगती व भुपाल सिंह कोरंगा, देव सिंह धर्मशक्तू, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, राजेंद्र सिंह रावत, कैलाश पाठक, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह पानू, विक्रम सिंह रावत, महेंद्र सिंह पपोला, दरवान सिंह कोरंगा, रमेश कन्याल, गोविंद सिंह गड़िया, हरीश सुयाल आदि मौजूद थे।

### अपना घर सोसायटी में वृहद पौधरोपण किया

**काशीपुर :** उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला पर अपना घर सोसायटी में वृहद पौधरोपण किया गया। सोसायटी निवासियों ने अतिथियों के साथ मिलकर फलदार और फूलदार पौधे लगाए। समर्पण फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शमसुद्दीन रहे। सोसायटी के पार्क छह में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। समर्पण फाउंडेशन के संयोजक विमल माहेश्वरी ने कहा कि उनकी फाउंडेशन हर साल एक महीने पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करती है। आईआईएम परिसर में उन्होंने दो एकड़ में चीकू का बाग तैयार किया है। इस मौके पर सीमा गंगोला, शैली, मीरा, मंजू, सिंधू गुप्ता, सोनी चौबे, समुद्रिका, राधा वर्मा, अंजली, स्वीटी, राजीव कुमार, डॉ. वीरेंद्र सिंह, बीके मलिक, संदीप शर्मा, अवधेश आर्य, संजीव तिवारी, शरद वर्मा, विनोद सत्यबली आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावितों के लिए एक करोड़ की घोषणा



खटीमा में पत्रकारों के रूबरू होते विधायक भुवन कापड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विधायक कापड़ी ने कहा कि क्षेत्र में बाढ़ केवल बरसात नहीं बल्कि नहरों को खोले जाने के कारण आई है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। विधायक कापड़ी ने बाढ़ के बाद क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ प्रभावितों को राशन किट और दस करोड़ की आपदा राहत राशि जारी करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। विधायक भुवन कापड़ी ने अपनी विधायक निधि से एक करोड़ रुपये बाढ़ आपदा राहत के लिए देने की घोषणा की है।

विधायक ने सभी पात्र लोगों को राशन किट और सहायता राशि समान रूप से बांटे जाने को कहा। जिन स्कूली बच्चों की कॉपी किताबें बाढ़ के चलते खराब हो गई हैं उन्हें कांग्रेस मुहिम चलाकर किताबें मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि कई टुकटुक चालकों की बैटरियां खराब हुई हैं उन्हें भी सहायता मिलनी चाहिए।

उन्होंने सहायता राशि में बढ़ोत्तरी की जाए क्योंकि लोगों का नुकसान काफी ज्यादा हुआ है। उन्होंने कहा कि आपदा में अवसर तलाशते हुए बाढ़ पीड़ितों को घटिया राहत सामग्री सप्लाई करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर बॉबी राठौर, रवीश भटनागर, राजू सोनकर आदि थे।



एक्सपायरी डेट का खाद्यान्न और घुनी दालों को दिखाते पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत, कागजात चेक करते तहसीलदार जोशी।

# आपदा राशन किट में एक्सपायरी डेट की सामग्री, घुनी दालें दी गईं

संवाददाता, खटीमा

**धांधली**

**▸▸ पूर्व मंडी अध्यक्ष ने की शिकायत, एसडीएम, तहसीलदार और विधायक मौके पर पहुंचे**

**अमृत विचार:** आपदा पीड़ितों को दी जा रही राशन किट में एक्सपायरी डेट की सामग्री और घुन लगी दाल दिए जाने पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। भाजपा नेता पूर्व मंडी चेयरमैन ने मौके पर इस तरह की खाद्य सामग्री पकड़ ली और इसकी सूचना एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को दी। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। विधायक भुवन कापड़ी भी मौके पर पहुंच गए और एसडीएम से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

खटीमा में पूर्ति विभाग द्वारा आपदा पीड़ित गरीब परिवारों को राशन किट वितरित की जा रही है। इसमें दालें, खाद्य तेल, नमक, चाय पत्ती, आटा, चावल आदि सामान है। मंगलवार की देर शाम को पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत को राजीव नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सूचना दी कि जो राशन किट बांटी जा रही है। उसमें सामान खराब होने के साथ-साथ एक्सपायरी डेट का देकर पहले ही आपदा की मार झेल रहे पीड़ितों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर वितरित की जाने वाली 50 राशन किट की तेल की बोतलें वापस करवाई। वहीं विधायक कापड़ी इस तरह से जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने इसे प्रशासन की भी लापरवाही है। उन्होंने एसडीएम से दोषियों के खिलाफ कारवाई को कहा। मामले की जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-134

**बाएं से दाएं**

1. बहुत भारी वस्तु को ऊपर उठाने वाला यंत्र या उपकरण, उत्तंभ, उत्थापक, (क्रेन)।
4. ख़ुशामद, ठकुर-सुहाती।
5. 1. दल, समूह, जत्था 2. गिरोह, टोली 3. वर्ग, श्रेणी 4. अनुचर, सेवक 5. किसी समान उद्देश्य वाले लोगों का समूह 6. शिव के दूत या सेवकों का दल 7. समानता के आधार पर किसी व्यक्ति
6. 1. जिसपर कलंक लगा हो 2. अपयशी, कुख्यात 3. बदनाम 4. कलंकी।
8. 1. किसी भारी वस्तु के गिरने से होने वाली ध्वनि 2. धरती पर दबाव डालकर चलने से पैदा होने वाला शब्द 3. धमाका धड़ाम, धप।
10. एक पेड़ जिसके बीजों से चिरौंजी निकलती है।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. रक्षा, देख-रेख, रख वाली 2. पालन-पोषण।
3. कैंची या सरौते आदि से किसी चीज़ को काटना, काट-छांट करना।
5. 1. झटके से कुछ खा जाना, चटपट निगलना 2. झूठ बोलना।
7. 1. भाड़ा, वह धन जो किसी की कोई वस्तु काम में लाने के बदले उस वस्तु के मालिक को दिया जाए, (रेंट) 2. रेल
9. मद्य, मदिरा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | ■ | 4 | | | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | 7 | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -133 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख | ग | हा | ■ | 2 दे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 स | हि | क |
| ■ | 4 अं | गा | र | क | ■ |
| ■ | त | ■ | प | ■ | 5 जो |
| ■ | रा | ■ | 6 ट | के | त |
| 7 झाँ | व | र | ■ | ■ | दा |
| ■ | धि | ■ | 8 व | ज़ी | र |

## सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 2 | | 5 |
| 9 | | 5 | | | 8 | | 4 | 7 |
| | 2 | | 3 | 6 | | 8 | | |
| 8 | | 6 | | | 4 | | | |
| | 1 | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | | 7 | | 8 | 1 | | 5 | |
| 4 | 5 | | 6 | | | 1 | | 9 |
| 6 | | 1 | | | 3 | | | |

### सुडोकू -46 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 20.44 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- ज्येष्ठा 19 जुलाई 03.25 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने आस-पास रह रहे लोगों से सावधान रहें।

**वृष:** आज नौकरी में किसी अधीनस्थ से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में किए गए परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को निवेश करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन:** आज घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी को बहुत ही सोच विचार कर धन उधार दें। किसी जोखिम पूर्ण कार्य को करने में कामयाब होंगे। राजनीति में आपके कुशल नेतृत्व से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आज बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों को अपने उच्चाधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा। व्यापार में अपनी योजना को विरोधियों को पता न चलने दें अन्यथा योजना में विभिन्न बाधा आ सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज आप धन का कुछ हिस्सा दानपुर के कार्यों में भी लगाएंगे। चुस्ती एवं स्फूर्ति के साथ अपने कार्य को पूरे मनोयोग से ध्यान देना होगा। विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान को नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या:** आज कोर्ट कचहरी के मामले में आपके खिलाफ निर्णय आ सकता है। परिवार में कठोर वाणी का प्रयोग न करें। कार्यक्षेत्र में सरकारी विभाग द्वारा कुछ बाधा उत्पन्न हो सकती है। यदि आपको कोई धन संबंधी समस्या चल रही थी तो वह भी दूर होगी।

**तुला:** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगा। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रह सकता है। आय में कमी हो सकती है। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु:** आज जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर:** आज का दिन अधिक सुख एवं उन्नति कारक रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि बढ़ सकती है। अपने बॉस से निकटता का लाभ मिलेगा। मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि संबंधी कार्य में आई बाधा सरकारी मदद से दूर होगी।

**कुंभ:** आज ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। राजनीतिक पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मशीनरी उद्योग से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। शासन-प्रशासन के कार्य में अधिक व्यवस्था रहेगी।

**मीन:** आज जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- चोरी मेरा काम — सुबह : 10.16
- मेला — रात : 07.00

**SONY PIX**
- वाइट हाउस डाउन — सुबह : 10.17
- 65 — रात : 09.00

**&pictures**
- मक्खी — सुबह : 10.24
- ये साली आशिकी — रात : 08.00

**ZEE CINEMA**
- मिली — सुबह : 09.35
- स्टेट ऑफ सीज — शाम : 05.49

**colors CINEPLEX**
- दिल विल प्यार व्यार — सुबह : 11.30
- दोस्ताना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुत्र – मां मैं भी तालाब में तैरना चाहता हूं।
मां – नहीं ! बेटा डूब जाओगे
पुत्र – लेकिन पिताजी तो घंटे-भर से तालाब में तैर रहे हैं।
मां – बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

चिंटू- आज मैंने एक स्पेशल डिश बनाई है, जिसे खाते ही गर्मी गायब हो जाएगी।
पिंटू- ऐसा क्या बना दिया तुमने यार?
चिंटू- नवरत्न तेल में पकौड़े।

### पुलिस और राजस्व विभाग की 17 लोगों की टीम देवीकुंड रवाना, अतिक्रमण पाया गया तो टीम करेगी ध्वस्त

# सरकारी भूमि पर निर्माण की जांच करेगी टीम

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** दानपुर सेवा समिति द्वारा देवीकुंड में बाल योगी आदित्य कैलाश द्वारा मंदिर निर्माण करके अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासन अब सक्रिय हो गया है। बुधवार को कपकोट से पुलिस व राजस्व विभाग की टीम देवीकुंड के लिए रवाना हो गई है। यदि वहां पर अतिक्रमण हुआ पाया गया तो टीम उसे ध्वस्त करेगी। टीम में 17 लोग शामिल हैं।

बता दें कि बाल योगी आदित्य कैलाश द्वारा ग्लेशियर रेंज में देवीकुंड के पास रिजोर्ट नुमा कुटिया बनाने व देवीकुंड में स्नान करने की जानकारी मिलने के बाद दानपुर क्षेत्र के ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। इधर जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को कपकोट से तहसीलदार, पुलिस व वन विभाग की टीम ग्लेशियर क्षेत्र के देवीकुंड को रवाना हुई।

टीम को पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने ब्रीफ किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया गया है कि टीम वहां पर बने रिजॉर्ट नुमा कुटिया की भूमि का निरीक्षण करेगी तथा यदि वह प्रदेश या केंद्र सरकार की भूमि पर पाई गई तो उसे ध्वस्त करके लौटेगी। टीम में कुल 17 सदस्य शामिल हैं। सीओ अंकित कंडारी ने टीम को मौसम को देखते हुए सफर तय करने और सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

### मां भगवती के निर्देश पर किया मंदिर का जीर्णोद्धार

**बागेश्वर :** उच्च हिमालयी क्षेत्र में देवीकुंड के पास मंदिर व कुटिया निर्माण की ग्रामीणों द्वारा शिकायत व प्रशासन के जांच के आदेश के बाद योगी आदित्य कैलाश सामने आए हैं। उन्होंने कहा है कि वहां पर मां भगवती के दिए निर्देश के अनुसार मंदिर का जीर्णोद्धार किया है। कहा कि कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं। बुधवार को योगी आदित्यनाथ ने एक होटल में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि बीते दिनों से देवीकुंड में स्नान व मंदिर जीर्णोद्धार के बाद कुछ राजनैतिक लोगों ने इसे मुददा बनाया है। बताया कि जब वे विगत वर्ष में चिल्ठा मंदिर में थे तो वहां मां भगवती ने साक्षात रूप से प्रकट होकर मंदिर का जीर्णोद्धार करने के आदेश दिया। जिस पर वे वहां पहुंचे तथा ग्रामीणों के साथ वार्ता करके वहां पर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। बताया कि इससे पूर्व पर्यटक इस स्थान पर मांस मदिरा का सेवन करते थे जिसे उन्होंने बंद करवाया है। योगी ने कहा कि मंदिर के निर्माण पूर्ण होने के बाद आयोजित यज्ञ के बाद सामने पहाड़ी पर स्वास्तिक पर्वत के दर्शन हुए जो कि आज क्षेत्र की अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से आरोप लगाया कि कुछ लोग राजनैतिक स्वार्थ के चलते इस तरह के अनर्गल आरोप लगा रहे हैं।


योगी आदित्य कैलाश।

# मानदेय के भुगतान को प्रदर्शन

- दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को तीसरे दिन भी कार्य बहिष्कार पर रहे कार्मिक
- जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** तीन माह का मानदेय भुगतान समेत दो सूत्रीय मांगों का निराकरण को लेकर मेडिकल कॉलेज में तैनात आउटसोर्स कर्मियों का कार्यबहिष्कार जारी है।

बुधवार को तीसरे दिन भी कार्मिक कार्य बहिष्कार पर रहे। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। आउटसोर्स कर्मियों ने कहा कि कोरोना काल में भी पूरे मनोयोग से कर्मचारी कार्य पर डटे रहे। लेकिन इसके बाद भी पद सृजित नहीं किए गए। जिस वजह से अब कर्मचारियों को मानदेय का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। कहा कि तीन माह का मानदेय लटकने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारी तीन दिन से कार्य बहिष्कार पर हैं। लेकिन इसके बाद भी अब तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। नाराज कर्मचारियों ने शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां अमरेश पवार, अमन टंकवाल, चंदेल, किशन वाल्मीकि, सचिन, सुशील, मोहित, सतीश, सुशील, गिरीश, नीरज लोहनी, भूपेंद्र आर्या, महेंद्र कनवाल, सूरज आर्या आदि मौजूद रहे।


बेस अस्पताल में बुधवार को मांगों के निराकरण को लेकर प्रदर्शन करते कार्मिक।

## एक नजर

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया

**अल्मोड़ा।** केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के जन्मदिन पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर लगाया। जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने 16 यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, नगर अध्यक्ष अमित शाह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दर्शन रावत, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, नगर मंत्री दिशांत पवार, मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट, प्रेम लटवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, भाजयुमो जिला महामंत्री प्रकाश बिष्ट, नगर अध्यक्ष चन्दन बहुगुणा, मंडल अध्यक्ष कन्हैया बिष्ट, पारस कांडपाल, पीयूष कुमार, मोहित बिष्ट, ललित खोलिया, त्रिलोक सिंह रौतेला, दीपेंद्र राणा, युवम वोहरा आदि रहे।

### लक्ष्मेश्वर में बाइक चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** बेखौफ चोर लक्ष्मेश्वर बाइपास के पास सड़क किनारे खड़ी बाइक ले उड़े। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। लक्ष्मेश्वर बाइपास निवासी एक व्यक्ति हर रोज की तरह सड़क किनारे आंगन के समीप अपनी बाइक पार्क कर घर चले गए थे। लेकिन सुबह जब आए तो उन्हें अपनी बाइक नहीं दिखी। इससे वह दंग रह गए। उन्होंने निर्वतमान सभासद अमित साह को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद आसपास के सीसीटीवी चेक किए गए। जिसमें दो युवक रात में उनकी बाइक को ले जाते दिखे। नगर अध्यक्ष अमित साह ने बताया कि जानकारी पुलिस को दे दी है। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है।

### लमगडेश्वर मंदिर में ओम नमः शिवाय का जाप शुरू

**रानीखेत :** ताड़ीखेत के ग्राम पपना एराड़ी लेटी स्थित स्वर्गाश्रम लमगडेश्वर महादेव मंदिर में पवित्र सावन मास में बुधवार से ओम नमः शिवाय का जाप शुरू हो गया है। यह जाम 28 अगस्त तक चलेगा। बुधवार को जसवीर गिरी महाराज के सानिध्य में मंदिर में ओम नमः शिवाय का जाप प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस प्रातः समय गणेश पूजा, रुद्र पाठ, जलाभिषेक, अखंड पंचाक्षर मंत्र प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विकासखंड ताड़ीखेत के विभिन्न गांवों से आए भक्तों ने भाग लिया। संयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व के तहत आगामी 25 अगस्त को कृष्ण डोला स्थापना व आरती, 26 अगस्त को सुंदरकांड, भजन कीर्तन, महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ 27 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी डोल यात्रा व 28 अगस्त को हवन, यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# मोहर्रम पर निकाले ताजिये, अखाड़ों का भी प्रदर्शन

### अल्मोड़ा में नियाजगंज से जुलूस निकालकर कर्बला में दफनाए ताजिये, अखाड़े में लाठी और तलवारबाजी के दिखाए गए करतब

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में मोहर्रम पर बुधवार की देर शाम नगर में ताजियों का जुलूस निकाला गया। इस दौरान जगह-जगह तलवारबाजी का भी प्रदर्शन हुआ। देर रात करबला पहुंचने के बाद ताजियों को दफनाया दिया गया।

नगर के भ्यारखोला, लाला बाजार, कचहरी बाजार, थाना बाजार, नियाजगंज में कलात्मक ताजिये बनाए गये थे। यहां से देर शाम नियाजगंज से ताजियों का जुलूस शुरू हुआ। ताजियों का जुलूस लाला बाजार, कचहरी बाजार से मालरोड होते हुए थाना बाजार पहुंचा। जुलूस के दौरान लाठी और तलवारबाजी का प्रदर्शन कर करतब भी दिखाए गए। थाना बाजार में अखाड़े को अंतिम सलामी की रस्म अदा कर जुलूस का समापन हुआ। देर रात ताजियों को करबला में दफनाया गया।


जूलूस में शहर इमाम बहादुर अली, हाजी सफीक, हाजी नूर खान, आफिस खान, मोहम्मद जिशान, यासिर खान, सलीम अख्तर, नसीन अहमद, तनवीर खान, जोयेब आलम, नदीम अंसारी, मुख्तार अंसारी, सहीफ खान, राजू, जमाल, मुनीर, एमडी खान, फाकीर खान, आमिर खान, जुनेद खान, इमरान अली, इस्लाम, गुड्डू कश्मीरी आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में बुधवार को मोहर्रम पर अखाड़े में लाठी और तलवारबाजी का प्रदर्शन कर करबत दिखाया गया।


टनकपुर में ताजिया एवं इल्म के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाला जुलूस। ● अमृत विचार

### पांच इमामबाड़ों में तैयार किए गए आकर्षक ताजिये

हर साल मुस्लिम समाज के लोग मोहर्रम पर हजरत इमाम हुसैन को याद करते हैं। इसे लेकर अल्मोड़ा की ताजियादारी कुमाऊं भर में प्रसिद्ध है। मोहर्रम का चांद दिखते ही, ताजिएदारी की तैयारी शुरू हो गई थी। नगर के लाला बाजार, नियाजगंज, कचहरी बाजार, थाना बाजार और ओढ़खोला में ताजियों को अंतिम रूप देकर जुलूस निकाला गया।



### टनकपुर में मोहर्रम पर ताजियों के साथ निकाला जुलूस

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर में मोहर्रम पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में ताजिया एवं इल्म के साथ जुलूस निकाला। बुधवार को दोपहर में नमाज अदा करने के बाद टनकपुर नगर के वार्ड नंबर 4 में अब्दुल नबी एवं रेलवे फाटक के समीप से बिस्मिल्लाह बेगम की अध्यक्षता में मुस्लिम समुदाय द्वारा ताजिया तथा इल्म के साथ नगर क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। नगर के मुख्य चौराहा भ्रमण करता हुआ टनकपुर की जामा मस्जिद होते हुए वर्मा लाइन में इसका समापन किया गया। बाद में खटीमा में स्थित करबला पर ताजिया को दफन किया गया।

अब्दुल नबी ने बताया कि सभी ताजियों को खटीमा में दफनाया गया। दूसरी ओर देर शाम ग्रामसभा मनिहारगोठ में समीर हुसैन की अध्यक्षता में इमामबाड़े से निकाल कर ग्राम सभा क्षेत्र में भ्रमण कर मनिहागोठ के करबला पर ताजियों को दफन किया गया। कोतवाली योगेश उपाध्याय ने बताया कि शांति व्यवस्था को देखते हुए जुलूसों में पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। विद्युत विभाग के एसडीओ मयंक भट्ट ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान पर रखते हुए विद्युत आपूर्ति कार्यक्रम संपन्न होने तक बंद रखी गई। इस अवसर पर वकील अंसारी, शहंशाह शाहरुख, सलमान, अमन, जावेद, आबिद, शाहिद, अतिकुरहमान, मोहम्मद मियां, अरमान, फरमान, वसीम, मुस्तफा, हसन अंसारी, सलमान अली आदि मौजूद रहे।

### नाली चौड़ीकरण कर ह्यूमपाइप लगाने की मांग

**बनबसा :** व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी टनकपुर को ज्ञापन भेजकर रेलवे स्टेशन के समीप नाली चौड़ीकरण कर ह्यूमपाइप लगाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बीते 8 जुलाई को भारिश में रेलवे स्टेशन के समीप पानी निकासी न होने से समूचे बाजार में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों और घरों में पानी घुस गया था। इससे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए रेलवे स्टेशन के समीप वाली नाली का चौड़ीकरण कर ह्यूमपाइप लगाने की मांग की है। ज्ञापन में व्यापार मण्डल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, उपाध्यक्ष आशीष गर्ग, महामंत्री अभिषेक गोयल, कोषाध्यक्ष कमल गुप्ता, देवकी नन्दन जोशी, राजेश गर्ग, राहुल भाटिया आदि के हस्ताक्षर हैं।

### डोडा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की ओर से शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें जम्मू संभाग के डोडा जिले के जंगलों में आंतकियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बलिदान जवानों की आत्मा की शांति को प्रार्थना की। यहां अध्यक्ष डीसी तिवारी, दीपक कुमार, राजेंद्र सिंह शाही, पूरन चंद्र लोहनी, महेंद्र सिंह बिष्ट, चंद्र सिंह, प्रकाश चंद्र तिवारी, सुधीर जोशी, देवेंद्र लाल, आनंद सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने योग के गुर सीखे


योग क्रियाएं संपादित कराती महिला योग समिति की बहनें। ● अमृत विचार

संवाददाता, बैरती ( अल्मोड़ा)

**अमृत विचार :** पतंजलि महिला योग समिति के तत्वावधान में मासी स्थित भूमियां मंदिर में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। 15 से 17 जुलाई तक पतंजलि महिला योग समिति की कार्यशाला में विभिन्न यौगिक क्रियाओं के साथ साथ धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया गया।

कार्यशाला में रानीखेत, अल्मोड़ा, गैरसैंण, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी की जिलास्तरीय पदाधिकारी बहनों ने भाग लिया। कार्यशाला में प्रातः 5 से 7 बजे तक योग कक्षा, वैदिक हवन, आरोग्य सभा वृक्षारोपण, बाल संस्कार शिविर, समिति की बैठक का आयोजन व ध्यान योग किया गया। कार्यशाला में राज्य सह प्रभारी लक्ष्मी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य लीला संगेला, तनुजा बिष्ट, रुचि दुबे, ममता शर्मा, सुनीता जोशी, मधु लोहनी, ऊषा गौड़, तारा फुलोरिया, हेमा देवतल्ला, गुड्डी भंडारी, मुन्नी बिष्ट, शशि नेगी, तुलसी सिराड़ी, सोना नेगी रहे।

# 380 टिन लीसे का साथ तस्कर धरा

- गोविंदपुर दौलाघट से बरेली के लिए ले जाया जा रहा था लीसा
- लालकुआं निवासी बस चालक अंधेरे में हुआ फरार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सोमेश्वर पुलिस ने 380 टिन अवैध लीसे के साथ तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि आरोपी बस चालक अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर तस्करी में प्रयुक्त बस को सीज कर तस्करों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बुधवार तड़के सूचना पर एसओजी और सोमेश्वर पुलिस की संयुक्त टीम ने दौलाघट तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेज गति से आ रही बस संख्या यूके 02 पीए 0104 को रोका गया। जिसका चालक प्रदीप जोशी, निवासी लालकुआं मौके से फरार हो गया। वहीं, चालक के बराबर वाली सीट पर बैठे व्यक्ति राकेश पांडे पुत्र कैलाश चंद्र पांडे, निवासी ग्राम बांसतोली थाना कांडा जिला बागेश्वर को मौके से गिरफ्तार किया गया है। बस में 380 टिन अवैध लीसा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि लीसा लमगड़ा निवासी महेंद्र सिंह और विक्रम बोरा का है। जिसे गोविंदपुर दौलाघट से बरेली (उत्तर प्रदेश) ले जाया जा रहा था। मौके पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सोमेश्वर में धारा 26/42 भारतीय वन अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह, एसओजी प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र चंद्र राय, कास्टेबल राजेश भट्ट, मोहम्मद यामीन रहे।



अवैध लीसे से भरी बस के साथ तस्करी का आरोपी।

# नेपाली मजदूर पर किया पथराव, डंडे से सिर फोड़ा

संवाददाता, अल्मोड़ा

- पिथौरागढ़ निवासी आरोपी के खिलाफ दो दिन में दूसरा मुकदमा
- गाली गलौज, धमकाने और जान से मारने की कोशिश का आरोप

**अमृत विचारः** नेपाली श्रमिक ने पिथौरागढ़ निवासी एक व्यक्ति पर डंडे से वार कर जान से मारने और गाली गलौज का आरोप लगाया है। पीड़ित नेपाली की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मूल रूप से नेपाल निवासी कमल शर्मा ने लमगड़ा थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर में आरोप लगाया कि मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी जाबद अख्तर का गांव में आना जाना है। बताया कि बीते सोमवार को रात जब वो अपनी पत्नी के साथ घर को जा रहा था तो आरोपी ने गाली गलौज शुरू और उन पर पथराव कर दिया। वहीं, एकाएक लाठी डंडो से उनपर वार कर दिया। जिससे उसको गंभीर छोटे आई है। कहा कि किसी तरह भागकर अपनी और पत्नी की जान बचाई। कहा कि उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित नेपाली की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, आरोपी पर पूर्व में भी बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट के आरोप में लमगड़ा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

# मां चंडिका मंदिर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे



मां चंडिका मंदिर में पौधरोपण के दौरान संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार



बनबसा में पौधरोपण करते लायंस क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** अपनी धरोहर संस्था द्वारा मां चंडिका मंदिर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजाति के दर्जनों पौधे रोपित किए गए तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

मां चंडिका परिसर में आयोजित पौधरोपण में अपनी धरोहर संस्था के प्रदेश महामंत्री भुवन कांडपाल ने कहा कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष हरेला महोत्सव के तहत पौधरोपण किया जाता है तथा उनकी सुरक्षा की जाती है। उन्होंने अपनी धरोहर संस्था द्वारा नवंबर माह में आयोजित होने वाली जय गोलू संदेश यात्रा की जानकारी दी। इस दौरान परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौध रोपित किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष उमेश साह, कैलाश अंडोला, नवीन लाल साह, बृजमोहन वर्मा, वृक्ष मित्र किशन मलड़ा, किशन नेगी, नवीन साह, चंद्रा पंत,, मीना जोशी, पूर्व नपा अध्यक्ष गीता रावल, लीला जोशी, पुष्पा चौबे आदि उपस्थित थे। इस दौरान मां चंडिका मंदिर में अपनी धरोहर संस्था द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

### बनबसा में लायंस क्लब ने किया पौधरोपण

**बनबसा :** लायंस क्लब ने पौधरोपण अभियान चलाया। इसके तहत शहीद उत्तम चंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व नेशनल हाईवे के किनारे अशोक, आम, अमरूद और लीची सहित 37 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जोन चेयरपर्सन लायन जितेंद्र पारुथी ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। लायंस क्लब अध्यक्ष लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि हर मनुष्य को अपने जीवन काल में दो वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए। इस मौके पर सचिव सत्यनारायण गोयल, कोषाध्यक्ष मनोज मित्तल, जगजीत सिंह गांधी, शिवनारायण साहू, पवन अग्रवाल, विकास सिंह, प्रधानाचार्य माधवानंद भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# झांकी के साथ देवीधार महोत्सव शुरू

संवाददाता,लोहाघाट

**अमृत विचारः** पांच दिवसीय देवीधार महोत्सव का पूजा अर्चना और भव्य झांकी के साथ बुधवार को शुभारंभ हो गया है। मुख्य अतिथि विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ करते हुए झांकी को रवाना किया। उन्होंने महोत्सव आयोजकों को बधाई दी।

झांकी देवीधार मंदिर से हनुमान मंदिर, महाकाली मंदिर, हनुमान मंदिर होते हुए देवीधार पहुंची। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजधज कलश यात्रा के साथ मंगल गीतों का गायन किया। छोलिया नर्तकों करतब दिखाए। सुबह मंदिरों में पुरोहितों ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। झांकी में रायनगर, डेंसली, गोर्खानगर, ईड़ाकोट, भुमलाई, कोयाटी, गल्लागांव, गंगनौला, खतेड़ा, कनेड़ी व लोहाघाट नगर के सैकड़ों महिला पुरूषों ने हिस्सा लिया। मेले का मुख्य आकर्षक 21 जुलाई को विभिन्न गांवों से निकलने वाली देवी रथ यात्रा होगी। महोत्सव के दौरान रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम एवं बौद्धिक व खेल प्रतियोगिताएं होंगी। विशिष्ट अतिथि भागीरथ भट्ट, शैलेंद्र राय, चांद बोहरा, नवीन जोशी, हरगोविंद सिंह बोहरा, कविराज मौनी, बल्लू महारा रहे। मेला समिति अध्यक्ष जीवन सिंह मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर संरक्षक प्रह्लाद सिंह मेहता, महासचिव प्रकाश राय, योगेश मेहता, चन्द्र सिंह पुजारी, सोनू बिष्ट, मदन राम, भैरव राय, जितेन्द्र राय, नाथू राम राय, शिवराज सिंह, रमेश बिष्ट, मोहन सिंह, लोक सिंह, शेखर गोरखा, भुवन बहादुर आदि रहे।


लोहाघाट में देवीधार महोत्सव का शुभारंभ करते हैं विधायक खुशाल सिंह अधिकारी।

## एक नजर

### ईडी ने वाल्मीकि सहकारी घोटाला में नागेंद्र की पत्नी से पूछताछ की

**बेंगलुरु।** ईडी ने यहां सरकारी स्वामित्व वाले निगम में 187 करोड़ रुपये के घोटाले के संबंध में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र की पत्नी मंजुला से बुधवार को पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए मंजुला को तलब किया था। कांग्रेस के विधायक नागेंद्र पहले ही ईडी की हिरासत में हैं। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा कथित अवैध धन हस्तांतरण घोटाला 26 मई को लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी. के आत्महत्या करने व एक नोट छोड़ने के बाद सामने आया था। सुसाइड नोट में निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये के अनधिकृत हस्तांतरण का खुलासा हुआ था।

### कश्मीर में मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीनी झंडे, नारे लगाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर में आठवें मुहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन के झंडे और नारे लगाने के आरोप में बुधवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि प्रशासन द्वारा मुहर्रम जुलूस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का जुलूस में सरासर उल्लंघन किया गया था। यह जुलूस श्रीनगर के मध्य से गुजरा और इसमें मातम मनाने वाले हजारों शिया शामिल हुए थे। जुलूस के दौरान हिजबुल्लाह के झंडे और आपत्तिजनक नारे लगाये गये थे। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा कि कुछ मुद्दे थे जो आठवें मुहर्रम जुलूस के लिए निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार उनका पालन नहीं कयिा गया था।

# केंद्र सरकार के रेड राज से निवेश लगातार हो रहे कम : कांग्रेस

## जयराम बोले- नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुस्त निवेश से 10 वर्ष में घाटी आर्थिक विकास की रफ्तार

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की अस्थिर नीतियों, मित्रवादी पूंजीवाद के बोलबाले और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग के 'रेड राज' के कारण पिछले 10 वर्षों से निवेश कम हो रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारत को नीतियों में छोटे-मोटे फेरबदल की नहीं, बल्कि उदारता भरे दृष्टिकोण की ज़रूरत है।

रमेश ने कहा कि 2014 के बाद से भारत के तेज़ी से वृद्धि न करने का मुख्य कारण सुस्त निवेश दर है। अस्थिर नीतियां, मित्रवादी पूंजीवाद का बोलबाला और ईडी, सीबीआई एवं आयकर विभाग का रेड राज, इन तीन वजहों से 2014 से निवेश लगातार कम हो रहा है। कम निवेश मध्यम और दीर्घकालिक जीडीपी वृद्धि दर को नीचे खींचता है, जिसके परिणामस्वरूप मजदूरी और उपभोग वृद्धि में गिरावट आती है। रमेश ने दावा किया कि भारत में निजी घरेलू निवेश 2014 से सुस्त है। डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जीडीपी 25-30 प्रतिशत के दायरे में था।

### ध्यान भटकाने की राजनीति बंद करें मोदी: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मुंबई में नौकरी के लिए एकत्र युवाओं की भीड़ वाले वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान भटकाने की राजनीति बंद कर युवाओं के बारे में सोचना चाहिए। 16 जुलाई को मुंबई हवाईअड्डे पर एअर इंडिया में अलग-अलग पदों के लिए आवेदन देने बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी कुछ दिन पहले मुंबई में कह रहे थे कि हमने करोड़ रोजगार देकर रिकॉर्ड तोड़ डाले। आज उसी मुंबई में कुछ वैकेंसीज के लिए आए बेरोजगारों की अपार भीड़ का वीडियो वायरल है।

# असम : मुठभेड़ में हमार के 3 उग्रवादी मारे गए, कई पुलिसकर्मी भी घायल

सिलचर (असम), एजेंसी

असम के कछार जिले में बुधवार को हुए मुठभेड़ में हमार के कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर कहा कि सुबह एक अभियान में कछार जिले की पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के हमार के तीन उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके राइफल, एक अन्य राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। गुवाहाटी स्थित असम पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ जवानों के घायल होने की पुष्टि की है।

पुलिस ने मंगलवार रात पूर्वी ढोला गंगानगर से 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे किस संगठन के थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऑटोरिक्शा बरामद किया जिसका इस्तेमाल उग्रवादियों ने किया था। उसमें से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार बरामद किए गए। पुलिस की एक टीम अन्य उग्रवादियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भवन हिल्स इलाके में लेकर गई। उसी समय मुठभेड़ हुई। एक घंटे से अधिक समय तक हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए, जबकि तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए।

### कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। साथ ही एक घायल जवान मोर्चा संभाल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर जिले के पखांजूर में पिछले तीन घंटे से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में एक उप निरीक्षक समेत दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल उप निरीक्षक को इलाज के लिए जिला मुख्यालय एयरलिफ्ट किया गया है। वहीं दूसरा घायल जवान अब भी मुठभेड़ में मोर्चा संभाल रहा है। मुठभेड़ के स्थान में बैकअप के लिए टीम रवाना हो गई है। इस पूरी घटना की पुष्टि जवानों के वापसी के बाद ही हो पाएगी।

## कर्ज चुका पाने में असमर्थ कर्जदार ने की मुकेश सहनी के पिता की हत्या

दरभंगा, एजेंसी

- पुलिस ने हत्या के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

बिहार की दरभंगा ज़िला पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के हत्या मामले का खुलासा करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के जिरात गांव में हुई हत्या की घटना का खुलासा किया गया है और एक अभियुक्त इसी तहां क्षेत्र के अफजला टोला, सुपौल बाजार का रहने वाला काजिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रेड्डी ने बताया कि काजिम ने जीतन सहनी से ब्याज पर कर्ज लिया था, जिसे न चुका पाने के कारण कर्ज के एवज में गिरवी रखी ज़मीन नहीं छुड़ा पा रह था। इसी क्रम में घटना की रात डेढ़ बजे काजिम और उसके साथियों ने सहनी के घर में प्रवेश किया। अभियुक्तों ने जीतन को डराकर जमीन और कर्ज के कागज़ात मांगने लगा लेकिन सहनी ने गाली देना शुरू कर दिया। इस पर काजिम ने सहनी पर चाकू से वार कर हत्या कर दी और भाग निकला।

## ईडी ने जल जीवन मामले में कथित बिचौलिए को किया गिरफ्तार

**जयपुर।** ईडी ने राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना को लागू करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कथित बिचौलिए संजय बड़ाया से मंगलवार को एजेंसी कार्यालय में पूछताछ की गई थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का उद्देश्य नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है और राजस्थान में इसे राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। एजेंसी इससे पहले तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिनमें गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल, श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पदमचंद जैन और एक अन्य व्यक्ति पीयूष जैन शामिल हैं।

## हिमाचल में जवाहर नवोदय विद्यालय के 5 छात्र निलंबित

शिमला, एजेंसी

- रैगिंग में 15 दिनों के लिए निलंबित 10वीं के छात्रों की पिटाई का आरोप

शिमला जिले के ठियोग स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के 12वीं कक्षा के करीब 5 छात्रों को रैगिंग के आरोप में 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया हैं। स्कूल प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि 13 जुलाई की रात को 5 छात्रों ने एक छात्रवास में दसवीं कक्षा के कुछ छात्रों की इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उन्होंने अपने वरिष्ठजनों के कपड़े धोने से मना कर दिया था।

उन्होंने बताया कि कनिष्ठ छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। बाद में एक पीड़ित छात्र ने अपने अभिभावकों को फोन पर घटना के बारे में बताया। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि वरिष्ठ छात्र उससे पैसे भी मांगते थे। जेएनवी ठियोग की प्राचार्य संजीता शौनिक ने कहा कि उन्होंने छात्रवास जाकर छात्रों की लड़ाई रोकी। उन्होंने कहा कि दोषी छात्रों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, उसके लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## दिल्ली सरकार पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकारे : कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दक्षिणी रिज के आरक्षित वन क्षेत्र में सड़क बनाने के लिए 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण को फटकार लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने पर्यावरण के प्रति संवेदनहीनता दिखाई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह एक स्वीकार्य स्थिति है जैसा कि पेड़ अधिकारी के बयान से पता चलता है कि 422 पेड़ों को काटने के लिए अधिकारी ने कोई अनुमति नहीं दी थी। न्यायालय सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए रिज वन क्षेत्र में 1,100 पेड़ों को काटने के मामले में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते अवमानना कार्यवाही की सुनवाई कर रहा था। पीठ ने 12 जुलाई को दिए आदेश में कहा कि दिल्ली सरकार को 422 पेड़ों को काटने की अनुमति देने का दोष स्वीकार करना चाहिए, दिल्ली सरकार को ऐसी अनुमति देने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है।

## विधि मंत्रालय ने कुछ विधेयकों की वकालत की

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय ने इसे अपने 100-दिवसीय एजेंडे में किया शामिल

विधि मंत्रालय ने कुछ प्रकार के विधेयकों में सावधि (सनसेट) खंड या स्वतः निरस्तीकरण प्रावधान को शामिल करने की वकालत की है ताकि कानून की पुस्तकों में किसी तरह की अव्यवस्था नहीं हो। साथ ही उसने इसे अपने 100-दिवसीय एजेंडे में शामिल किया है।

सावधि खंड मुख्यतया अस्थायी प्रकृति के कानूनों या बदलती स्थितियों से निपटने वाले कानूनों पर लागू होता है। उपयोगिता समाप्त होने पर वे कानून की पुस्तकों से हटाए जाते हैं। विधि मंत्रालय के विधायी विभाग ने नए विधायी प्रस्ताव में सावधि खंड को अपने 100-दिवसीय एजेंडे का हिस्सा बनाते हुए कहा है कि संबंधित मंत्रालयों के परामर्श के बाद इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे। संसदीय चुनावों से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100-दिवसीय एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था।

पूर्व केंद्रीय विधि सचिव पी के मल्होत्रा ने बताया कि जब भी विधायिका - संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित किसी कानून की अवधि को सीमित करना चाहती है, तो वह नीतिगत तौर पर एक सावधि खंड शामिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि इसमें यह प्रावधान हो सकता है कि एक निश्चित अवधि- आवश्यकता के आधार पर 5 या 10 वर्ष- बीत जाने के बाद संबंधित कानून स्वतः समाप्त हो जाएगा। मल्होत्रा ने कहा कि विधायिका सावधि खंड से निष्क्रिय हो चुके कानून को नया जीवन देने के लिए नया कानून पारित कर सकती है। विभाग के अनुसार, वह संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों और विभागों के परामर्श से नए विधायी प्रस्ताव में सावधि खंड या स्वतः निरस्तीकरण उपबंध को शामिल करना चाहता है।

## पंजाब में 7 किलो हेरोइन और 5 पिस्तौल के साथ दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर सात किलो हेरोइन और पांच पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर कहा, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने 2 संदिग्धों को गिरफ्तार किया, 7 किलो हेरोइन, 5 पिस्तौल, पांच कारतूस और पांच मैगजीन बरामद की, जिससे तस्करी का नेटवर्क बाधित हुआ।

## फर्जी प्रमाणपत्र पर बर्खास्तगी व सख्त कार्रवाई हो

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के पूर्व प्रमुख बोले- प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली होनी चाहिए

ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर से जुड़े विवाद के बीच लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के पूर्व प्रमुख संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि जो लोग सिविल सेवाओं में शामिल होने के लिए फर्जी जाति और दिव्यांगता प्रमाण पत्र का उपयोग करते पाए जाते हैं, उन्हें न सिर्फ बर्खास्त किया जाना चाहिए, बल्कि उनसे प्रशिक्षण खर्च और वेतन की वसूली भी की जानी चाहिए।

खेडकर द्वारा अधिकार और विशेषाधिकारों के दुरुपयोग का मामला सामने आने के बाद, सोशल मीडिया पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की भरमार हो गई है। सोशल मीडिया पर लोगों ने कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के नाम, चित्र और अन्य विवरण साझा करते हुए दावा किया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए उपलब्ध लाभों का उपयोग करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया। चोपड़ा ने कहा, यह व्यवस्था में एक गंभीर रोग है। ऐसा करते हुए जो कोई भी पाया जाता है, वह न सिर्फ एक योग्य उम्मीदवार को वंचित करता है, बल्कि जानबूझकर आपराधिक साजिश में शामिल होता है।

### नोटिस के बाद, पूजा खेडकर के पारिवारिक घर के पास अवैध निर्माण को हटाया गया : अधिकारी

**पुणे।** पुणे में प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के पारिवारिक बंगले के पास एक अवैध संरचना को हटा दिया गया है, नगर निकाय ने उन्हें इसे हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। अधिकारी ने कहा कि हो सकता है कि खेडकर के परिवार ने कथित अतिक्रमण हटा लिया हो, क्योंकि पुणे नगर निगम (पीएमसी) द्वारा निर्धारित समय सीमा अभी समाप्त नहीं हुई है। पीएमसी अधिकारियों ने 13 जुलाई को शहर के बानेर रोड इलाके में स्थित बंगले के बाहर नोटिस चिपकाया था, जिसमें आईएएस अधिकारी के परिवार से संपत्ति से लगे फुटपाथ पर 60 फुट लंबाई, तीन फुट चौड़ाई और दो फुट ऊंचाई वाले अनधिकृत ढांचे को हटाने के लिए कहा गया था।



## एक नजर

### घरेलू विनिर्माण को बढ़ाने के लिए बजट में सीमा शुल्क हो युक्तिसंगत : आईसीसी

**नई दिल्ली।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) ने सरकार को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस्पात, सौर बैटरी, एल्यूमीनियम और लिथियम सेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाने का सुझाव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 23 जुलाई को पूर्ण केंद्रीय बजट पेश करेंगी। आईसीसी के अध्यक्ष अमेय प्रभु ने कहा कि इस्पात, सौर बैटरी, एल्यूमीनियम और लिथियम सेल सहित अन्य क्षेत्रों में घरेलू उद्योग की वृद्धि के लिए सुरक्षात्मक उपायों की आवश्यकता है। प्रभु ने कहा कि इन विशिष्ट क्षेत्रों में समग्र रूप से सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है। घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और भारत को विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने की अपार संभावनाएं हैं। कच्चे माल पर शुल्क से घरेलू कम्पनियों खासकर 'डाउनस्ट्रीम' कंपनियों पर असर पड़ता है। अपस्ट्रीम कंपनियां तेल तथा गैस की खोज और उत्पादन में शामिल हैं, जबकि डाउनस्ट्रीम कंपनियां तेल तथा गैस उत्पादों के शोधन, विपणन व वितरण का काम करती हैं। उन्होंने मिश्रित पेट्रोलियम गैस पर शुल्क को पांच प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत करके उलटे शुल्क ढांचे में सुधार करने का भी अनुरोध किया।

## हल्द्वानी मंडी

(दाम प्रति क्विंटल में) चावल : शरबती- 5600 मसूरी- 5500 बासमती- 10000-10600 परमल- 3900-4000 दाल दलहन : काला चना- 7700 साबुत चना दाल- 7500-8700 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 15000-16000 दाल उड़द- 11500 साबुत मसूर दाल- 7400- 7700 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 13000 काबुली चना- 12400-12800 अरहर दाल- 16300-17000 लोबिया/ करमानी- 9000 सोयाबीन- 4500 मूंगफली- 11200 मटर (सूखी)- 5100 मक्का- 2500

# देश में तेल खली निर्यात 20% बढ़कर 3.35 लाख टन पहुंचा

## डीओसी निर्यात में कमी का कारण सरसों, अरंडी और प्रतिबंध लगना

नई दिल्ली, एजेंसी



- चावल भूसी डीओसी की कीमतों में गिरावट की भी संभावना

सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) के निर्यात में उछाल के कारण जून में भारत का डीओसी निर्यात 20 प्रतिशत बढ़कर 3,35,196 टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 2,80,001 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को डीओसी के निर्यात आंकड़े जारी किए।

एसोसिएशन ने कहा कि अप्रैल-जून, 2024 के दौरान डीओसी का कुल निर्यात एक साल पहले की समान अवधि के 12,10,045 टन की तुलना में घटकर 11,02,632 टन रह गया, जिसका मुख्य कारण सरसों डीओसी, अरंडी डीओसी के निर्यात में कमी और निर्यात प्रतिबंध के कारण पिछले साल सितंबर से चावल भूसी डीओसी (डी-ऑइल राइस ब्रान) का निर्यात नहीं होना है। एसईए ने कहा कि चावल भूसी डीओसी की कीमतें अब निचले स्तर पर हैं और इसके नीचे जाने की भी संभावना है। उन्होंने सरकार से 31 जुलाई, 2024 से आगे प्रतिबंध को नहीं बढ़ाने का आग्रह किया।

### बीते साल स्थिर रहा चाय निर्यात

**कोलकाता।** देश का चाय निर्यात कैलेंडर साल 2023 में 23 करोड़ 16.91 लाख किलो पर स्थिर रहा है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार 2022 के दौरान चाय का निर्यात 23 करोड़ 10.8 लाख किलो था। प्रमुख बागान मालिक संगठन भारतीय चाय संघ (आईटीए) के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भुगतान समस्याओं के कारण ईरान के बाजार में नुकसान ने चाय के समग्र उठाव को प्रभावित किया है। ईरान द्वारा भारतीय चाय का आयात 2019 के 5.4 करोड़ किलो की तुलना में 2023 में 51.6 लाख किलो गिरा था। रूस को भेजी जाने वाली खेप भी यूक्रेन के साथ संघर्ष से प्रभावित हुई। 2023 में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात 14.1 करोड़ किलो था, जबकि दक्षिण भारत का निर्यात नौ करोड़ 6.9 लाख किलो था।

## यात्री वाहनों पर जीएसटी दर में बदलाव की जरूरत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मानद मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव छाबा ने कहा है कि भारत में यात्री वाहनों पर मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर संरचना पुरानी हो चुकी है। इसे मोटर वाहन उद्योग में हो रहे घटनाक्रमों के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार को मोटर वाहन क्षेत्र पर नीतियां बनाते समय वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, आयात बिल में कमी, सतत आपूर्ति श्रृंखला और स्वामित्व की कुल लागत के समग्र परिप्रेक्ष्य पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय बजट से पहले हाइब्रिड वाहनों को कर प्रोत्साहन देने पर विचार करने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा मजबूत प्लग-इन हाइब्रिड वाहन पर ऐसे लाभ के लिए विचार होना चाहिए, जिनमें परंपरागत इंजन से स्वतंत्र बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में चलने की क्षमता हो।

## एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7 प्रतिशत पर रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की जताई उम्मीद

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 7% पर बरकरार रखा है। साथ ही कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। एडीबी का यह पूर्वानुमान ऐसे समय में आया है जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर 7% किया है। आईएमएफ ने अप्रैल 6.8% रहने का अनुमान लगाया था।

आरबीआई ने पिछले महीने अपने वृद्धि अनुमान को 7 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया था। एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) के जुलाई संस्करण में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 को समाप्त) में 7% की दर से बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-26 में 7.2% की दर से बढ़ने की राह पर है, जैसा कि एडीओ अप्रैल 2024 में अनुमान लगाया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 8.2% की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि उससे पिछले वित्त वर्ष में यह सात प्रतिशत थी।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में धीमी वृद्धि के बाद सामान्य से अधिक मानसून अनुमानों को देखते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार की उम्मीद है। ऐसा जून में मानसून की धीमी प्रगति के बावजूद है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कृषि में सुधार महत्वपूर्ण होगा। विकासशील एशिया के विकास पूर्वानुमान के संबंध में एडीओ ने कहा कि इसे 2024 के लिए पांच प्रतिशत तक संशोधित किया गया है और 2025 में 4.9 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है।

## वित्तीय सेवा क्षेत्र में 18 लाख नौकरियां पर लेने वाला कोई नहीं : एफबीएसबी

अहमदाबाद, एजेंसी

- बैंक, बीमा, ब्रोकरेज की कंपनियों को प्रशिक्षितों की जरूरत
- देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या : सीईओ

एफपीएसबी (फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण मिश्रा ने बुधवार को कहा कि देश में रोजगार पाने की काबिलियत की समस्या है क्योंकि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी 5 साल में 1.5 लाख नौकरियां सृजित करेगा। अभी यहां 6,000 कर्मचारी वित्तीय सेवा क्षेत्र में हैं।

मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के नेशनल करियर सर्विसेज पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में वित्तीय सेवाओं में 46.86 लाख नौकरियां सृजित हुईं। इनमें से केवल 27.5 लाख नौकरियां ही भरी गईं। इससे पता चलता है कि 18 लाख नौकरियों को लेने वाला कोई नहीं था। इसका कारण रोजगार हासिल करने की काबिलियत है। नौकरियां तो हैं, लेकिन लोग उतने काबिल नहीं हैं कि उसे ले सकें।

उन्होंने कहा कि बैंकों, बीमा कंपनियों, ब्रोकरेज हाउस और म्यूचुअल फंड कंपनियों को हमेशा प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है। यदि आप ऑनलाइन नौकरी खोजते हैं, तो आप पाएंगे कि उपलब्ध प्रमाणित वित्तीय नियोजकों (सीएफपी) की संख्या की तुलना में लगभग 40 गुना अधिक नौकरियां हैं। एफपीएसबी इंडिया, फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड लि. (एफपीएसबी लिमिटेड) की भारतीय अनुषंगी कंपनी है। यह वित्तीय नियोजन पेशे के लिए वैश्विक मानक-निर्धारण से जुड़ा निकाय है।

## छोटी कंपनियों ने दिया बड़ा रिटर्न, मिडकैप 30% चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- मिड और स्मॉल के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में आई उछाल

देश की आर्थिक बुनियाद तथा घरेलू स्तर पर सुधार के बीच इस साल छोटी कंपनियों के शेयरों ने निवेशकों को अधिक रिटर्न दिया है। बीएसई मिडकैप 16 जुलाई तक 10,984.72 अंक या 29.81% चढ़ा है, जबकि स्मॉलकैप में 11,628.13 अंक या 27.24% का उछाल आया है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि मिड और स्मॉलकैप के शेयरों के बेहतर प्रदर्शन से घरेलू स्तर पर नकदी में उछाल है। म्यूचुअल फंड, पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) और प्रत्यक्ष निवेश से इन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में घरेलू धन का प्रवाह हो रहा है। जहां मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि बड़े शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से वे मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों से पीछे रह गए। बीएसई मिडकैप सूचकांक इस साल 16 जुलाई को 48,175.21 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि स्मॉलकैप आठ जुलाई को 54,617.75 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि इस वर्ष मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक के बेहतर प्रदर्शन से प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं में क्षेत्र-विशेष में उछाल और उनका निचला मूल्यांकन तथा अर्थव्यवस्था की उच्च वृद्धि क्षमता को दिया जा सकता है।

### एलआईसी ने की कमाई, एसबीआई को भी फायदा

**मुंबई।** बीमा कंपनी एलआईसी ने एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस जैसी निजी बीमा कंपनियों को पीछे छोड़ दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर एक साल में 79% तक उछल चुका है। पिछले साल 18 जुलाई को एलआईसी का शेयर 620 रुपये पर था लेकिन इस साल 16 जुलाई को यह 1,109.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ। इसकी तुलना में एचडीएफसी लाइफ के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। बीते एक साल में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस का शेयर भी 1,314 रुपये से बढ़कर 1,621.20 रुपये पर पहुंच गया। इसने 23 % की बढ़त हासिल की है। बीमा कंपनियों ने बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीम, सूचना प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों में निवेश पर अधिक ध्यान दिया है।

# सुमित नागल व ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर

बस्ताड (स्वीडन), एजेंसी

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक को नॉर्डिया ओपन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नागल और ड्रेजेविक की जोड़ी 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हार गई। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि एकल वर्ग में अपनी चुनौती बरकरार रखी है। नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा। इस बीच रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का जर्मनी में हैम्बर्ग ओपन में जैकब श्नाटर और मार्क वॉलनर की जर्मन जोड़ी के खिलाफ पुरुष युगल के पहले दौर का मैच गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया है। बोपन्ना और बालाजी पेरिस ओलंपिक के लिए भी जोड़ी बनाएंगे। हैम्बर्ग ओपन में भाग ले रही एक अन्य जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत ने दूसरे दौर का क्वालीफाइंग मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।



<< एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे के खिलाफ शॉट खेलते सुमित नागल।

## विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

# शौर्य बावा ने जीता कांस्य पदक



**ह्यूस्टन।** भारत के शौर्य बावा ने टेक्सास के ह्यूस्टन में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत लिया है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने बॉयज एकल सेमीफाइनल मुकाबले में मिस्त्र के मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। शौर्या बावा को 41 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। बावा ने राउंड ऑफ 32 में संयुक्त राज्य अमेरिका के रस्टिन वाइजर को हराया। इसके बाद उन्होंने अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। बावा ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मलेशिया के लो वा सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि यह विश्व जूनियर चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया दूसरा पदक है।

# अंतिम के कोचों के नाम नहीं, उषा ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंघाल के कोचों के नाम शामिल न करने पर डब्ल्यूएफआई की तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना





भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि समिति ने पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों को भेजी गई लंबी सूची में पहलवान अंतिम पंघाल के कोचों के नाम नहीं दिए। आईओए की प्रतिक्रिया खेलों के लिए अंतिम के पसंदीदा कोचों को वीजा मंजूरी मिलने में देरी के मद्देनजर आई है।

हिसार में प्रशिक्षण लेने वाली 19 साल की पंघाल पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान थीं। उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में जगह बनाई थी। अंतिम चाहती हैं कि उनके कोच भगत सिंह और विकास तथा फिजियोथेरेपिस्ट हीरा उनके साथ यात्रा करें। उषा ने कहा अंतिम ने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सितंबर 2023 की शुरुआत में ही भारत को ओलंपिक कोटा दिला दिया था। कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति ने अपनी समझदारी से ओलंपिक खेल आयोजन समिति को भेजे गए नामों की लंबी सूची में अंतिम के कोच या फिजियोथेरेपिस्ट का नाम शामिल नहीं करने का फैसला किया। पहलवानों को तीन अगस्त को पेरिस पहुंचना है और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को दो अगस्त को बायोमेट्रिक्स के लिए समय मिला है।

आईओए ने दिसंबर 2023 में अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा को तदर्थ पैनल का प्रमुख नियुक्त किया था जबकि एमएम सोमाया तथा मंजूषा कंवर इसके अन्य सदस्य हैं। आईओए अध्यक्ष ने पर्याप्त ध्यान नहीं देने के लिए साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। उषा ने कहा यह अजीब बात है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने खिलाड़ियों, कोचिंग और सहयोगी स्टाफ की लंबी सूची को मंजूरी दी थी उन्होंने भगत सिंह या हीरा या विकास को शामिल करने की सिफारिश करना उचित नहीं समझा। कुछ दिन पहले अंतिम के पिता आईओए में आए, उसके बाद ही मैंने मंत्रालय से उन्हें मंजूरी दिलवाई।

इस बीच आईओए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि पंघाल को वीएफएस के पास जाने के बजाय आईओए से हस्तक्षेप के लिए संपर्क करना चाहिए था। अधिकारी ने कहा अगर वह हमारे पास आती तो हम फ्रांसीसी दूतावास से अनुरोध करते और यह आसानी से हो जाता क्योंकि दूतावास बहुत सहायक है। हम हस्तक्षेप करते और समाधान की तलाश करते लेकिन मुझे लगता है उन्हें किसी ने गुमराह किया है। आईओए प्रमुख ने समर्थन के लिए फ्रांसीसी दूतावास की सराहना की।

# पेरिस ओलंपिक : पदकों के सफर को हैं तैयार हम

## 117 भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों की सूची जारी, निशानेबाजी दल के प्रमुख होंगे गगन नारंग, आभा बाहर

PARIS 2024

ओलंपिक 8 दिन शेष

**72** अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को दी गई है मंजूरी

**17** सदस्य शामिल हैं एथलेटिक्स के सहयोगी स्टाफ में

**72** सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मिली है मंजूरी

**67** सहयोगी स्टाफ के सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं शामिल

**29** खिलाड़ी सर्वाधिक एथलेटिक्स के हैं जिनमें 11 महिला और 18 पुरुष

**11** महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी निशानेबाजी दल में हैं शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है।

विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली आभा खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। कुछ दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया था। अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि चोट लगने, डोपिंग उल्लंघन या किसी अन्य तकनीकी समस्या के कारण उनका नाम हटाया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ियों को उम्मीद के अनुरूप मंजूरी मिल गई। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। खेल मंत्रालय की ओर से आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है ओलंपिक खेल 2024 की आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों में पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं।

पत्र में कहा गया है कि खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है और उनके ठहरने की व्यवस्था होटल-खेल गांव के बाहर के स्थानों में की गई है। आभा खटुआ का नाम शामिल नहीं होने के बावजूद खिलाड़ियों की सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे। निशानेबाजी दल में 11 महिला और 10 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं।

मीराबाई चानू दल में शामिल एकमात्र भारोत्तोलक हैं। तोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। चोपड़ा पेरिस में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे। दल में शामिल में 21 अधिकारियों में 11 खेल गांव में रुकेंगे जबकि बाकी अधिकारी खेल गांव के बाहर होटल में ठहरेंगे। इनका खर्च सरकार वहन करेगी।

एथलेटिक्स में सहयोगी स्टाफ के 17 सदस्य शामिल हैं। उसके बाद कुश्ती (12), मुक्केबाजी (11), हॉकी (10), टेबल टेनिस (9), बैडमिंटन (9), गोल्फ (7), घुड़सवारी (5), तीरंदाजी (4), नौकायन (4), भारोत्तोलन (4) टेनिस (3), तैराकी (2) और जूडो (1) का नंबर आता है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि पेरिस में भारतीय दूतावास में एयर अताशे पद पर कार्यरत एयर कमोडोर प्रशांत आर्य ओलंपिक अताशे होंगे, जिनके पास मान्यता पत्र होगा तथा वह दूतावास की सहायता और हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए खेल गांव और प्रतियोगिता स्थलों का दौरा करेंगे।



# दक्षिण एशिया के लिए दीपा प्रतिनिधि नियुक्त

- लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एशियाई पैरालंपिक समिति ने लिया फैसला



**नई दिल्ली।** भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की 34वीं कार्यकारी बोर्ड बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपा मलिक तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी।

भारत की पूर्व पैरालंपिक समिति प्रमुख की नियुक्ति से कार्यकारी बोर्ड में महिला प्रतिनिधियों की संख्या पांच हो गई है जो एपीसी के इतिहास में बोर्ड में महिलाओं का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। एपीसी के अध्यक्ष माजिद रशीद ने कहा हमारे कार्यकारी बोर्ड की बैठकों में महिलाओं की संख्या में इजाफा होना सकारात्मक कदम है, विशेषकर जब डॉक्टर दीपा मलिक के अनुभव, कौशल और जानकारी रखने वाली कोई महिला इसमें शामिल हो। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना होगा। दीपा ने कहा दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मेरे लिए शानदार मौका है। भारत लंबे समय से 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नेतृत्वकर्ता रहा है और अब इस बड़े परिवार में योगदान देने के लिए आगे बढ़ने का सही समय है।

# मेयर ने सफाई दिखाने के लिए सीन नदी में लगाई डुबकी

**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने महीनों पहले किए गए अपने वादे को पूरा करते हुए नौ दिन बाद शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक के दौरान तैराकी स्पर्धाओं की मेजबानी के मद्देनजर सीन नदी की स्वच्छता दिखाने के लिए बुधवार को इसमें डुबकी लगाई। वेटसूट पहनकर हिडाल्गो ने अपने कार्यालय सिटी हॉल और नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास नदी में छलांग लगाई। पेरिस 2024 के प्रमुख टोनी एस्टांगुएट और पेरिस क्षेत्र के शीर्ष सरकारी अधिकारी मार्क गिलियूम भी उनके साथ शामिल थे। हिडाल्गो ने नदी से बाहर निकलते हुए कहा पानी बहुत अच्छा है। थोड़ा ठंडा है, लेकिन इतना खराब नहीं है। यह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले नदी की स्वच्छता दिखाने का प्रयास है जिसमें सीन नदी पर नावों पर खिलाड़ियों की परेड भी शामिल है। जून के शुरू में जल गुणवत्ता जांच में ई कोलाई बैक्टीरिया का असुरक्षित स्तर मिला था जिसके बाद हाल ही में सुधार हुआ। नदी की स्वच्छता के लिए डेढ़ अरब डॉलर का खर्चा किया गया है। जिससे हर दिन नदी के पानी की जांच की जा रही है और हाल में जांच के परिणामों में सुधार दिखा है।

# ओलंपिक में स्वच्छंद होकर खेलें : कपिल

- भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को दी सलाह
- ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग का दूसरा सत्र दो से सात सितंबर तक होगा



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान और भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के अध्यक्ष कपिल देव ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को 26 जुलाई से शुरू हो रहे खेलों के महाकुंभ में स्वच्छंद होकर खेलने की सलाह दी और उम्मीद जताई कि देश पेरिस में दोहरे अंक में पदक जीतेगा। पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व 117 सदस्यीय दल करेगा और देश को तोक्यो में जीते सात पदकों की संख्या को बेहतर करने की उम्मीद है।

ट्रिनिटी गोल्फ चैंपियन्स लीग (टीजीसीएल) के दूसरे सत्र की घोषणा के मौके पर कपिल ने कहा मैं किसी खिलाड़ी के लिए कुछ नहीं कह सकता, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं दे सकता हूं और उम्मीद करता हूं कि हम इस साल और अधिक पदक जीतेंगे और यह महत्वपूर्ण है। सभी को मेरी सलाह होगी कि वे जाएं और खुद को जाहिर करें, स्वच्छंद होकर खेलें। हम क्यों उम्मीद नहीं करेंगे कि हम दोहरे अंक में पदक जीतेंगे। कपिल ने हालांकि भारतीय क्रिकेट और नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर पर टिप्पणी करने से परहेज किया। अगर गौतम गंभीर वह पद संभाल रहे हैं तो मैं उन्हें और टीम को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

# ओलंपिक से पहले ग्रीक एथलीट का डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव

**एथेंस।** पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली ग्रीस की टीम का एक एथलीट डोपिंग टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। ग्रीस के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (ईओकेएएन) के सूत्रों के अनुसार, टीम के फ्रांस की राजधानी पेरिस के लिए रवाना होने से पहले किए गए परीक्षणों के बाद महिला ट्रैक और फील्ड एथलीट के सकारात्मक परीक्षण की पुष्टि की गई थी। एथलीट के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। नियमों के अनुसार आरोपी एथलीट दूसरे नमूना परीक्षण के लिए कह सकता है। कुल 101 ग्रीक एथलीटों ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले आगामी खेलों के लिए टिकट कटाया है। ट्रैक और फील्ड टीम में 14 एथलीट शामिल हैं, जिनमें से 10 महिलाएं हैं।


## बॉलीवुड हलचल



# वॉर 2 में खुफिया एजेंट बनेंगी कियारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी फिल्म वॉर 2 में खुफिया एजेंसी के एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म वॉर में ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फैंस इस फिल्म के सेकेंड पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। वॉर-2 में ऋतिक रोशन के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में मार्च के महीने से शुरू की थी। दोनों ने मई के महीने में वॉर 2 के फर्स्ट शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। वॉर 2 के सेकेंड शेड्यूल की शूटिंग हैदराबाद में रामोजी फिल्म सिटी में होगी, जहां एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी। इस शूटिंग में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के साथ कियारा भी होंगी। कहा जा रहा है कि कियारा आडवाणी वॉर 2 खुफिया एजेंसी से जुड़े किसी एजेंट की भूमिका निभा सकती हैं।यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

# विक्रम भट्ट की फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट की आने वाली हॉरर फिल्म ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डिज्नी हॉट स्टार और महेश भट्ट प्रस्तुत ब्लडी इश्क में अविका गौड़ और वर्धन पुरी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। विक्रम भट्ट निर्देशित यह फिल्म 26 जुलाई को डिज्नी हॉट स्टार पर रिलीज होगी। ब्लडी इश्क का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ब्लडी इश्क के ट्रेलर की शुरुआत एक सुनसान आईलैंड और उस पर बने एक हवेली से होती है। इसके बाद अविका की आवाज सुनाई देती है, जहां वह वर्धन से पूछती हैं कि इस आईलैंड पर और कौन रहता है? वर्धन जवाब देते हैं, कोई नहीं। ट्रेलर के आखिर में इसकी पुष्टि भी हो जाती है। एक लड़की आत्मा अविका से कहती है कि यह भुतहा हवेली है। लेकिन अब सवाल ये है कि ये लड़की कौन है? उसकी आत्मा क्यों भटक रही है? और वह अविका के पीछे क्यों पड़ी है?

## बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे, बीटीएस वीडियो रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान के प्रदर्शन के नौ साल पूरे होने पर इस फिल्म का एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) वीडियो रिलीज किया गया है। कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान 17 जुलाई 2015 को प्रदर्शित हुयी थी। बजरंगी भाईजान में सलमान खान, करीना कपूर और हर्षाली मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बजरंगी भाईजान के नौ साल के सफर को याद करते हुए मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो रिलीज किया है। यह वीडियो दोस्ती और इस खास फिल्म को बनाने में लगी मेहनत को दर्शाता है। इस वीडियो में हल्के-फुल्के तरीके और मजाक मस्ती के बीच बनी फिल्म की झलकियां देखने को मिल रही हैं।

# श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीम करेगी न्यूजीलैंड का दौरा

**क्राइस्टचर्च।** आगामी सत्र में श्रीलंका, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया की टीम न्यूजीलैंड का दौरा करेगी। इसके अलावा इंग्लैंड के साथ तीन मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज की घोषणा पहले ही हो चुकी है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम घरेलू सीजन के दौरान छह वनडे और आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगी, जबकि महिला टीम छह वनडे और छह टी-20 में भाग लेगी। गर्मियों के दौरान न्यूजीलैंड सिर्फ इंग्लैंड के साथ ही टेस्ट सीरीज़ खेलेगा जबकि सितंबर और दिसंबर के बीच न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान (एक टेस्ट), श्रीलंका (दो टेस्ट) और भारत (तीन टेस्ट) के साथ टेस्ट सीरीज खेलेगी।

2025-26 सीजन में न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर केवल वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलना है। इंग्लैंड सीरीज के बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम दिसंबर के अंत से जनवरी के मध्य तक श्रीलंका के साथ टी-20 और वनडे सीरीज खेलेगा। इसके बाद उनकी टीम पाकिस्तान में एक त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक तैयारी की तरह होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वे मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में सीजन के अंतिम चरणों के दौरान पाकिस्तान की मेजबानी पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए करेंगे, जो मैच संभवतः आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। न्यूजीलैंड की महिला टीम क्रिसमस से कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

# आईसीसी ने छह देशों को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार के लिए चुना

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023 के वैश्विक विजेताओं में शामिल हैं मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को आईसीसी डेवलपमेंट पुरस्कार 2023 के वैश्विक विजेताओं की घोषणा जिसमें छह उभरते हुए देश मेक्सिको, ओमान, नीदरलैंड, यूएई, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान शानदार प्रदर्शन के अलावा महत्वपूर्ण पहल के लिए 21 उभरते हुए देशों में से छह को पुरस्कारों के लिए चुना गया और इनका चयन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया।

इस साल विजेताओं का चयन अप्रैल में घोषित क्षेत्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची से किया गया जिसे आईसीसी के पूर्ण सदस्य अधिकारियों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और आईसीसी वैश्विक भागीदारों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा चुना गया जिसमें प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वरिष्ठ खेल पत्रकार मोना पार्थसारथी भी शामिल हैं। आईसीसी डेवलपमेंट (विकास) पुरस्कार 2002 में शुरू किये गये थे जो एसोसिएट सदस्य देशों में खेल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किये गये काम के लिए दिए जाते हैं। मेक्सिको क्रिकेट संघ को अग्रणी परियोजानओं के लिए आईसीसी डेवलपमेंट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसने भारत में स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अपनी एक टीम भेजी थी। साथ ही उन्होंने मेक्सिको में कैदियों के पुनर्वास और उनके जीवन में बदलाव के लिए क्रिकेट सत्र आयोजित किए।

ओमान क्रिकेट को क्रिकेट4हर कार्यक्रम के लिए 100% क्रिकेट फीमेल क्रिकेट इनिशिएटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया जो महिलाओं और लड़कियों को अवसर प्रदान करता है। नीदरलैंड को भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और प्रतिस्पर्धा करने के शानदार प्रयास के लिए आईसीसी एसोसिएट मेंबर पुरुष परफोरमेंस ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# विश्वास मत पर फैसला रविवार को

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 21 जुलाई को संसद में संविधान के अनुसार आवश्यक विश्वास मत हासिल करेंगे। ओली (72) ने सोमवार को चौथी बार इस हिमालयी देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

मायरिपब्लिका समाचार पोर्टल ने सीपीएन-यूएमएल के मुख्य सचेतक महेश बरतौला के हवाले से बताया कि ओली ने रविवार को विश्वास मत हासिल करने का फैसला किया है। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली को नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा। संभावना है कि ओली ऐसा आसानी से कर लेंगे, क्योंकि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सरकार बनाने के लिए न्यूनतम संख्या 138 है। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।



- नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से ओली को विश्वास मत हासिल करना होगा

### सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

ओली के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही घंटों के भीतर तीन अधिवक्ता – दीपक अधिकारी, खगेंद्र प्रसाद चापागेन और शैलेंद्र कुमार गुप्ता ने नेपाल के उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर करते हुए उनकी नियुक्ति को चुनौती दी। दलील दी कि यदि अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार बनी सरकार प्रतिनिधि सभा में शक्ति परीक्षण में विफल रहती है तो राष्ट्रपति को अनुच्छेद 76 (3) के तहत नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्रारंभिक सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है।

## थाइलैंड के होटल में मृत मिले लोगों के रक्त में साइनाइड के अंश

**बैंकॉक।** बैंकॉक के एक होटल में संदिग्ध हालात में मृत मिले छह लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने रक्त में साइनाइड के अंश मिलने की बुधवार को पुष्टि की। साइनाइड के सेवन के बाद बच पाना लगभग नामुमकिन है। चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के मेडिकल स्कूल में फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. कोर्नकियाट वोंगपाइसरनसिन ने कहा कि सिटी स्कैन में शवों पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं जिससे यह अनुमान पुष्ट होता है कि उन्हें जहर दिया गया। बैंकॉक के व्यस्त इलाके में स्थित ग्रैंड हयात इरावन होटल में मंगलवार को छह शव पाए गए थे।

# मॉरीशस के साथ भारत की अटूट प्रतिबद्धता

पोर्ट लुई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉरीशस के विपक्षी नेता अरविन बूलेल सहित वहां के शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उनसे द्वीपीय राष्ट्र के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। विदेश मंत्री के रूप में अपने वर्तमान कार्यकाल में यह उनका पहला दौरा था। विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा था यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और गहराई को रेखांकित करता है। यह मॉरीशस के साथ भारत की विशेष और स्थायी साझेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का भी अवसर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बूलेल के साथ मॉरीशस-भारत संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर चर्चा की।

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यात्रा के दौरान शीर्ष राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की
- हिंद महासागर क्षेत्र की समृद्धि और कल्याण के लिए महत्व पर दोनों देशों के नेताओं ने चर्चा की



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मॉरीशस के विपक्ष के नेता अरविन बूलेल से मुलाकात की। • एजेंसी

### पूर्व प्रधानमंत्रियों से मिले

जयशंकर ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पॉल बेरेन्जर और नवीन रामगुलाम से भी मुलाकात की। पूर्व प्रधानमंत्री पॉल बेरेन्जर से मिलकर अच्छा लगा। समकालीन वैश्विक मुद्दों पर जीवंत बातचीत हुई। भारत-मॉरीशस संबंधों के लिए उनके समर्थन की सराहना करता हूं। बेरेन्जर 2003 से 2005 तक मॉरीशस के प्रधानमंत्री रहे। जयशंकर ने एक्स पर लिखा बुधवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम से मिलकर खुशी हुई। हमारी दीर्घकालिक द्विपक्षीय साझेदारी और आगे विकास की व्यापक इच्छा पर चर्चा की।

## एक नजर

### डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में राष्ट्रपति को करेगी नामित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह में डेमोक्रेट्स ऑनलाइन मतदान कराने की कोशिश करेंगे। पार्टी में कुछ लोग बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन पर मैदान से हटने के लिए दबाव डाल रहे हैं। हालांकि दौड़ से हटने के इन लोगों के आह्वान को ठुकरा दिया है। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति शुक्रवार को अपनी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी और अगले सप्ताह इन्हें अंतिम रूप देगी।

### अमेरिकी सीनेटर मेनेंडेज भ्रष्टाचार मामले में दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संघीय अदालत ने डेमोक्रेटिक सीनेटर बॉब मेनेंडेज को मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी करार दिया है। मेनेंडेज पर नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज-बेंज सहित हजारों डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप था। न्यूयॉर्क में संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि विदेश संबंध समिति के प्रमुख रह सीनेटर ने विदेशी सरकारों की मदद करने के बदले में रिश्वत स्वीकार की।

### इराक में अमेरिकी सेना के हवाईअड्डे पर ड्रोन से हमला

**बगदाद।** इराक के पश्चिमी अनबर प्रांत में अमेरिकी सेना के ऐन अल-असद हवाईअड्डे पर मंगलवार को दो ड्रोन ने हमला किया। इराकी सेना के अधिकारी ने बताया कि ड्रोन ने हवाईअड्डे की परिधि पर हमला किया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इराकी बलों ने अपना अलर्ट स्तर बढ़ा दिया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### चीन ने हथियार नियंत्रण वार्ता स्थगित की

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि उसने अमेरिका के साथ हथियार नियंत्रण एवं अप्रसार वार्ता स्थगित कर दी है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि स्वशासित ताइवान को अमेरिका हथियारों की बिक्री जारी रखे हुए है। चीन, ताइवान के एक बागी प्रांत होने का दावा करता है। लिन ने कहा चीन हथियार के मुद्दे पर अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने का इच्छुक है। लेकिन इस शर्त पर कि उसके मूल हितों का सम्मान हो।


# ट्रंप के खिलाफ सच बोलना जारी रखूंगा

## राष्ट्रपति बाइडेन ने राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का किया आह्वान

लास वेगास, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करने का आह्वान किया। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि ऐसा करने का यह मतलब नहीं है कि हम सच बोलना बंद कर दें।

लास वेगास में एनएएसीपी सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि देश में राजनीतिक हिंसा से निपटने का मतलब हर तरह के खूनखराबे पर लगाम लगाना, पुलिस की क्रूरता का बेहतर मुकाबला करना और ट्रंप पर बीते सप्ताहांत हुए हमले में इस्तेमाल एआर-स्टाइल राइफल जैसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाना होना चाहिए। देश में एक महत्वपूर्ण चर्चा का समय आ गया है। हमारा राजनीतिक परिदृश्य बहुत गरमा गया है। और चार साल के नारों के बीच उन्होंने कहा सिर्फ इसलिए कि हमें अपनी राजनीतिक बयानबाजी में कड़वाहट कम करनी चाहिए, क्योंकि यह हिंसा से संबंधित है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें सच बोलना बंद कर देना चाहिए। सम्मेलन में राष्ट्रपति अश्वेत मतदाताओं के लिए अपने प्रशासन के समर्थन को प्रदर्शित करते नजर आए, जो डेमोक्रेटिक पार्टी का बड़ा वोट बैंक होने के साथ ही उनके दृढ़ समर्थक भी माने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के पद पर ट्रंप के कार्यकाल को अश्वेत अमेरिकियों के लिए नर्क करार दिया। बाइडेन ने कोरोना वायरस महामारी के कुप्रबंधन, लॉकडाउन के दौरान बढ़ी बेरोजगारी और अश्वेत इतिहास को मिटाने के कथित प्रयासों को लेकर भी ट्रंप प्रशासन पर निशाना साधा।



### ट्रंप को हेली का समर्थन

**मिलवाउकी।** रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया है। हेली (52) ने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए ट्रंप (78) के खिलाफ प्रचार किया था।

### बीमारी पर पद की दौड़ से हो सकते हैं बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेट्स के बीच पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पद छोड़ने की बढ़ती मांग के परिप्रेक्ष्य में जो बाइडेन ने हाल ही में एकमात्र ऐसी बात का खुलासा किया है जो उन्हें 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर कर देगी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार डेमोक्रेट्स ने 81 वर्षीय बाइडेन से जून में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस में उनकी आलोचना को लेकर किए गए प्रदर्शन के मद्देनजर राष्ट्रपति पद की दौड़ छोड़ने का आग्रह किया है। बाइडेन ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है और उन अफवाहों को खारिज कर दिया है कि वह अगले राष्ट्रपति के पद के लिए अयोग्य हो सकते हैं।

### बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में खो रहे समर्थन

**वाशिंगटन।** निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 14 प्रमुख राज्यों में समर्थन खो रहे हैं। इन राज्यों के लोग नवंबर के चुनावों से पहले धीरे-धीरे अपने पूर्ववर्ती और प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की ओर रुख कर रहे हैं। सीएनएन ने बुधवार को पोल डेटा का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। ब्लूलैब्स पोलस्टर द्वारा आयोजित, अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा वित्त पोषित और सीएनएन द्वारा प्राप्त सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन में बाइडेन से आगे निकल रहे हैं, जिसे मौजूदा राष्ट्रपति 2020 के चुनाव में अपने पक्ष में करने में कामयाब रहे थे।

## ट्रंप की हत्या की साजिश में संलिप्तता से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश संबंधी आरोपों को खारिज किया लेकिन साथ ही एक प्रतिष्ठित जनरल की 2020 में की गई हत्या के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का संकल्प जताया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नसीर कनानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक गणराज्य शहीद जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के अपराध में ट्रंप की सीधी भूमिका के लिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

सुलेमानी, ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर कुद्स फोर्स के कमांडर थे और जनवरी 2020 में बगदाद में अमेरिका के ड्रोन हमले में मारे गए थे। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि शनिवार को पेनसिल्वेनिया में हुई रैली से कुछ दिनों पहले ईरान से ट्रंप की जान को खतरे के कारण उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी लेकिन इसका रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या की कोशिश से कोई संबंध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सैयद इरावनी ने मंगलवार को आरोपों को निराधार बताया था।

# संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भिड़े रूस-अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर पश्चिमी देशों को हथियार का डर दिखाकर अपने पाले में रखने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में बाधा डालने का मंगलवार को आरोप लगाया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत ने इसे रूस का पाखंड करार देते हुए कहा कि अपने पड़ोसी यूक्रेन पर हमला करने वाला देश वैश्विक सहयोग की बात कर रहा है। यह आरोप-प्रत्यारोप इस महीने रूस द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। इसका विषय था अधिक न्यायपूर्ण, लोकतांत्रिक और टिकाऊ विश्व व्यवस्था के लिए बहुपक्षीय सहयोग।

रूस के विदेश मंत्री लावरोव बैठक की अध्यक्षता करने के लिए मास्को से संयुक्त राष्ट्र आए। बैठक से ठीक पहले, संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्जी किस्लित्स्या ने अमेरिका समेत करीब 50 देशों की ओर से एक बयान पढ़ा। संयुक्त बयान में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के रूस द्वारा घोर उल्लंघन और उसके द्वारा बहुपक्षीय व्यवस्था के संरक्षक के रूप में खुद को प्रस्तुत करने के कुटिल प्रयास से विचलित नहीं होना चाहिए।

देशों ने यूक्रेन के विरुद्ध रूस की कार्रवाई, संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए रूस को उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य सहायता देने तथा संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों के प्रभावी रहने के दौरान ईरान की ओर से नियमों के उल्लंघनों की निंदा की। बयान में कहा गया रूस की निरंतर अवैध कार्रवाइयां और घोर पाखंड बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को कमजोर करते हैं और क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाते हैं, तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।




- रूस की वैश्विक सहयोग पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक को अमेरिका ने बताया पाखंड
- रूस ने पश्चिमी देशों को बताया अमेरिकी बंधक

# एलन मस्क स्पेसएक्स और एक्स के मुख्यालय को करेंगे स्थानांतरित

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि वह स्पेसएक्स तथा सोशल मीडिया मंच एक्स का मुख्यालय कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर रहे हैं। एक्स पर मस्क ने लिखा कि वह स्पेसएक्स को कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को से ऑस्टिन स्थानांतरित किया जाएगा।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने सोमवार को एक नए कानून पर हस्ताक्षर किए जिसके बाद मस्क ने यह फैसला किया है। यह नया कानून जिला स्कूलों के कर्मचारियों को बच्चों की लैंगिक पहचान बदलने के बारे में उनके माता-पिता को जानकारी देने की आवश्यकता पर रोक लगाता है। मस्क ने लिखा मैंने करीब एक वर्ष पहले गवर्नर न्यूसम को स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार के कानून कंपनियों तथा परिवारों को अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कैलिफोर्निया छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे। वाहन विनिर्माता कंपनी टेस्ला का कॉर्पोरेट मुख्यालय भी 2021 में कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो से ऑस्टिन स्थानांतरित कर दिया गया था। उद्योगपति ने कहा कि उन्होंने अपना आवास भी कैलिफोर्निया से टेक्सास स्थानांतरित कर लिया है, जहां कोई राज्य व्यक्तिगत आयकर नहीं है।



- कैलिफोर्निया के हॉथोर्न से टेक्सास के स्टारबेस ले जाने की योजना बना रहे

### व्हाट्सएप हेतु स्पीड डायल जैसी सुविधा की घोषणा

**वाशिंगटन।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने हाल ही में व्हाट्सएप के लिए एक नई सुविधा का अनावरण किया जो स्पीड डायल की तरह काम करता है और उपयोगकर्ताओं को अपने संचार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। डब्ल्यूएबेटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, नया फीचर एक पसंदीदा फिल्टर है जो उपयोगकर्ताओं को इंस्टेंट मैसेजिंग एप के भीतर महत्वपूर्ण चैट, ग्रुप और कॉल को प्राथमिकता देने में सक्षम बनाये रखेगा। जुकरबर्ग (40) ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से यह घोषणा की।

## कोविड टीकों से जुड़े समझौतों की नहीं दी पर्याप्त जानकारी

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ की सामान्य अदालत ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय आयोग ने जनता को दवा कंपनियों से कोविड-19 रोधी टीकों की खरीदारी के संबंध में हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी। यह फैसला यूरोपीय संसद में होने वाले एक महत्वपूर्ण मतदान से एक दिन पहले आया है, जिसमें यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन एक बार फिर इस पद पर निर्वाचित होने की उम्मीद कर रही हैं। ईयू के सांसदों के एक समूह ने कोरोना काल में दवा कंपनियों और यूरोपीय आयोग के बीच कोविड-19 रोधी टीकों की खरीद को लेकर हुए समझौतों के बारे में पर्याप्त जानकारी देने से आयोग के इनकार के बाद अदालत का रुख किया था। महामारी ने ईयू और बड़ी दवा कंपनियों के बीच टीकों की खरीदारी को लेकर होने वाली बातचीत में पारदर्शिता के मुद्दे पर प्रकाश डाला है।

# महाराजा के अभिभाषण से संसद शुरू

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के ऐतिहासिक आम चुनाव के कुछ दिन बाद, बुधवार को महाराजा चार्ल्स तृतीय ने संसद को संबोधित किया और आगामी वर्ष के लिए लेबर पार्टी की नयी सरकार की विधायी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। नई सरकार के संसदीय एजेंडे को निर्धारिते करने वाले अभिभाषण में करीब 40 विधेयकों और अन्य नीतिगत प्राथमिकताओं का जिक्र था जिन्हें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर लागू करना चाहते हैं।

अभिभाषण के मुख्य आकर्षण आर्थिक विकास, गृह निर्माण और रेलवे के राष्ट्रीयकरण जैसे मुद्दे रहे। इसके साथ ही इसमें देश में धन का सृजन और कामकाजी लोगों के जीवन स्तर में सुधार पर जोर दिया गया है। सरकार द्वारा तैयार भाषण को पढ़ते हुए 75 वर्षीय महाराजा ने कहा मेरी सरकार का विधायी कार्यक्रम मिशन-आधारित होगा और सुरक्षा, निष्पक्षता और सभी के लिए अवसर के सिद्धांतों पर आधारित होगा। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा आर्थिक विकास सुरक्षित करना बुनियादी मिशन होगा।



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में संसद के राजकीय उद्घाटन पर अभिभाषण से पहले राजा चार्ल्स ||| और रानी कैमिला अपने सिंहासन पर बैठते हुए।

### कई दिनों तक होगी चर्चा

नए संसदीय सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। दोनों सदनों- कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स – में अभिभाषण पर कई दिनों तक चर्चा होगी और उसके बाद मतदान कराया जाएगा। सरकार का जोर देश के हर हिस्से को बेहतर बनाने में मदद करने पर है।

### प्रीति बन सकती हैं नेता

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल (52) संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष के नेता के रूप में कंजर्वेटिव पार्टी में दावा पेश कर सकती हैं। सुनक इस्तीफे के बाद संसद के राजकीय उद्घाटन समारोह में अंतरिम विपक्षी नेता के रूप में शामिल होंगे।

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों पर कार्रवाई की सिफारिश

पुणे, एजेंसी

चर्चित पोर्श कार हादसे के आरोपी नाबालिग को जमानत देने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित समिति ने प्रक्रियागत खामी को लेकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। एक अधिकारी ने बुधवार को जानकारी दी।

पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई को कथित तौर पर शराब पीकर तेज रफ्तार से लग्जरी पोर्श कार चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। जेजेबी सदस्य एलएन दानवडे द्वारा 300 शब्दों में सड़क सुरक्षा पर आलेख लिखने सहित मामूली शर्तों पर आरोपी को जमानत दिए जाने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर हंगामा शुरू हो गया था।

इसके बाद महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने आरोपी नाबालिग को जमानत देने वाले जेजेबी के दो सदस्यों के आचरण की जांच करने के लिए समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियों, कदाचार और नियमों का अनुपालन नहीं किए जाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। डब्ल्यूसीडी द्वारा गठित समिति ने जांच के तहत जेजेबी के दोनों सदस्यों के बयान को भी दर्ज किया।

### पोर्श कार हादसा

- नाबालिग को जमानत देने के मामले में प्रक्रियागत खामी को लेकर कार्रवाई की तैयारी

खगोल विज्ञान | दिलचस्प सुपर-अर्थ दुनिया में जीवन बसाने की है उम्मीद

# ब्रह्मांड में मिल गई एक और नई सागर से भरी दुनिया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक ऐसी दुनिया का पता चला है, जो बर्फ से घिरे अकूत पानी के सागर से लबालब है। हूबहू पृथ्वी जैसे सागरों की मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। इस ग्रह पर जीवन की संभावना हो सकती है।

एक अदद जीवनयोग्य धरती की तलाश में खगोलविद संघर्षरत हैं और उनका संघर्ष किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की आस का ढांढस बंधाती है। पिछले करीब तीन दशक के अंतराल में पांच हजार से अधिक बाहरी ग्रहों पता लगाने में खगोलविद सफल रहे हैं। जिनमें से कई पर जीवन बसाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, लेकिन इस दिशा में लंबा समय लगना है। जिसमें दशकों ही नही बल्कि सदी भी लग सकती है। मगर जरूरी है कि अभी से प्रयास किए जाएं और यही हमारा वैज्ञानिक वर्ग कर भी रहा है। अब जो दुनिया मिली है, उसका नाम एलएचएस 1140 बी दिया है। यह ग्रह हमसे लगभग 48 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी की तरह अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ग्रह एक सुपर अर्थ महासागरीय दुनिया है। संभवतः बर्फ से घिरि हुई है या फिर बर्फ से ढकी भी हो सकती है। तरल जल इस धरती पर जीवन की संभावना को प्रबल बल देता है। अभी तक के अध्ययन से पता चलता है कि यह एक्सोप्लैनेट रहने योग्य क्षेत्र में है। यह सम्भवना भी जताई जा रही है कि यह बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा या शनि के चंद्रमा एन्सेलाडस के समान हो सकता है। बहरहाल आगे के अवलोकन करने के बाद इसकी वास्तविकता का सही पता चलेगा। माना जा रहा है कि यह हमारे सौर मंडल के बाहर पाया जाने वाला पहला संभावित रहने योग्य समुद्री संसार वाला ग्रह होगा।



पृथ्वी के साथ सुपर अर्थ ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### एलएचएस 1140 बी खोज

मॉन्ट्रियल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप और अन्य अंतरिक्ष आधारित दूरबीनों के सहयोग से एलएचएस 1140 बी खोज हुई है। इसका वातावरण पृथ्वी की तरह नाइट्रोजनयुक्त है। साथ ही हाइड्रोजन भी है। 10 जुलाई को द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में ये निष्कर्ष प्रकाशित किया गया है।

# गरीब देशों को वित्तीय मदद की सख्त जरूरत

बाकू (अजरबैजान), एजेंसी

अजरबैजान में नवंबर में होने वाली जलवायु वार्ता के लिए मनोनीत अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने बुधवार को विश्व नेताओं से कहा कि गरीब और आपदाग्रस्त देशों के लिए एक नया वित्तीय सहायता पैकेज बहुत जरूरी है।

अजरबैजान के पारिस्थितिकी मंत्री मुख्ता बाबायेव ने कहा अगर समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही हमारी धरती। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष जलवायु अधिकारी सिमोन स्टील ने ग्रेनेडा में तूफान से ध्वस्त अपने गृहनगर कैरियाकौ में बढ़ते अनियंत्रित जलवायु नरसंहार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की एक भावुक अपील की। विश्व नेताओं को लिखे पत्र में बाबायेव ने कहा कि अमीर से गरीब देशों के लिए जलवायु वित्तीय सहायता का नया अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्य सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने लिखा कि किसी प्रकार के नए वित्तीय समझौते के लिए जमीनी काम करने के वास्ते जर्मनी में जून में हुई बैठकों में आवश्यक प्रगति नहीं हुई।




- संरा जलवायु वार्ता प्रमुख ने कहा समय बीत गया तो न जान बचेगी, न आजीविका और न ही धरती